
सुप्रभात
रांची, शनिवार
31.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 315



12 पाकिस्तान हाफिज और मसूद को सौंपे

**न्यूज डायरी**

### जैक बोर्ड : इंटर साइंस व कॉमर्स का रिजल्ट आज

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल आज 31 मई को इंटरमीडिएट साइंस और कॉमर्स परीक्षा के परिणाम घोषित करेगा। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन दोपहर 12.30 बजे जैक परिसर में परिणाम जारी करेंगे। विद्यार्थी रिजल्ट जैक की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### नीट-पीजी परीक्षा एक पाली में हो : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-नीट-पीजी दो पालियों के स्थान पर अब एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने निर्देश दिया कि वे एक ही पाली में परीक्षा कराने की व्यवस्था करें और यह सुनिश्चित करें कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

### जातीय जनगणना से पूर्व जातियों की सूची बनेगी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार जातीय जनगणना से पहले जातियों की सूची बनाएगी, ताकि सुनियोजित डाटा तैयार हो। जातियों पर राजनीतिक सहमति के लिए इसे सर्वदलीय बैठक में भी रखा जाएगा। राजनीतिक पार्टियों के सुझावों-आपत्तियों के आधार पर सूची फाइनल होगी। बता दें कि केंद्र सरकार ने 30 अप्रैल को जातीय जनगणना कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। देश में आजादी के बाद पहली जातीय जनगणना कराई जाएगी। देश में जनगणना की प्रक्रिया 2026 में शुरू होने की संभावना है।

### छह जिलों में डीडीसी नहीं, विकास कार्य प्रभावित

**रांची।** झारखंड के छह जिलों में डीडीसी का पद रिक्त है। इससे विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इन जिलों में राजधानी रांची से लेकर औद्योगिक और धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जिले शामिल हैं। जिन जिलों मे डीडीसी का पद रिक्त है, उनमें रांची, देवघर, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका और कोडरमा जिला है।

### वज्रपात से मनरेगा मजदूर सहित तीन लोगों की मौत

**पलामू।** जिले में शुक्रवार को बारिश के साथ वज्रपात में मनरेगा मजदूर सहित तीन की मौत हो गयी। तरहसी प्रखंड की गुरहा पंचायत के कदमखाड़ में मनरेगा मजदूर रविंद्र सिंह की मौत हुई, जबकि वहीं सतबरवा प्रखंड में गटु भुइयां और शिवराज उरांव की मौत हुई। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि प्रावधान के अनुसार आश्रितों को मुआवजा दिया जाएगा।

### मयूराक्षी नदी में दो मौसेरी बहनों की डूबने से मौत

**दुमका।** जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र स्थित गंदरकपुर गांव में मयूराक्षी नदी में स्नान के दौरान तीन बहनें डूब गयीं। इसमें उमा कुमारी (19) और पूजा कुमारी (14) दोनों की मौत हो गयी, जबकि आस्था कुमारी अपनी जान बचाने सफल रही। यहां मसानजोर डैम के जल अधिग्रहित एरिया का पानी जमा रहता है।

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने कहा

## इस साल स्थानीय निकाय चुनाव हुए तो मिल जायेगा बकाया पैसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया से स्पष्ट कर दिया है कि इस साल झारखंड में स्थानीय निकायों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी तो वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 दोनों का बकाया पैसा मिल जायेगा। श्री पनगढ़िया शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग ने शर्त लगायी थी कि मनी ग्रांट के लिए स्थानीय निकायों का चुनाव जरूरी है। चुनाव नहीं होने के कारण यहां का पैसा रूका हुआ है। अगर इस साल चुनाव हो जायेगा तो दो साल का पैसा भी रिलिज हो जायेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वित्त आयोग सिर्फ सिफारिश ही करता है। ग्रांट सेंट्रल गर्वमेंट के बजट से ही आता है। उन्होंने बताया कि अब योजना आयोग खत्म हो गया है। उनकी जगह नीति आयोग ने ले ली है। 13वें वित्त आयोग ने केंद्रीय करों की राज्य की भागीदारी 32.02 फीसदी देने की सिफरिश की थी। शेष 68 फीसदी हिस्सा सेंट्रल पुल में जाता है। वहीं 15वें वित्त आयोग ने केंद्रीय करों में राज्य की भागीगारी 41 फीसदी करने की अनुशंसा की थी। अब झारखंड सरकार केंद्रीय करों में 50 फीसदी भागीदारी की मांग कर रहा है।



**केंद्रीय करों की हिस्सेदारी में 50 प्रतिशत की मांग**

| हिस्सेदारी के घटक | 16वें वित्त आयोग में |
|---|---|
| केंद्रीय करों में हिस्सेदारी | 50 प्रतिशत |
| जन संख्या | 17.5 प्रतिशत |
| आमदनी में अंतर | 50 प्रतिशत |
| वन क्षेत्र | 12.5 प्रतिशत |
| जीएसटी मुआवजा | 2.5 प्रतिशत |
| पैसा जुटाने का प्रयास | 2.5 प्रतिशत |
| डेमोग्राफिर परफॉरमेंस | 00 प्रतिशत |



### भाजपा ने वन नेशन वन इलेक्शन की चर्चा की

**रांची।** भाजपा नेता राकेश प्रसाद और सुधीर श्रीवास्तव ने वित्त आयोग से वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने पर बचने वाली राशि को राज्य के विकास में लगाने की मांग की। चुनाव आयोग खुद वन नेशन वन इलेक्शन से देश को होने वाले फायदे बताये। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने मांग की है कि राज्य में फॉल-नदी में डूबने से हो रही मौत को आपदा घोषित किया जाये और वज्रपात में मरने वाले के आश्रितों के समान उनको को भी चार लाख मिले।

### राज्य सरकार ने 3.03 लाख करोड़ की मांग रखी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग से राज्य के विकास के लिए 3 लाख 3 हजार 527 करोड़ रुपये की मांग की। यह राशि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने और आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य को बदलने के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर वित्त आयोग के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इसके पहले आयोग की टीम ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं राज्य सरकार के अधिकारियों संग बैठक की।

आधारभूत संरचना के विकास के लिए 2 लाख 1 हजार 772 करोड़ रुपये।

सामाजिक क्षेत्र में विकास के लिए 44 हजार 447 करोड़ रुपये।

कृषि, वन एवं जल संसाधन क्षेत्र में विकास के लिए 41 हजार 388 करोड़ रुपये।

गृह, पंचायती राज, भूमि सुधार, राजस्व क्षेत्र के लिए 17 हजार 918 करोड़ रुपये।

जीएसटी कंपनसेशन और अन्य मुद्दे

जुलाई 2022 से जीएसटी कंपनसेशन बंद होने से झारखंड को भारी नुकसान हो रहा है। इससे आगामी पांच वर्षों में 61,677 करोड़ के नुकसान का आंकड़ा किया पेश।

कोयला कंपनियों के बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये और मनरेगा मद में बकाया 1300 करोड़ रुपये का मुद्दा भी आयोग के समक्ष रखा गया।

जल जीवन मिशन क्षेत्र में भी 5235 करोड़ रुपये की राशि बकाया है।

अतिरिक्त मदद की आवश्यकता

झारखंड जैसे खनिज संपन्न राज्यों को अतिरिक्त मदद की आवश्यकता है जो प्रदूषण, उग्रवाद, बेरोजगारी और विस्थापन जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

राज्य सरकार ने केंद्रीय करों में राज्यांश को 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत करने की मांग की है।

आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया ने झारखंड के पीएसयू का 10-12 वर्षों से ऑडिट नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है।

### तीर्थ यात्रा : परिवार संग केदारनाथ धाम पहुंचे मुख्यमंत्री



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को अपनी पत्नी कल्पना सोरेन संग बाबा केदारनाथ की पूजा-अर्चना की। पूजा करने के दौरान सोरेन के दोनों बेटे भी उनके साथ थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ईश्वर से समस्त झारखण्डवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को मुख्यमंत्री अपनी पत्नी और दोनों बेटों के साथ पूजा करने के लिए रांची से केदारनाथ के लिए रवाना हुए थे।

## वित्त वर्ष 2029-2030 तक मंईयां सम्मान योजना ₹10 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनाने में होगी मददगार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की अर्थव्यवस्था वर्ष 2029-30 तक 10 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सीएम हेमंत सोरेन की महत्वकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना सहायक होगी। राज्य सरकार के मंत्री और अधिकारियों ने 16वें वित्त आयोग को राज्य के विकास दर की जानकारी दी। इस मुद्दे पर सरकार की ओर से आयोग को कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद जीएसडीपी के 5,06,356 करोड़ रुपये को होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। वित्तीय वर्ष 2011-12 से 2024-25 के दौरान राज्य का औसत विकास दर 10 प्रतिशत रहे। हालांकि आर्थिक मंदी, सुखाड़ और कोविड से 2015-16, 2019-20 और 2020-21 में राज्य के विकास दर में थोड़ी कमी आयी थी, लेकिन, इस अवधि को छोड़ दिया जाये तो राज्य का औसत विकास दर 14.1 प्रतिशत रहा। इस दर के हिसाब से वित्त वर्ष 2029-30 तक राज्य की अर्थ व्यवस्था 10 लाख करोड़ रुपये की हो जायेगी। राज्य की राजस्व प्राप्ति, राजस्व खर्च के मुकाबले तेजी से बढ़ रहा है। परिणाम स्वरूप राजस्व सरप्लस बढ़ने की दिशा में है। राजस्व सरप्लस को देखते हुए सरकार ने 2024-25 से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की है। मंईयां सम्मान योजना की वजह से राज्य में उपभोग आधारित खर्च बढ़ेगा और महिलाओं का सशक्तिकरण भी होगा। राज्य सरकार ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना वित्त वर्ष 2029-2030 तक झारखंड की अर्थव्यवस्था 10 लाख करोड़ पहुंचाने में सहायक होगी।




## 4 हजार किलो नकली पनीर की खेप हजारीबाग में जब्त

### रांची और हजारीबाग में खपाने की थी योजना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** बिहार से रांची और हजारीबाग के बाजारों में खपाने के लिए भेजे जा रहे 4000 किलो नकली पनीर को हजारीबाग प्रशासन ने जब्त कर एक बड़ा फूड स्कैम को बेनकाब कर दिया। यह जहरीला पनीर दो ट्रैवल बसों में भरकर लाया जा रहा था, जिसे लोगों की थाली तक पहुंचाने की साजिश थी। जानकारी के अनुसार पटना से रांची आ रही बदोनी बस और तिवारी ट्रैवल्स में बख्तियारपुर और मनेर से यह नकली पनीर लोड किया गया था। गुप्त सूचना मिलते ही हजारीबाग खाद्य सुरक्षा विभाग और जिला प्रशासन की टीम हरकत में आ गयी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कुमार और चंद्र प्रकाश दुगी के नेतृत्व में चलाए गए इस ऑपरेशन में नगवा टोल नाका के पास दोनों बसों से 4000 किलो नकली पनीर बरामद किया गया। मौके पर जांच की गयी। जांच में पनीर को पूरी तरह नकली और स्वास्थ्य के लिए घातक पाया गया। जिला प्रशासन की ओर से दोनों बस ऑपरेटरों को नोटिस भेजा गया है, और सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन को जानकारी मिली कि बड़े होटलों और रेस्टोरेंट्स में भी यही नकली पनीर परोसा जा रहा था।

## आइइडी विस्फोट में कोबरा जवान घायल रांची में इलाज जारी

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगल एवं पहाड़ी इलाकों में चलायेज रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को जराईकेला थाना अंतर्गत तिरिलपोसी के जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। भारी दबाव के चलते नक्सली भाग निकले। सर्च अभियान में विस्फोटक, वर्दी आदी सामग्री बरामद की गयी। इसी दौरान नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाए गए आइइडी विस्फोट में कोबरा 209 बटालियन के एक जवान सुनील कुमार घायल हो गए। घायल जवान की स्थिति स्थिर है और प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया। बता दें कि ओड़िशा के केबलांग थाना क्षेत्र के लौह अयस्क खदान ले जा रहे विस्फोटक लदे ट्रक को नक्सलियों ने दो दिन पहले लूट लिया था। जिसके बाद दोनों राज्यों की पुलिस सुरक्षा बलों के साथ संयुक्त अभियान चला रही थी।

### जंगलराज वाली सरकार की विदाई हुई तो बिहार का तेजी से होने लगा विकास

## ऑपरेशन सिंदूर तरकश का सिर्फ एक तीर, आतंक का फन फिर उठा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**रोहतास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर बिहार की धरती से आतंकवादियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि 'आपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है, आतंक का फन फिर उठेगा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान के आतंकियों के साथ भारत की लड़ाई रुकी नहीं है और न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राण जाए पर वचन ना जाए। यानी एक बार वचन दे दिया तो वो पूरा होकर ही रहता है। बिहार की धरती से देश को वचन दिया था कि आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। बिहार की धरती पर मैंने कहा था, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। आज जब मैं बिहार आया हूं तो अपने वचन पूरा करने के बाद आया हूं। हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है।

### सुरक्षा, शांति रहे तभी खुलते हैं विकास के रास्ते



प्रधानमंत्री कहा कि जब सुरक्षा और शांति होती है तभी विकास के रास्ते खुलते हैं। वह दिन दूर नहीं है जब शांति, सुरक्षा, शिक्षा और विकास गांव-गांव तक बिना रुकावट के पहुंचेगा। इस दौरान श्री मोदी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा और एनडीए सरकार की तारीफ की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 से पहले 125 से ज्यादा जिले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन अब सिर्फ 18 जिले नक्सल प्रभावित बचे हैं। अब सरकार सड़क भी दे रही है, रोजगार भी दे रही है। उन्होंने बिना किसी के नाम लिये जंगलराज की बात करते हुए कहा कि जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में जंगलराज वाली सरकार की विदाई हुई तो बिहार भी विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने लगा। श्री मोदी ने कहा कि पटना के बाद अब दरभंगा में भी एयरपोर्ट शुरू हो गया। पटना एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल बनाने की मांग भी पूरी हो गयी। यहां रेलवे की स्थिति में भी सुधार हो रहा है।

### नाम लिये बिना ही राजद सुप्रीमो की आलोचना की

पीएम मोदी ने राजद और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। नाम लिये बगैर उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव की आलोचना की। कहा कि यह काम पहले भी हो सकते थे, लेकिन जिनपर बिहार को आधुनिक ट्रेन देने की जिम्मेदारी थी उन्होंने रेलवे में भर्ती के नाम पर जमीन लूटी। जमीन लूटना, गरीबों को लूटना, उनकी मजबूरी का फायदा उठाना और खुद राजशाही की मौज करना सामाजिक न्याय के उनके यही तरीके थे। पीएम ने सचेत करते हुए कहा कि बिहार के लोगों को उनसे सावधान रहने की भी जरूरत है।

**पीएम मोदी ने बिहार में 48,520 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया** : पीएम मोदी अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इससे पहले पीएम मोदी खुली गाड़ी पर सवार होकर लोगों के बीच से गुजरते हुए मंच तक पहुंचे। गाड़ी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे।

**कार्टून कोना**




एक शिक्षक, दो बेटियां और शिक्षा की जिद की एक असाधारण कहानी

## डोली रुकी, किताबें खुलीं और इतिहास रच गयीं

**हौसले की उड़ान**

**शंकर यादव**

**चौपारण।** हजारीबाग के चौपारण प्रखंड के जमुनियातरी गांव में समय उस वक्त ठहर सा गया था जब बिरहोर जनजाति की दो बच्चियों, किरण और चानवा की जिंदगी एक ऐसे पुराने मोड़ पर पहुंच गयी थी जो सदियों पुरानी कुप्रथा थी। उनकी शादी तय कर दी गई थी। किताबें बंद होने वाली थीं, और डोली उठने वाली थी, लेकिन तब एक शिक्षक जग्गू यादव ने समाज की इस कुप्रथा को चुनौती दी। शिक्षक जग्गू यादव दौड़ पड़े, बिना वक्त गंवाए दोनों के घर पहुँच गए। उन्होंने माँ-बाप को समझाया, बेटियों के सपनों की बात की, लेकिन जवाब में चुप्पी और नकार मिला। वे मायूस लौटे, पर हारे नहीं। अगली सुबह स्कूल के बरामदे में दोनों बच्चियों की आँखें डबडबाई हुई थीं। किरण और चानवा ने रोते हुए कहा, हमें शादी नहीं करनी। हम पढ़ना चाहते हैं। इन आंसुओं ने जैसे एक चिंगारी सुलगा दी। जग्गू यादव फिर से लड़े, इस बार बेटियों के आँसू उनके हथियार थे और शिक्षा उनका लक्ष्य। आखिरकार, समाज झुका। डोली रुकी, और किताबें खुलीं। इस वर्ष 2025 की गर्मियों में किरण ने 409 अंक (80%) और चानवा ने 332 अंक (66%) लाकर मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त किया। यह सिर्फ अंकों की नहीं, बल्कि सपनों की जीत है। यह उस सोच की विजय है, जिसमें बेटियाँ बोझ नहीं, संभावना हैं।

उपायुक्त और स्थानीय थाना प्रभारी ने दोनों को सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि ऐसी बेटियां समाज की आशा हैं और इनको बढ़ाना हम सब की जिम्मेवारी। थाना प्रभारी ने दोनों को बहन मानते हुए आजीवन साथ देने का वादा किया। मंच पर उनके साथ खड़े थे शिक्षक जग्गू यादव, जिनकी जिद ने दो बच्चियों को नया रास्ता दिया। सपने के पंख दिये। ये सिर्फ परीक्षा नहीं, परंपरा के खिलाफ उठी कलम की क्रांति है। और यह कहानी बताती है कि शिक्षक अगर ठान ले, तो बेटियाँ इतिहास रच सकती हैं।



मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से पास होने पर उपायुक्त ने किया सम्मानित।

## कैप्टन कूल का नया अंदाज : आइपीएल के बाद अब मछली पकड़ते दिखे धोनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आईपीएल से चेन्नई सुपर किंग्स के बाहर होने के बाद महेंद्र सिंह धोनी अपनी सादगी भरी जिंदगी में फिर लौट आए हैं। सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वे मछली पकड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में धोनी काले रंग की टीशर्ट पहने हुए हैं, जिस पर 'ड्यूटी', 'ऑनर' और 'कंट्री' लिखा हुआ है। आपको बता दें, धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं और 2019 में वे जम्मू-कश्मीर में तैनात विक्टर फोर्स के साथ ड्यूटी कर चुके हैं। कहा जा रहा है कि यह नजारा रांची स्थित उनके फार्महाउस का है, जहां वे इन दिनों सुकून के पल बिता रहे हैं।

एमएस धोनी की यह तस्वीर रांची में रहने वाले उनके फैन सुबोध कुमार ने ली है। सुबोध रांची में क्रिकेट एकेडमी चलाते हैं। सुबोध ने बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ धोनी के फार्म हाउस गए थे। इसी दौरान उन्होंने मछली पकड़ते धोनी की यह तस्वीर ली है।



**रिलैक्स मूड में कैप्टन कूल :** रांची में अपने 44 एकड़ के फार्महाउस में खेती, पशुपालन और अब मछली पकड़ना उनका शौक बन गया है। इससे पहले भी वे ट्रैक्टर चलाते और खेत में सब्जियां उगाते नजर आ चुके हैं। धोनी का यह देसी अंदाज फैन्स को काफी पसंद आ रहा है।

# केंद्र प्रायोजित योजनाओं की बकाये का भुगतान हो : राधा कृष्ण किशोर

- वित्त मंत्री ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष राज्य की चुनौतियों और आवश्यकताओं को रखा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों के समक्ष राज्य की चुनौतियों और आवश्यकताओं को रखा। उन्होंने कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। राज्य को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की 70-80 प्रतिशत आबादी अपनी आजीविका के लिये कृषि पर निर्भर है, लेकिन सिंचाई क्षमता की कमी और भू-क्षरण की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 29.74 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। लेकिन मात्र 24.25 लाख हेक्टेयर में ही सिंचाई क्षमता का सृजन हो पाया है। शेष 14.19 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने केंद्र प्रायोजित योजनाओं की बकाये का भुगतान करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड एक रेन शैडो राज्य है और प्रत्येक वर्ष के बाद राज्य को सूखा का सामना करना पड़ता है। राज्य का सामान्य वर्षा 1300 मिमी है। लेकिन मात्र 20 प्रतिशत ही वर्षा जल का संचयन हो पाता है। शेष 80 प्रतिशत वर्षा जल बह कर चला जाता है। जिससे भूजल भंडार पर भी कुप्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि भूजल घटकर वर्तमान में 5.76 बिलियन क्यूबिक मीटर रह गया है और प्रति व्यक्ति वार्षिक जल उपलब्धता 1341 क्यूबिक मीटर है। जो जल तनाव की श्रेणी में आता है। राज्य को जल संचयन और भूजल संरक्षण के लिये विशेष प्रयास करने होंगे।

**झारखंड में स्वास्थ्य चुनौतियां** : झारखंड राज्य उग्रवाद और स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है। राज्य में उग्रवाद की समस्या लंबे समय से चली आ रही है और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। उग्रवाद झारखंड में एक बड़ी चुनौती है, जो सामाजिक-आर्थिक विषमता और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण फलता-फूलता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व और केंद्र सरकार के सहयोग से उग्रवाद पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है। लगभग 200 पुलिस कैंप हैं जो हटाए जाने पर पुनः उग्रवाद पनप सकता है।

### केंद्रीय टैक्स रेवेन्यू में राज्यों की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए : कांग्रेस

**रांची।** 16वें वित्त आयोग की बैठक में कांग्रेस विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूर्यकांत शुक्ला ने शुक्रवार को वित्त आयोग के समक्ष राज्य के विकास के लिए एक मांग पत्र सौंपा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि पार्टी की ओर से यह मांग की गई कि केंद्रीय टैक्स रेवेन्यू में राज्यों की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए। इसके साथ ही झारखंड की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए पैरामीटर फारेस्ट एंड इकोलॉजी को भी बढ़ाया जाए, क्योंकि राजकोषीय प्रयास में झारखंड बेहतर स्थिति में है, इसलिये राज्य का वेटेज पॉइंट में बदलाव कर इसे बढ़ाया जाए। इसके साथ ट्राइबल सब प्लान में मिल रही राशि कम है जिसमें बढ़ोतरी की भी मांग कांग्रेस की ओर से वित्त आयोग के समक्ष की गई है।

### राज्य भर से हजारों आदिवासी-मूलवासी राजधानी पहुंचे, बोले-
## हेमंत सरकार, जो कहा, वो करो



- झारखंड जनाधिकार महासभा के बैनर तले एक-दिवसीय धरना का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा ने शुक्रवार को राज भवन के समीप राज्य सरकार को लंबित घोषणाओं पर चुनावी वादों को याद दिलाने के लिए एक-दिवसीय धरना का आयोजन किया।

धरना की शुरुआत में एलीना होरो ने कहा कि 2024 के विधान सभा चुनाव में भी गठबंधन दलों ने जल, जंगल, जमीन, पहचान और स्वशासन संबंधित कई वादे किए थे। आज फिर से उन्हीं मुद्दों पर लोग सड़क पर आंदोलन करने को मजबूर हैं। आलोका कुजूर ने कहा कि चुनाव में आदिवासी-मूलवासियों ने फासीवादी, सांप्रदायिक और झारखंड विरोधी भाजपा के विरुद्ध इस अपेक्षा के साथ गठबंधन सरकार को चुना था कि जन मुद्दों पर कार्यवाई होगी। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाई नहीं हुई है। बल्कि कई मामलों में तो सरकार ने झारखंडी हित के विपरीत फैसले लिए हैं। यह आदिवासी-मूलवासियों के साथ धोखा है।

सभा को डेमका सोय, हेलन सुंडी, सोमय मार्डी, यूनाइटेड मिली फोरम के अफजल अनीस ने भी संबोधित किया। धरना के अंत में झारखंड जनाधिकार महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। धरना का संचालन रिया तूलिका पिंगुआ और दिनेश मुर्मू ने किया।

## वित्त आयोग के साथ आयोजित बैठक में प्रमुख औद्योगिक संघों को आमंत्रित नहीं करना चिंतनीय : चैंबर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची भ्रमण के दौरान वित्त आयोग के साथ आयोजित बैठक में प्रमुख औद्योगिक संघों को आमंत्रित नहीं करने पर फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और झारखण्ड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसियेशन ने संयुक्त रूप से आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योग जगत की भागीदारी और सुझावों को शामिल किये बिना राज्य के विकास के लिए वित्तीय योजनाएं बनाना प्रभावी नहीं हो सकतीं।

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि आयोग की बैठक में उद्योग विभाग द्वारा प्रदेश के महत्वपूर्ण औद्योगिक संघों को आमंत्रित कर, बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक में भाग लेने से रोकना समझ से परे है। औद्योगिक संगठन राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी भागीदारी से राज्य के विकास के लिए वित्तीय योजनाएं बनाने में मदद मिल सकती है। प्रमुख संघों की अनुपस्थिति में लिये गये निर्णय और बनाई गई योजनाएं राज्य के विकास को प्रभावित कर सकती हैं। आखिर क्या कारण है कि बैठक से पंद्रह दिनों पूर्व उद्योग विभाग (झारखण्ड) द्वारा सभी औद्योगिक संघों को इस बैठक के लिए सूचित किया गया था। किंतु पता नहीं किन कारणों से ऐन मौके पर आयोग की इस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया। उद्योग विभाग द्वारा बैठक की रूपरेखा तय करने के कारणों को समझना मुश्किल है लेकिन यह स्पष्ट है कि प्रमुख संघों की अनुपस्थिति में लिये गये निर्णय राज्य के हित में नहीं हो सकते हैं।

जेसिया के अध्यक्ष अंजय पचेरिवाल ने कहा कि आयोग की महत्वपूर्ण बैठक में उद्योग विभाग द्वारा प्रमुख संघों को आमंत्रित कर, बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक में आने से वंचित किया जाना चिंतनीय है। यह निर्णय न केवल अस्वीकार्य है बल्कि यह भी दर्शाता है कि राज्य के विकास में स्टेकहोल्डर्स की भागीदारी को महत्व नहीं दिया जा रहा है। हमारा मानना है कि उद्योग विभाग को इस बैठक में सभी प्रमुख संघों की उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि राज्य के विकास के लिए प्रभावी निर्णय लिये जा सकें।

## संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ करें न्याय : झामुमो

- वित्त आयोग से झामुमो ने की अहम मांगें
- राज्य की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये केंद्र से विशेष सहायता की अपील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष राज्य के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन, पर्यावरणीय चुनौतियों, केंद्र राज्य संबंधों में संतुलन और क्षेत्रीय विषमताओं को उजागर करते हुये कई अहम मांगें रखी हैं।

झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आयोग के समक्ष आग्रह किया है कि राज्य की विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुये वित्तीय सहायता और संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ न्याय किया जाये।

झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि ये मांगें केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण से भी जुड़ी हुई हैं। पार्टी का मानना है कि यदि वित्त आयोग इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करता है, तो झारखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़ा कदम होगा।

**भौगोलिक और संरचनात्मक चुनौतियों से जूझता झारखंड**

झारखंड एक अनुसूचित जनजाति बहुल राज्य है। जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक पिछड़ा हुआ है। राज्य की भौगोलिक विषमतायें, बड़े हिस्से में फैले नक्सल प्रभावित इलाके और दुर्गम क्षेत्र विकास को महंगा और जटिल बना देते हैं। उन्होंने आयोग का इस ओर ध्यान दिलाया कि वर्तमान कर व्यवस्था में अधिकांश कर संग्रहण केंद्र सरकार के द्वारा किया जाता है। इससे बड़े और विकसित राज्यों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ मिलता है। वहीं, झारखंड जैसे छोटे और संसाधन आधारित राज्यों को अपेक्षित हिस्सेदारी नहीं मिल पाती। झामुमो की मांग है कि करों के बंटवारे में पिछड़े राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाये। उन्होंने खनिज संपदा से भरपूर झारखंड को इसके दोहरे परिणाम भुगतने पड़ते हैं। एक ओर खनन से मिलने वाला बड़ा आर्थिक लाभ केंद्र को जाता है, तो दूसरी ओर पर्यावरण और सामाजिक नुकसान राज्य को उठाना पड़ता है। झामुमो ने यह मांग रखी है कि डीएमएफटी में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाई जाये।

**केंद्र सरकार के उपक्रमों पर भारी बकाया दिलाएं**

झारखंड सरकार के अनुसार केंद्र सरकार के उपक्रमों पर राज्य का करीब 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये बकाया है। इसे लेकर राज्य सरकार ने कई बार पत्राचार किया है। लेकिन, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। झामुमो ने वित्त आयोग से अपील की है कि इस राशि की वसूली में राज्य सरकार की मदद की जाये। झारखंड के कई क्षेत्र अनुसूचित पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आते हैं। झामुमो का कहना है कि जैसे छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों को विशेष अधिकार और सहायता मिलती है। वैसे ही पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों को भी विशेष वित्तीय सहायता दी जानी चाहिये।

**सूखा प्रभावित जिलों को आपदा राहत सहायता की जरूरत**

राज्य के कई जिले हर वर्ष असामयिक या कम वर्षा के कारण सूखा प्रभावित हो जाते हैं। झामुमो ने आग्रह किया है कि इन क्षेत्रों को आपदा प्रबंधन के तहत विशेष सहायता प्रदान की जाए ताकि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व मिल सके।

**सीडी अनुपात में सुधार के लिए विशेष पहल की मांग**

झारखंड में कई वर्षों के प्रयास के बावजूद क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। झामुमो ने वित्त आयोग से आग्रह किया है कि बैंकों को इस दिशा में विशेष निर्देश दिए जाएं ताकि राज्य में ऋण वितरण में वृद्धि हो और आर्थिक गतिविधियों को बल मिल सके।

**घटती केंद्रीय सहायता पर चिंता**

झामुमो ने यह भी कहा कि हाल के वर्षों में झारखंड को मिलने वाली केंद्रीय सहायता में निरंतर गिरावट दर्ज की गई है। यह स्थिति राज्य के विकास के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। वित्त आयोग से आग्रह किया गया है कि राज्य को न्यायसंगत हिस्सेदारी मिले और उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत की जाये।

## सरना धर्मकोड की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य के सभी सांसदों को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने झारखंड राज्य के सभी लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसदों को वर्षों से आदिवासियों के अस्मिता, अस्तित्व, संस्कृति और अपनी पहचान के लिए सरना धर्मकोड की मांग को लेकर पत्र लिखा है।

इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने सांसदों को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षण कराते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा ने विशेष सत्र आहूत कर सर्वसम्मति से 11 नवंबर 2020 बुधवार को आदिवासियों के धार्मिक पहचान, अस्मिता एवं अस्तित्व के लिए आगामी जनगणना कॉलम में अलग से 07वां नंबर सरना धर्म कोड जोड़ने का प्रस्ताव पारित हुआ है। उसी के आलोक में मंत्रीमंडल सचिवालय झारखंड सरकार ने पत्र संख्या- 1382 दिनांक 03 दिसम्बर 2020 को गृह मंत्रालय के सचिव को पत्र भेजा है।

ध्यातव्य है कि झारखंड एक आदिवासी बहुल्य राज्य है। लंबे अरसे से आदिवासी समाज जनगणना कॉलम में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन एवं बौद्ध की तरह आदिवासी धर्म कॉलम में पृथक सरना धर्मकोड शामिल करने की मांग की जा रही है। झारखंड एवं अगल-बगल के राज्यों के साथ देश के अन्य राज्यों में एक बड़ी आबादी सरना धर्म को मानने वाली है। ये लोग प्राचीन परंपरा एवं प्रकृति के उपासक हैं। प्राचीनत्तम सरना धर्म का जीता-जागता धर्म -जल, जंगल और प्रकृति है। सरना धर्म की संस्कृति पूजा, पद्धति आदर्श मान्यताएं प्रचलित सभी धर्मों से भिन्न है। आदिवासी समाज प्रकृति के पूजारी है। पेड़-पौधों, पहाड़ों की पूजा तथा जंगलों को संरक्षण देना अपना धर्म मानते हैं।

आज पूरा विश्व बढ़ते प्रदूषण एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर चिंतित हैं, वैसे समय में जिस धर्म की आत्मा ही प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा है, उसको मान्यता मिलने से भारत ही नहीं पूरे विश्व में प्रकृति प्रेम का संदेश फैलेगा। आदिवासी सरना सुमदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिन्ता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। केशव महतो कमलेश ने राज्य के सभी सांसदों से निवेदन करते हुए कहा कि आपके माध्यम से सड़क से सदन तक आदिवासियों के अस्तित्व, अस्मिता एवं पहचान के लिए एक स्वर में सरना धर्म पृथक कोड की मांग मजबूती के साथ उठाने का कष्ट करेंगे।

### लेवी वसूली से जुड़े दो अन्य मामले में टीपीसी के रीजनल कमांडर आक्रमण को एनआईए ने लिया न्यायिक हिरासत में

**रांची।** चतरा के टंडवा में मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़े केस के बाद टीपीसी के रीजनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ नेताजी को एनआईए के दो और मामलों में न्यायिक हिरासत में लिया गया है। इससे पूर्व आक्रमण को एनआईए कोर्ट में आज पेश किया गया। यह मामला चतरा में लेवी वसूली से जुड़ा है, जिसमें एनआईए 7/ 2018 एवं एनआईए 8/ 2018 ने दर्ज की है।
एनआईए 7/ 2018 में आक्रमण के अलावा कमलेश गंझू, बृजेश गंझू, मुकेश गंझू, कोहराम, लक्ष्मण गंझू, और कर्मपाल गंझू आरोपी शामिल है। वहीं एनआईए 8/ 2018 में आक्रमण के अलावा श्याम भोक्ता, परमजीत, विकास, नागेश्वर गंझू, प्रेम सागर महतो, उचित महतो एवं अमित सिंह आरोपी शामिल हैं। यह मामला एनआईए 7/ 2018 चतरा के हंटरगंज थाना के कांड संख्या 40/ 2025 से जुड़ा है।

## हर स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध हो एंबुलेंस : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि एक ओर केंद्र सरकार आदिम जनजाति जैसे वंचित समुदाय की प्रगति और कल्याण के लिये अनेक योजनाएं और प्रयास कर रही है। वहीं, दूसरी ओर राज्य सरकार इस समुदाय की गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाने तक की व्यवस्था नहीं कर पा रही है।

उन्होंने बताया कि भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गढ़वा अस्पताल रेफर किये गये आदिम जनजाति समुदाय के मरीज को ले जा रही 108 एंबुलेंस बीच रास्ते में खराब हो गई। फिर, घंटों इंतजार के बाद भी दूसरी एम्बुलेंस नहीं पहुंची। इससे मरीज को वापस भवनाथपुर अस्पताल लाना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चिंताजनक बात यह है कि एंबुलेंस की खराबी की जानकारी पहले से जिला प्रशासन को दी गई थी। लेकिन फिर भी सुधार नहीं कराया गया। यह स्थिति बताती है कि वंचित समुदाय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता नहीं दी जा रही।

उन्होंने कहा कि जब तक राज्य सरकार इस तरह की लापरवाही और असंवेदनशीलता को नहीं सुधारेगी, तब तक केंद्र सरकार की योजनाएं भी धरातल पर सफल नहीं हो पायेंगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि सिविल सर्जनों को निर्देश देकर जिलों के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

## इंडी गठबंधन के नेता अब ले रहे फेक न्यूज का सहारा : प्रतुल शाहदेव

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का पराक्रम सिद्ध किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आश्चर्य व्यक्त किया कि इंडी गठबंधन के नेता हताशा में फेक न्यूज पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो दोनों ये कह रही हैं कि भाजपा सिंदूर यात्रा निकालने वाली है। जबकि, यह पूर्णतः फेक न्यूज है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पराक्रम का पूरे विश्व ने लोहा माना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में सैन्य बलों ने दुश्मन के घर के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला किया। पूरे विश्व में भारत की प्रशंसा हो रही है और यह मान लिया गया है कि आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ भारत का यही न्यू नॉर्मल रिएक्शन रहेगा।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता से बदहवास होकर गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज पर भी अपनी प्रतिक्रिया देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा सिंदूर यात्रा निकालने जा रही है। अब तो झामुमो और कांग्रेस भी फेक न्यूज पर प्रेस कांफ्रेंस करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तानियों और आतंकियों को इस बात का करारा जवाब था कि धर्म पूछकर सिंदूर उजाड़ने वालों का क्या हश्र होता है। पूरे देश की जनता ने एक स्वर में इस ऑपरेशन के समय सरकार के साथ खड़े होकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। लेकिन, यह तो राजनीति की गिरावट की हद हो गई कि अब फेक न्यूज पर राष्ट्रीय दल और क्षेत्रीय दल के प्रतिनिधि प्रेस कांफ्रेंस करके प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 5 जून को राजभवन के समक्ष झामुमो का धरना-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनगणना प्रपत्र में अलग 'सरना धर्म कोड' देने की मांग को लेकर झारखंड की सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ज्यादा आक्रामक नजर आ रही हैं। अभी 26 मई को झारखंड कांग्रेस की ओर से राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन और 27 मई को झामुमो की ओर से राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन के कुछ ही दिन बीते हैं कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक और प्रदर्शन की घोषणा कर दी है।



**5 जून को राजभवन के समक्ष झामुमो का प्रदर्शन : सुप्रियो**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि झामुमो ने पहले से ही घोषणा कर रखा है कि अलग सरना धर्म कोड की मांग पूरी होने तक चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उसी कड़ी में 27 मई को राज्यव्यापी आंदोलन के बाद अब 5 जून को राजभवन के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि अलग सरना धर्म कोड जनजातीय समुदाय की पहचान और अस्मिता से जुड़ा हुआ मामला है।

उन्होंने कहा कि पार्टी जनजातीय समुदाय की इस मांग के साथ खड़ी है और 05 जून को राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 5 जून के धरने में मुख्यमंत्री सह जेएमएम के अध्यक्ष हेमंत सोरेन के भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

**सीएम हेमंत के शरीर में आंदोलनकारी का खून : मनोज पांडेय**

क्या अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष खुद 5 जून को सड़क पर उतरेंगे, इस सवाल का सीधा जवाब देने की जगह पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि उनके नेता हेमंत सोरेन के शरीर में उसी आंदोलनकारी का खून दौड़ रहा है जिसने लड़कर अलग झारखंड राज्य का निर्माण करवाया।

उन्होंने कहा कि आज अगर हक और अधिकार की बात आई और जरूरत पड़ी तो एक-एक कार्यकर्ता के साथ कंधा से कंधा मिलाकर मुख्यमंत्री और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन साथ चलेंगे।

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि अलग सरना धर्म कोड की मांग नि्ित रूप से हमारे लिए एक बड़ा मुद्दा है और हम इसे निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने के लिए जोरदार आंदोलन करेंगे।

## सीटू की सीएमपीडीआई शाखा ने 56वां स्थापना दिवस मनाया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेशनल कोल ऑरगेनाइजेशन इम्प्लाइज एसोसियेशन (सीटू) के सीएमपीडीआई शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को सीएमपीडीआई परिसर में अपना 56वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया।

ऑल इंडिया कोल वर्कर फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष तथा जेबीसीसीआई के स्टैंडर्डराइजेशन कमेटी के सदस्य आर.पी. सिंह ने यूनियन का झंडा फहराया।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि सीएमपीडीआई और सीसीएल शाखा के सदस्यों की सहभागिता से यह आयोजन सफल रहा और इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। मौके पर उन्होंने अपने यूनियन द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों एवं कोल इंडिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

इस अवसर पर यूनियन के सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची, सीसीएल-रांची एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के शाखा के प्रतिनिधि/सदस्य कॉमरेड समीर विश्वास, प्रलय भट्टाचार्जी, रोहित सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, विनोद सिंह, सुभाशीष बनर्जी, नरेंद्र सिंह, साजिदा खातून, गीता देवी, सिद्दिकी बेगम आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# तंबाकू को कहें ना; क्योंकि हर वर्ष दुनिया में 80 लाख लोग तंबाकू से होने वाले कैंसर से मरते हैं...

**डॉ स्नेहा झा**

**जमशेदपुर।** हर वर्ष 31 मई को मनाया जाने वाला ह्यविश्व तंबाकू निषेध दिवसह्व न केवल तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की याद दिलाता है, बल्कि हमें यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि आखिर क्यों आज भी करोड़ों लोग इसकी गिरफ्त में हैं। वर्ष 2025 की थीम – आकर्षण को बेनकाब करें – हमें इस छलावे को पहचानने की चुनौती देती है, जिसमें तंबाकू कंपनियाँ वर्षों से नशे को जीवनशैली, ग्लैमर और स्वतंत्रता के नाम पर बेचती आई हैं। यह दिन हमें सच का सामना करने और इस घातक लत के पीछे छिपे झूठ और चालाकी को बेनकाब करने का आह्वान करता है।

एक रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट के रूप में मैं हर दिन तंबाकू से होने वाले विनाश को बेहद करीब से देखती हूँ। कैंसर से छलनी फेफड़े, बीमारी से सड़ चुके गले, और सालों की लत से कमजोर हो चुके दिल–जब ये सब ब्लैक एंड वाइट स्कैन में उभरते हैं, तो वे सिर्फ मेडिकल इमेज नहीं होते। वे अधूरी ज़िंदगियों की अनकही पुकार होते हैं, उन परिवारों की खामोश चीखें होते हैं जिन्हें तंबाकू ने तोड़ दिया। यह सिर्फ एक बीमारी नहीं, एक त्रासदी है–जिसे चाहा जाता तो रोका जा सकता था।

तंबाकू सिर्फ नुकसान नहीं पहुंचाता–यह धोखा देता है। दशकों से विज्ञापन अभियानों ने

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज**






डॉ स्नेहा झा।

धूम्रपान और तंबाकू सेवन को सफलता, विद्रोह और आकर्षण से जोड़कर प्रस्तुत किया है। चमचमाती पैकेजिंग, फ्लेवर्ड विकल्प, और प्रभावशाली हस्तियों के प्रचार ने तंबाकू उत्पादों को खासतौर पर युवाओं के लिए और भी लुभावना बना दिया है। लेकिन इस चमकते हुए नकाब के पीछे छिपा है एक कड़वा सच–हर साल दुनियाभर में 80 लाख से ज्यादा लोगों की मौत तंबाकू से होती है, जिनमें 13 लाख वे लोग हैं जो खुद सेवन नहीं करते, लेकिन दूसरों के धुएँ का शिकार बनते हैं।

भारत में तंबाकू एक गहराता हुआ संकट बन चुका है। हर दस में से लगभग एक भारतीय वयस्क किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करता है, और इसका सीधा परिणाम है सिर, गले और फेफड़ों के कैंसर में बेतहाशा वृद्धि। दुर्भाग्य की बात यह है कि इनमें से अधिकांश मामले तब सामने आते हैं जब बीमारी अंतिम चरण में पहुँच चुकी होती है–जब इलाज सबसे जटिल होता है और उम्मीदें सबसे कम। मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल में हम यह भयावह रुझान साफ देख रहे हैं: पहले जहाँ ये बीमारियाँ उम्रदराज लोगों में देखी जाती थीं, अब युवा मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह न केवल तंबाकू उद्योग की आक्रामक मार्केटिंग का नतीजा है, बल्कि समाज में इसके घातक प्रभावों के प्रति जागरूकता की गंभीर कमी भी उजागर करता है।

इस विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आइए, हम मिलकर तंबाकू के झूठे आकर्षण को बेनकाब करें। युवाओं को वह शक्ति दें जो सच्ची जानकारी से आती है–झूठे ग्लैमर के जाल से नहीं। माता-पिता अपने बच्चों से संवाद करें, शिक्षक तंबाकू के खतरों को शिक्षा का हिस्सा बनाएं, और नीति-निमार्ता ऐसे उत्पादों के विज्ञापन, स्वादयुक्त विकल्पों और सार्वजनिक धूम्रपान पर सख्त प्रतिबंध लागू करें।

हम जैसे स्वास्थ्य संस्थान–मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल सहित–तंबाकू से जुड़ी बीमारियों की जल्दी पहचान, उपचार और नशा मुक्ति के प्रयासों में निरंतर कार्यरत हैं। लेकिन सबसे प्रभावी समाधान वही है जो शुरूआत में ही इस जहर को रोक दे।

तंबाकू हमारे जीवन में कोई जगह नहीं रखता। अब वक्त है कि हम इस खतरनाक जहर को आकर्षण का प्रतीक मानना बंद करें और अपने भविष्य की हिफाजत करें।

स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। सच को अपनाएं। एक ऐसा जीवन चुनें जिसमें तंबाकू के लिए कोई स्थान न हो–स्वस्थ, सशक्त और स्वतंत्र।

**(नोट : लेखिका मेहरबाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, जमशेदपुर में रेडिएशन ऑन्कोलोजी विभाग की प्रमुख हैं।)**

# आयुष्मान योजना के बिल का भुगतान नहीं खुद बीमार होने के कगार पर हैं अस्पताल

- आयुष्मान के तहत हुए इलाज का एक पाई नहीं मिला अस्पतालों को, स्वास्थ्य मंत्री से आइएमए ने लगायी गुहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड के 614 अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत इलाज करने पर करोड़ों रुपये का बिल फरवरी 2025 से बकाया है। कई बार गुहार लगाने पर भी झारखंड के स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज जारी रखना मुश्किल हो रहा है। उक्त जानकारी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आइएमए की जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष डा जीसी माझी और सचिव डा सौरव चौधरी ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर आइएमए हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया जमशेदपुर शाखा के संयोजक डा मनोज यादव, डा राजीव कुमार ठाकुर समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।




संवाददाता सम्मेलन में बायें से डॉ राजीव कुमार ठाकुर, डॉ सौरव चौधरी, डॉ जीसी माझी, डॉ मनोज यादव।

डा सौरव चौधरी ने कहा, हम जानते हैं कि कुछ अस्पतालों के खिलाफ जांच चल रही है किन्तु जो अस्पताल जांच के दायरे में नहीं हैं उनका भुगतान क्यों रोका गया है। ऐसे तक निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज जारी रखना मुश्किल हो गया है। हम झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर भुगतान सुनिश्चित करवाने की मांग करते हैं।

ब्रम्हानंद नारायण मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल के डा मुकेश कुमार ने कहा कि स्थिति कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि फरवरी 2024 से लेकर अब तक अकेले ब्रम्हानंद नारायणा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल का आयुष्मान कार्ड से किये गए इलाज के मद में 10 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। हमलोग अपने यहां किडनी, हार्ट और कैंसर रोगियों का बहुत मुश्किल से इलाज कर पा रहे हैं।

आइएमए हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया जमशेदपुर के संयोजक डा मनोज यादव ने कहा कि झारखंड में निजी और सरकारी कुल मिला कर 750 अस्पताल आयुष्मान कार्ड के तहत गरीबों का इलाज करने के लिए अधिकृत हैं। इनमें से 212 अस्पतालों को बिल में अनियमितता के कारण उनका बिल पेंडिंग कर जांच किया जा रहा है। अब तक इनमें से 76 अस्पतालों को क्लीन चिट मिल चुका है। किन्तु कुछ अस्पतालों की जांच के नाम पर सभी अस्पतालों का बिल भुगतान फरवरी 2025 से बंद है जबकि आयुष्मान योजना नियम के तहत इलाज के 21 दिन पश्चात ही बिल का भुगतान बीमा कंपनी को करना है। अगर आयुष्मान कार्डधारकों के इलाज का बिल जल्द भुगतान नहीं किया जाता तो निजी अस्पतालों का संचालन मुश्किल हो जायेगा।

डा सौरव चौधरी ने कहा कि रांची में तीन जून को स्वास्थ्य मंत्री के साथ आइएमए और आइएमए एचबीआई की बैठक होनी है। अगर इस बैठक में कोई नतीजा नहीं निकलता तो हम आंदोलन के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई करने पर विचार करेंगे।

संवाददाता सम्मेलन में आइएमए जमशेदपुर के अध्यक्ष डा जीसी माझी, सचिव डा सौरव चौधरी, डा मनोज यादव, डा अमित कुमार, डा दीपक कुमार, डा देवेश बहादुर, डा राजीव ठाकुर और डा मुकेश कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## पोटका विधायक संजीव सरदार की पहल पर 8 को तेंतला में निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर

- गंगा मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, डिमना की ओर से 10 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम रहेगी मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पोटका विधायक संजीव सरदार की पहल पर गंगा मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, डिमना रोड-शांकोसाई मानगो की ओर से 8 जून 2025 (रविवार) को तेंतला पंचायत भवन (हाता-टाटा मुख्य मार्ग) में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। इसमें वीर शहीद गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट मुख्य सहयोगी की भूमिका निभायेगा। इस शिविर के प्रभारी सह तुड़ी के ग्राम प्रधान श्याम चरण सरदार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह शिविर जमशेदपुर



के वरिष्ठ जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ नागेंद्र सिंह (एमएस-एफएआईएस) की देखरेख में आयोजित किया जायेगा। इसमें यूरोलॉजिस्ट, ऑर्थोपैडिक, गायनोलॉजिस्ट, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, डेंटल सर्जन, चेस्ट स्पेशलिस्ट समेत 10 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे जिनमें यूरोलॉजिस्ट डॉ हरप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे मजदूरों का शोषण : जोबा माझी

- आरडी रबर रिक्लेम कंपनी के हड़ताली मजदूरों के समर्थन में खड़ी हुई सांसद, श्रम अधीक्षक को दिया कार्रवाई का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सांसद जोबा माझी शुक्रवार को गम्हरिया स्थित आरडी रबर रिक्लेम कंपनी के हड़ताली मजदूरों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पिछले दिनों मजदूर बाजल टुडू के साथ हुए हादसे की जानकारी ली। इसके अलावा कंपनी प्रबंधन से सहयोग की जानकारी ली। मजदूरों ने सांसद को बताया कि कंपनी प्रबंधन का रवैया



रबर कंपनी में पूर्व विधायक अरविंद सिंह के साथ सांसद जोबा माझी।

मजदूरों के प्रति बेहद नकारात्मक हैं। हादसे में एक हाथ गंवा चुके मजदूर बाजल टुडू के इलाज से लेकर मुआवजा देने में कोई रूचि नहीं दिखायी। साथ ही यहां कार्यरत मजदूरों का आर्थिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है। न्यूनतम मजदूरी तक नहीं दिया जाता हैं। सेवानिवृत्त मजदूरों को सालों से लाभ नहीं दिया जा रहा है। मजदूरों की समस्याओं को सुनने के बाद सांसद ने कहा अबुआ सरकार में किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा।

## कांग्रेस ने विद्युत विभाग के डीजीएम सुधीर कुमार से मिल सौंपा मांग पत्र

- पूर्वी सिंहभूम जिले में जर्जर तार, जर्जर पोल, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, केबुल तार से बिजली सप्लाई की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिजली विभाग से संबंधित जनहित के मुद्दे को लेकर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल डीजीएम विधुत विभाग सुधीर



कुमार से मिलकर 13 विषय से संबंधित मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने प्रमुखता के साथ जर्जर तार, जर्जर पोल, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, केबुल तार से बिजली सप्लाई देने, विधुत कर्मचारियों को जनहित में संवेदनशील रहने के विषय उठाया। जिलाध्यक्ष ने बिरसानगर, बागुननगर, बागुनहातु, बारीडीह बस्ती, प्रेमनगर, लक्ष्मीनगर, क्षेत्र में बार-बार लोडशेडिंग हो रहा है।

## बीएनएमएच में कोविड-19 से संक्रमित एक भी मरीज भर्ती नहीं है : प्रबंधन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल, तामुलिया ने स्पष्ट किया है कि उनके यहां कोविड संक्रमित एक भी मरीज भर्ती नहीं है। प्रबंधन ने यहां जारी एक बयान में कहा, हमारे संज्ञान में यह बात आई है कि एक मीडिया हाउस ने आज पहले पन्ने पर एक भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें यह दावा किया गया है कि एक कोविड-19 मरीज को ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल, टमोलिया में भर्ती किया गया है। ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल के फेसिलिटी डायरेक्टर अक्रिरेड्डी धर्मा राव ने अपने बयान में कहा है, हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि वर्तमान में हमारे अस्पताल में कोई भी कोविड-19 मरीज भर्ती नहीं है। रिपोर्ट में जिन मरीज की बात की गई है, उन्हें वास्तव में सोनारी के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है, न कि ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल में। इस प्रकार की गलत जानकारी से समुदाय में अनावश्यक चिंता फैल रही है और इससे कोविड-संबंधित इलाज की तलाश कर रहे लोगों को भ्रमित किया जा सकता है।

## धर्म के रक्षक, शांति पुंज, मानवता के पुजारी थे गुरु अर्जन देव उनका बलिदान युगों तक देश प्रेम की प्रेरणा देता रहेगा : काले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को साकची काली माटी रोड पर श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के पावन शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित मीठे जल एवं चने की छबील सेवा में सहभागिता की और संगत का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। यह सेवा साकची गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ समाजसेवी सरदार सुरजीत सिंह जी (छीते पाजी), उनके परिवारजनों तथा स्थानीय



श्री गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान दिवस पर छबील में सेवा देते भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले।

व्यापारियों के सहयोग से संपन्न हुई। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि गुरु अर्जन देव जी महाराज के उस अतुलनीय बलिदान की स्मृति है, जिसे उन्होंने देश और धर्म की मयार्दा और राष्ट्र की आत्मा की रक्षा के लिए सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने न केवल सिख पंथ को नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि जुल्म के शासन के दौरान गलत को गलत कहते हुए सम्पूर्ण मानवता को सत्य, सहिष्णुता और साहस का मार्ग दिखाया। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज का बलिदान इस बात का प्रतीक है कि जब भी धर्म, सत्य और राष्ट्र पर संकट आता है, संत और महापुरुष अपने प्राणों की आहुति देकर भी मानवता की रक्षा करते हैं। आज जब राष्ट्र अनेक प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है, सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रहार, सामाजिक विषमता और मानसिक भ्रम, ऐसे समय में गुरु अर्जन देव जी जैसे ब्रह्मज्ञानी संतों के बलिदान को स्मरण करना नितांत आवश्यक है। काले ने कहा कि जो राष्ट्र अपने गुरुओं का बलिदान भूल जाता है, वह कभी गौरवशाली भविष्य नहीं गढ़ सकता।

## स्पीड न्यूज

### महिला से पचास हजार रुपये की छिनतई



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड के सरायकेला थाना अंतर्गत कोलाबीरा स्थित बैंक ऑफ इंडिया से पैसा निकाल कर घर जा रही विपुला महतो नामक महिला से बाइक सवार बदमाशों द्वारा 50,000 रुपए की छिनतई कर ली गयी। इस वारदात को अंजाम शुक्रवार की सुबह करीब 11.15 बजे कोलाबीरा टीओपी से महज दो सौ फीट की दूरी पर ही दी गयी।


### हल्दीपोखर के हाजी बसीर अंसारी का निधन

**पोटका।** प्रखंड के हल्दीपोखर निवासी हाजी बसीर अंसारी (84) का निधन हो गया है। हाजी बसीर अंसारी इन दिनों बीमार चल रहे थे। इनका इलाज ब्रह्मानंद अस्पताल तामोलिया में चल रहा था। गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। मरहूम हाजी बसीर अंसारी की छवि समाजसेवी की थी। वे गरीब, दीन दुखियों का हमेशा सहयोग करते थे। निधन पर पूर्व मुखिया सैयद जबीउल्लाह, उप मुखिया शाहिद परवेज, ग्राम प्रधान मो असलम, अ.रहमान, सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है। मरहूम बसीर अंसारी अपने पीछे पांच पुत्र और तीन पुत्रियों को पीछे छोड़ गये हैं।

### दो दुकानों में लगी आग सारे सामान हुए खाक

**गम्हरिया।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के लार्ज सेक्टर स्थित टाटा स्टील के गेट नंबर एक के समीप बीते गुरुवार की रात असामाजिक तत्वों द्वारा एक झोपड़ीनुमा सेफ्टी आइटम्स की दुकान और उससे सटे बंद पड़े झोपड़ीनुमा होटल में आग लगा दी। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों झोपड़ियां अगल-बगल में ही थी। बंद पड़ा होटल रमन साह का है जो रोजगार की तलाश में इन दिनों गुजरात गये हुए हैं। जबकि पास ही सेफ्टी आइटम्स की दुकान भवेश सिंह अपने बेटे अमर कुमार सिंह के साथ चलाते थे।

### बिहार में सवर्ण आयोग का गठन : डीडी त्रिपाठी



**जमशेदपुर।** सवर्णों के लिए राजनैतिक एवं संवैधानिक सुरक्षा की मांग को लेकर पूरे देश में अभियान चलाने वाली संस्था सवर्ण महासंघ फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने भाजपा गठबंधन की नीतीश नित सरकार द्वारा बिहार में सवर्णों के लिए संवैधानिक रूप से सवर्ण आयोग का गठन कर भाजपा नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह को सवर्ण आयोग का पहला अध्यक्ष घोषित करने पर खुशी जाहिर की हैं।

### जिले को आत्मनिर्भर बनाना है : चंदन कुमार

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि, पशुपालन, सहकारिता एवं भूमि संरक्षण विभाग की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में इस बात पर पर चर्चा की गई कि कैसे आने वाले समय में जिले को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। कहा कि जिला अंतर्गत जिन-जिन प्रखंडों में एटीएम तथा बीटीएम के पद रिक्त है वहां जल्द से जल्द नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए ताकि नियुक्ति संबंधित कार्य शीघ्र कराया जा सके।

### कॉलोनी के पानी पर एमजीएम की नजर



**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल की शिफ्टिंग डिमना में हो रही है। लेकिन बगैर पानी के पुख्ता कनेक्शन के ही डिमना में बने एमजीएम अस्पताल की शुरूआत हो गयी है। एमजीएम अस्पताल प्रबंधन की नजर आस-पास के इलाके के लोगों को मिल रही पानी पर है। शुक्रवार को डिमना हिलव्यू कॉलोनी के पानी टंकी से पानी लेने के लिए एमजीएम अस्पताल प्रबंधन द्वारा गुपचुप तरीके से पाइप लाइन बिछाया जा रहा था।

## एक नजर में

### डीएमएफटी की योजनाओं को पंचायत स्तर पर लागू करने को लेकर डीडीसी से मिले मुखिया



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को मुखिया संघ, जमशेदपुर के अध्यक्ष राकेश चंद्र मुर्मू के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उप विकास आयुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को एक तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने निम्नलिखित प्रमुख मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा जिसमें प्रमुख मांग थी कि डीएमएफटी योजनाओं को पंचायत स्तर पर लागू किया जाए। पंचायतों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को डीएमएफटी योजनाओं में प्राथमिकता दी जाए एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं में पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। पंचायत वाइस सूची उपलब्ध कराया जाए। संघ की दूसरी मांग थी कि राज्य एवं केंद्र सरकार की पंचायत के 14 विभाग के योजनाओं में पंचायतों की भूमिका को सशक्त किया जाए, जिससे गांवों में सतत विकास संभव हो। तीसरी मांग थी कि मनरेगा का सामग्री मद में बकाया शीघ्र भुगतान किया जाए और पिछले 8-9 महीनों से लंबित सामग्री का शीघ्र भुगतान कर पंचायत व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।

### भाजपा जमशेदपुर महानगर की बैठक में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर हुई चर्चा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में भाजपा के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने एवं विभिन्न संगठनात्मक विषयों को लेकर शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की बैठक साकची स्थित जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षगण शामिल हुए। बैठक में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों के ऐतिहासिक उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में प्रदेश भाजपा की ओर से निर्देशित कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई। बैठक के दौरान पिछले दिनों सोशल मीडिया के सह संयोजक कौस्तव राय द्वारा संगठन को सौंपे गए इस्तीफे को जिला भाजपा द्वारा औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 6 जून को भाजपा जमशेदपुर महानगर के प्रतिनिधिमंडल जिला उपायुक्त से मुलाकात कर शहर की ज्वलंत समस्याओं और व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर विशेषकर ट्रैफिक अव्यवस्था और ध्वस्त कानून-व्यवस्था पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए समाधान की मांग करेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, रेणु शर्मा, महामंत्री अनिल मोदी, संजीव सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली, कार्यालय प्रभारी सुबोध झा, आईटी सेल प्रभारी बिनोद सिंह जी, सह प्रभारी उज्वल सिंह, मीडिया सह प्रभारी अखिलेश सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मंजीत सिंह, एससी मोर्चा अध्यक्ष रमेश बास्के, एसटी मोर्चा अध्यक्ष पोरेश मुखी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री दीपू शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### मानगो नगर निगम का एंटी प्लास्टिक अभियान जारी, तीन किग्रा प्लास्टिक जब्त, 3000 जुर्माना



**जमशेदपुर।** उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार के निर्देश में आज कार्यालय मानगो नगर निगम के टीम के द्वारा एनएच 33 नेशनल हाईवे के दुकानों में प्लास्टिक छापेमारी अभियान चलाया गया जिसके तहत मानगो नगर निगम के कई क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया एवं 3 किलो प्लास्टिक एवं दो बोरा प्लास्टिक का गिलास जब्त किया गया। इसके एवज में 3000 जुर्माना वसूला गया तथा प्लास्टिक रखने वाले पथ विक्रेताओं एवं ट्रेड लाइसेंस नहीं रखने वाले,दुकानदारों, प्रतिष्ठान मालिकों को चेतावनी दी गयी। साथ ही प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं प्लास्टिक के सामान पर सामान नहीं देने की चेतावनी दी गयी। मानगो नगर निगम द्वारा तमाम थोक एवं खुदरा विक्रेताओं को अपील की जाती है कि प्लास्टिक का उपयोग न करें। मौके पर नोडल पदाधिकारी कार्यालय कर्मी, रोहित एक्का, सुजीत सिंह मौजूद थे।

### सरायकेला संसदीय कार्यालय में सांसद ने सुनी आम लोगों की समस्याएं, दिये जरूरी निर्देश



**सरायकेला।** सांसद जोबा माझी ने शुक्रवार को सरायकेला के पुराना जिला परिषद स्थित संसदीय कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुई और समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की। सांसद से मुलाकात करने वाले ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलने, सड़क निर्माण, पेयजल समस्या एवं अन्य को लेकर आवेदन सौंपा। इस मौके पर सांसद जोबा माझी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और प्रत्येक शुक्रवार को कार्यालय में आवश्यक रूप से उपस्थित रहने को कहा। सांसद ने कार्यकर्ताओं से कहा मेरी अनुपस्थिति में समस्या लेकर आने वाले ग्रामीणों के आवेदन को गंभीरता से लेंगे और संबंधित विभाग से वार्ता कर समाधान का प्रयास करेंगे। सांसद ने कहा अगर कोई कार्य अति आवश्यक हो तो मुझसे दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं। कहा कि हमारी कोशिश संसदीय कार्यालय को समाधान कार्यालय के रूप में विकसित करने की है ताकि आम लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस अवसर पर झामुमो नगर अध्यक्ष शम्भू आचार्य, भोला महंती, सचिव तपन कामिला, श्रीधर सिंहदेव, पंकज साव, केपी सोरेन आदि उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### पति पर दूसरी महिला से प्रेम संबंध का आरोप



**पाटन पलामू।** प्रखंड के इमली निवासी कुंती देवी (32) ने पति सकेंदर सोनी पिता अजय सोनी पर ठीक से नहीं रखने का आरोप लगाया है। कुंती ने पाटन थाना में आवेदन देकर कहा है कि शादी 2010 में सकेंदर से हुई थी। मेरे तीन बच्चे हैं। पति शादी के बाद से कभी ठीक से नहीं रखे। वह जालंधर में काम करते हैं। वहीं दूसरी औरत के साथ उनका प्रेम संबंध है। वह कभी कभार घर आते हैं और खर्च भी नहीं देते। उन्होंने न्याय की गुहार लगायी है।

### स्वच्छता अभियान को लेकर ग्राम सभा

**मोहम्मदगंज।** माहवारी स्वच्छता अभियान को लेकर गांवों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शनिवार से ग्राम सभा होगी। बीडीओ रणवीर कुमार के अनुसार शनिवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे मोहम्मदगंज और एक बजे से कादलकुर्मी पंचायत मुख्यालय में ग्राम सभा होगी। 2 जून को पंसा और रामबांध, 3 कोल्हुआ-सोनबरसा, भजनियां जबकि 4 को लटपौरी व गोड़ाडीह पंचायत मुख्यालय में इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर तय कार्यक्रम के अनुसार मुखिया ग्राम स्तर पर जागरूकता बढाने का काम करेंगे।

### जोत कोड़ नहीं करने देने का आरोप

**पाटन पलामू।** प्रखंड के शोले टोला बजोरा निवासी रमेश मेहता व सुदेश्वर मेहता ने पाटन थाना के इंस्पेक्टर से पहल कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि शिवपूजन महतो अपनी खतियानी जमीन बताकर मुझे अपनी जमीन पर जोत कोड़ नहीं करने दे रहा है। साथ ही जमीन पर नहीं जाने दे रहा है। भुक्तभोगी ने पाटन थाना इंस्पेक्टर से पहल कर कार्रवाई की मांग की है। ताकि उसे न्याय मिल सके।

### अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर कमेटी की हुई बैठक



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडलीय मैदान हुसैनाबाद स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर कमेटी की बैठक मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक में पूर्व विधायक कमलेश सिंह भी थे। उन्होंने मंदिर के रखरखाव व पुजारी को एक निश्चित राशि प्रतिमाह देने का प्रस्ताव रखा। निर्णय लिया गया कि मंदिर कमेटी के सभी सदस्य मिल कर पुजारी को एक निश्चित राशि देने व मंदिर में होने वाले सभी खर्च का वहन करेगी। मौके पर अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कार्यकारणी समिति सदस्य राम प्रवेश सिंह, अखिलेश्वरी सिंह, रामप्रवेश सिंह, सतेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, वशिष्ठ सिंह उर्फ बबलू सिंह, विनय पासवान थे।

### बारी और कुलिया में वज्रपात से दो लोगों की मौत, शोक की लहर



**सतबरवा/ लेस्लीगंज, पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बारी और कुलिया में शुक्रवार को वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गयी। जानकारी मिलते पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आर एम सी एच मेदिनीनगर भेज दिया है। बारी मुखिया निरोत्तम कुमारी ने बताया कि पार घाट टोला के गटु भुइयां (40) बारिश के दौरान घर के बाहर रखे लोहा पाइप से बना खटिया को भींगने से बचाने के लिए घर के अंदर ला रहा था इसी दौरान वज्रपात के चपेट में आ गया जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दूसरी ओर बोहिता के कुलिया निवासी शिवराज उरांव (50) खेत में मवेशी चरा रहा था इसी दौरान बारिश होने लगी। बचने के लिए महुआ पेड़ के नीचे छिपा हुआ था। अचानक वज्रपात में उसकी भी मौत हो गयी। सी ओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के आश्रितों को मुवावजा दिया जायेगा।

### विधायक के सौजन्य से मनातू में चार रूम व एक शौचालय का भूमि पूजन



**मनातू (पलामू)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनातू के प्रांगण में जिला योजना डीएमएफटी योजना अंतर्गत जिला पलामू के मनातू में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चार कैमरा एवं शौचालय निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। मौके पर पांकी विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मनातू प्रतिनिधि उदेश यादव, जिप सदस्य प्रदीप चावला, मनातू ने पूजा अर्चना व नारियल फोड़ भूमि पूजन व शिलान्यास किया। मौके पर डॉ डीके सिंह, डॉ प्रकाश गुप्ता, विजय यादव, छोटू यादव, भाजपा के महामंत्री सरवन शर्मा एवं कई कार्यकर्ता थे। हॉस्पिटल बनाने वाली कंपनी आलम इंटरप्राइजेज चार रूम एवं एक शौचालय का टेंडर ली है, जिसकी राशि 55 लाख है। मनातू प्रतिनिधि ने कहा कि ग्रामीण कई वर्षों से मनातू में हॉस्पिटल बनाने की मांग कर रहे थे।

### देश रक्षा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस : सुबोधकांत सहाय




**मेदिनीनगर।** कांग्रेस देश भर में जयहिंद सभा कर रही है। इसके तहत कार्यक्रम के संयोजक सह झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के नेतृत्व में जय हिंद सभा समाहरणालय परिसर में की गयी। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री सुबोध कांत सहाय, पलामू प्रभारी विनय सिन्हा समेत कई नेता थे। श्री त्रिपाठी ने सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए कहा कि भारतीय सेना जिस प्रकार से पाकिस्तान पर अपना दबदबा बनाये हुए था उसे तीन दिन और समय मिलता तो पीओके भारत के कब्जे में होता। श्री सहाय ने कहा कि जब भारत अंगेजी हुकूमत से स्वतंत्र हुआ उस समय भारत पाकिस्तान का बंटवारा हुआ। उसी समय से दोनों देश एक दूसरे के दुश्मन बन गये। कश्मीर की लड़ाई हारने के कगार पर पाकिस्तान पहुंच चुका है। भारतीय सेना लाहौर, करांची में घुसकर कई बार अंजाम दे चुका है इसके बाद भी पाकिस्तान अपने नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 के तहत हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में बनेंगी 16 सड़कें

- राज्य सरकार की उदासीन रवैया पलामू एवं गढ़वा की बदहाल विद्युत व्यवस्था का जिम्मेवार : बीडी राम

नरेंद्र / अनूप






**हैदरनगर / मोहम्मदगंज, पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र अतंर्गत भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधोरी एवं रानीदेवा तक 92 करोड़ 3 लाख 86 हजार रूपए की लागत से बनने वाली लगभग 17.372 किमी लंबी सड़क का शिलान्यास ब्लॉक मोड़ पर किया। उक्त सड़क केंद्रीय अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) से निर्मित होगी। विदित है कि उक्त सड़क निर्माण हेतु लंबे समय से यहां की जनता मांग करती आ रही थी जो सांसद के अथक प्रयास से आज संभव हो पाया। हैदर नगर पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आयोजित इस शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर संबोधन के दौरान सांसद श्री राम ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 के तहत पलामू जिला में चयनित 53 सड़क (143.175 किमी) लागत 1 अरब 91 करोड़ 7 लाख से स्वीकृत होने वाला है। उक्त सड़कों में विशेषकर हुसैनाबाद विस क्षेत्र में16 सड़कें बनवायी जायेंगी। पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनाबाद विस क्षेत्र की जनता के वर्षों पुरानी मांग को पूर्ण करने हेतु प्रयासरत हूं जिसके तहत हुसैनाबाद जपला सिमेंट फैक्ट्री की खाली पड़ी भूमि पर रेलवे एक्सल की फैक्ट्री लगाने हेतु भी प्रयासरत हैं। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को पत्राचार किया गया है। उन्होंने हैदरनगर रेलवे क्रॉसिंग फाटक 50 सी पर एलएचएस निर्माण में बताया कि इसकी स्वीकृति हुयी थी, परंतु उक्त एलएचएस निर्माण से जनता की कठिनाईयों का निवारण नहीं हो पा रहा था।

# अभी जनहित के कई बड़े कार्य बाकी हैं, मैं सभी कामों को प्राथमिकता के आधार पर करूंगा : संजय यादव

गौतम पटेल

- विधायक ने विधावर से गजिबिहारा तक पक्की सड़क का किया शिलान्यास

**हुसैनाबाद पलामू।** विधायक संजय कुमार सिंह यादव के द्वारा बीरधवर नौका टोला नहर पुल से गजीबिहरा गांव तक रोड का शिलान्यास किया गया। इस दौरान विधायक ने आने वाले समय में कई बड़ी जनहित के कार्यो को कराने की बात कही उन्होंने कहा शिक्षा स्वास्थ्य, सिचाई,व सड़क के लिए पूरे विधानसभा मे रोड मैप तैयार की जा रही है आने वाले समय मे जनता को बड़ी सौगात मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सड़क व पुल पुलिया तो रोजमर्रा की योजना हैं। मैं विधानसभा क्षेत्र में कुछ अलग कार्य को करूंगा। उन्होंने सिंचाई व स्वास्थ्य, शिक्षा की प्राथमिकता में रखने की बात कही उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास से मुझे जिताया हैं उस पर शत-प्रतिशत खरा उतरूंगा। उन्होंने मोहम्मद गंज हैदरनगर भाया कोलुहा पंसा सड़क का शिलान्यास करने की बात कही।

मौके पर प्रदेश महासचिव रवि यादव, कलाम खान, अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद खा, प्रखंड अध्यक्ष पचू रजवार, गणेश प्रसाद,युवा प्रखंड अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बच्चन बैठा, अर्जुन यादव, अरविंद मेहता, मंजय मेहता, कनिएअभियन्ता धीरेन्द्र कुमार, पथ निर्माण के एसडीओ विजय राम आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व कई नेता उपस्थित थे।



कार्यक्रम की आधारशिला रखते विधायक व अन्य।

### लठेया में लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज का निःशुल्क चिकित्सा शिविर

# 348 मरीजों को मिली राहत

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, विश्रामपुर के तत्वावधान में गुरुवार को लठेया स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में एक भव्य निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस जनसेवी पहल के अंतर्गत कुल 348 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ परामर्श, दवा वितरण एवं आवश्यक जांच सेवाएं उपलब्ध करायी गयी।

मौके पर अस्पताल के अधीक्षक डॉ नित्यानंद ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं वंचित समुदायों को प्राथमिक स्तर पर निःशुल्क तथा उत्तम स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना है ताकि समय रहते उपचार संभव हो सके और बड़ी बीमारियों से बचाव किया जा सके। लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल समर्पित भाव से समाज को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ कमलेश चंद्रा, अनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ बशिष्ठ नारायण, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भारद्वाज, सर्जन डॉ राहुल कुमार, डॉ सरफराज, डॉ संदीप, डॉ लिपिका और डॉ अपर्णा शामिल रहे।

इसमें डॉ अभिषेक प्रसाद का विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा। प्रशासनिक व्यवस्था की निगरानी अस्पताल प्रशासक नितीश चंद्रवंशी और जेआर एडमिनिस्ट्रेटर संदीप चंद्रवंशी द्वारा की गई। साथ ही नर्स अनुपम कुमारी, आंचल कुमारी, सुषमा कुमारी और मार्केटिंग प्रतिनिधि कुंदन चंद्रवंशी सहित अन्य टीम सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के समापन पर विद्या विहार वाटिका स्कूल के महानिदेशक डॉ. रामरेश यादव ने शिविर में शामिल सभी डॉक्टरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके समर्पण की सराहना की।




निःशुल्क चिकित्सा शिविर में उपस्थित लोग।

# नीति आयोग ने स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया और अन्य महिलाओं के साथ बनायी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र अधीन कार्यरत स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया एवं अन्य महिलाओं के साथ नीति आयोग ने बाल विवाह पर रोक लगाने तथा चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो स्वास्थ्य मिशन से जुड़े लोगों की बैठक की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ ने की, संचालन नीति आयोग के जिला प्रतिनिधि द्वारा की गयी। बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, नीति आयोग के जिला प्रोजेक्ट एसोसिएटेड निरंजन कुमार गुप्ता, जल सहिया प्रीति गुप्ता, कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन, बीपीआरओ रमेश मेहता, एसबीएम मनजीत कुमार, दीपक कुमार, मनरेगा बीपीओ आरजू तमन्ना, विशाल कुमार के अलावा कई पदाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पंचायत सचिव पुष्पा कुमारी, रूपमाला कुमारी, कांति कुमारी, मुखिया रिंकी यादव, सरिता देवी, ममता गुप्ता, पंचायत के महिला कर्मियों के अलावे मोहन ठाकुर, सहिया साथी सुनीता देवी, जितेंद्र ठाकुर सरवरी खातून, संजू बाला प्रेमचंद प्रसाद गुप्ता मौजूद थे। मौके पर बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि बाल विवाह कुप्रथा है, छोटी उम्र में शादी होने के बाद बच्ची को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने बाहर कमाने जाने वाले मजदूरों का रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद श्रम विभाग से कार्ड बनवा कर ही बाहर कमाने के लिए भेजने के लिए पहल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाहर जाने वाले बाल मजदूरों पर रोक लगनी चाहिए।




बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

# गवर्नर से मिले झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रतिनिधि

खबर मन्त्र संवाददाता

### पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा



**विश्रामपुर (पलामू)।** राजभवन में झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रथम संशोधन नियमावली - 2019 के पूर्व के स्थापित विद्यालयों पर जमीन की बाध्यता समाप्त कर इन्हें आरटीई 2009-11 के तहत मान्यता देने, प्रथम संशोधन नियमावली 2019 के तहत संथालपरगना एवं छोटानागपुर प्रमंडलों में स्थापित निजी विद्यालयों को जमीन संबंधित बाध्यता दूर करने, वैसे विद्यालय जो 2019 के पूर्व से संचालित हैं और जिन्हें यू-डायस प्राप्त नहीं हो पा रहा है, उन्हें अविलंब यू-डायस निर्गत कर मान्यता देने की प्रक्रिया शुरू करने, स्वतंत्र विद्यालय के वैसे शिक्षक व शिक्षिका जो पांच वर्ष से सेवा देते आ रहे हैं, उन्हें प्रशिक्षित मानते हुये एनआईओएस के द्वारा डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक व शिक्षिका को स्वतंत्र विद्यालयों में अध्यापन कार्य में छूट देने व कमजोर तथा अभिवंचित वर्ग के बच्चों के लिए प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत नामांकन सत्र 2011-12 से निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा आज तक दी जा रही हैं।

# मैथिली भाषा से जुड़ाव को लेकर केंद्रीय विद्यालय पलामू में ग्रीष्मकालीन शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** केंद्रीय विद्यालय पलामू में भारतीय भाषा मैथिली को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को देश की भाषायी विविधता से अवगत कराने हेतु साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन भाषा शिविर का आयोजन किया गया। इस अभिनव पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषायी समझ, सांस्कृतिक संवेदना एवं भाषाओं के प्रति रुचि को विकसित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य माणिक कुमार ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को अंगिका और बांग्ला जैसी अन्य भारतीय भाषाओं की आधारभूत जानकारी दी और भाषायी विविधता की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह शिविर पूर्णतः गतिविधि-आधारित है, जिसमें विद्यार्थियों को खेल, चर्चा एवं संवाद से भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिविर के संयोजक और भाषा शिक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय ने भारतीय भाषा संस्थान (मैसूर) एवं एनसीईआरटी से संयुक्त रूप से निर्मित मैथिली भाषा प्रवेशिका से विद्यार्थियों को मैथिली वर्णमाला, संख्याएं, अभिवादन और दैनिक प्रयोग में आने वाले वाक्यांशों की जानकारी प्रदान की।

### सतबरवा : सड़क हादसे में बुजुर्ग घायल



**सतबरवा।** शुक्रवार की शाम सतबरवा बस स्टैंड के समीप सड़क हादसे में देवा ठाकुर (80) गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस और ग्रामीणों ने उन्हें नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में भर्ती कराया। एएसआई राजीव रंजन ने बताया कि सतबरवा के देवा ठाकुर एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गये। प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया है। एक हाथ फ्रैक्चर है, अंदरूनी चोट है।

### वज्रपात से गाय की मौत, मुआवजे की मांग



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के अंधारीबाग में शुक्रवार को आकाशीय बिजली से उनिता कुंवर की गर्भवती गाय की मौत हो गयी। बताया जाता है कि गाय गांव के बाहर खेत में घास चर रही थी। इस दौरान करीब अपराह्न 3 :30 बजे हल्की बारिश के साथ वज्रपात हुआ। इसकी चपेट में आने से गाय की मौत हो गयी। इससे करीब 30 हजार रुपये की क्षति है। उप मुखिया जनेश्वर यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान ने पीड़ित पशुपालक को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।

### धूमधाम से मनी दुर्गा मंदिर की सातवीं वर्षगांठ



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह में स्थापित दुर्गा मंदिर की सातवीं वर्षगांठ शुक्रवार को धूमधाम से मनायी गयी। पुजारी सतेंद्र मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना करायी, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव ने बताया कि आज ही के दिन पांकी के तत्कालीन विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने इसका उद्घाटन किया था। उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा मंदिर के सातवीं वर्षगांठ पर भंडारा के अलावा 12 घंटे का अखंड कीर्तन होगा। मौके पर उमेश यादव, नीरज पासवान, अनुज चंद्रवंशी, यमुना सिंह, अरुण साहू, महेंद्र मांझी समेत काफी संख्या महिलाओं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### चैनपुर : लूटकांड के दो आरोपी गिरफ्तार



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के चांदो, दुलसुलमा क्रशर प्लांट के समीप अपराधियों ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के खपिया निवासी विश्वंभर भुइयां के पुत्र बबलु के साथ 16 मई को मारपीट कर लूटपाट की थी। जिसकी प्राथमिकी बबलु ने चैनपुर थाना में करायी थी। एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर इंस्पेक्टर जीतराम महली के नेतृत्व में छापेमारी दल ने प्रमोद कुमार रवि पिता स्व केश्वर राम व सुनील कुमार राम पिता निरंजन राम दोनों ग्राम बसरिया कला चैनपुर थाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# संवेदक की लापरवाही से नवनिर्मित सड़क बन गयी लोगों की परेशानी

- पीसीसी पथ पर फैलाये बालू से उड़ रहा धूल,सड़क के दोनों किनारे फ्लैंक नहीं भरने से हो रही दुर्घटना
- कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्याशी ने कार्यपालक अभियंता से मिलकर संवेदक पर की कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** सड़क विकास का वास्तविक पैमाना होता है। सड़क बनने से लोग प्रसन्नचित हो जाते हैं। लेकिन संवेदक की लापरवाही व मनमानी कभी - कभी लोगों को संकट में डाल देता है। इसका ताजा उदाहरण बिश्रामपुर ब्लॉक मोड़ से थाना चौक तक लगभग पंद्रह दिनों पहले बना पीसीसी पथ है। यह नवनिर्मित सड़क संवेदक की लापरवाही से स्थानीय लोगों के लिये परेशानी का सबब बन गया है। संवेदक ने सड़क निर्माण के बाद उस पर बालू बिछवा दिया जिसे सड़क खुलने के बाद भी हटवाया नहीं। जिसके कारण गाड़ियों के आवाजाही से सारा दिन धूल का गुब्बार उड़ते रहता है।

# पाटन थाना क्षेत्र से प्रेमी-प्रेमिका फरार

**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र से मंगलवार की सुबह प्रेमी प्रेमिका घर से फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के बरसैता ग्राम की लड़की एवं चैनपुर थाना छेत्र के पूर्वडीहा ग्राम का युवक दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके बाद दोनों फरार हो गये। पूर्व डीहा ग्राम निवासी युवक का ममहर बरसैता ग्राम में बताया जा रहा है। युवक अपने मामा के घर में आया जाया करता था उसी क्रम में बरसैता ग्राम की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक युवती दोनों बालिग बताये जा रहे हैं।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गुलाबचंद अग्रवाल कॉलेज में मना संवाददाता सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में संवाददाता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के संस्थापक सचिव श्रद्धेय सत्यदेव प्रसाद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर सभी संवाददाता एवं कॉलेज के वर्तमान सचिव डॉ अमित अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य प्रो अखिलेश सिंह सहित कॉलेज के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किये। अश्विनी कुमार ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और पत्रकारों की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकारिता एक सेवा भाव है, जो समाज को जागरूक करने का कार्य करती है। राजीव सिन्हा ने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता से समाज में विश्वास और बदलाव आता है। चंदन कुमार ने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्षता और सच्चाई के साथ कार्य करना चाहिए।

# रविशंकर संयोजक और सतीश बने दोबारा अध्यक्ष

### पलामू माइंस क्रेशर एसोसिएशन की बैठक में कमेटी गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू माइंस क्रेशर एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक ब्लु बर्ड होटल में हुई। इसकी अध्यक्षता सतीश कुमार तिवारी ने की। बैठक में एसोसिएशन के कार्यो एवं माइंस संचालकों को होने वाली परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में संगठनात्मक चुनाव की चर्चा की गयी। रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी ने कहा कि एसोसिएशन के पूर्व कमेटी द्वारा बेहतर कार्य किया गया। अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी माइंस संचालकों की समस्याओं को लेकर निरंतर सक्रियता के साथ काम किये हैं।

रविशंकर सिंह ने पुनः एक बार सतीश कुमार तिवारी को अध्यक्ष पद के लिए नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी सदस्यों ने बबुआ जी के प्रस्ताव को ध्वनि मत से समर्थन किया। रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी को सर्वसम्मति से संयोजक सह संरक्षक, विकास कुमार पाठक एवं प्रेमशंकर सिंह उर्फ प्रिंस को उपाध्यक्ष, नितिन कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, शशिकांत गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता को सचिव, अनुज कुमार सिंह उर्फ कुंदन को मीडिया प्रभारी, उमाकांत जायसवाल,रजत कुमार उर्फ सोनू साहनी, कैलाश सिंह, सन्नी गुप्ता, आशीष कुमार चौरसिया, कुमार सौरव, रजनीश कुमार उर्फ बिट्टू को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस मौके पर विश्वनाथ प्रसाद, लवकेश सिंह, अनील कुमार सिंह, राजीव रंजन, शैलेन्द्र कुमार सिंह, रामाशीष सिंह, विजय सिंह सहित कई माइंस संचालक मौजूद थे।



बैठक में मौजूद एसोसिएशन के सदस्य।

### माइंस संचालकों के समस्याओं का त्वरित समाधान मेरा लक्ष्य : सतीश

पलामू माइंस क्रेशर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ सदस्यों ने मुझे जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने के लिए निरंतर सक्रियता के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि माइंस संचालकों के समस्याओं का त्वरित निष्पादन कराना उनका लक्ष्य रहेगा। आज क्रेशर संचालन के कारण हजारों लोगों को रोजगार मिला है। लेकिन अफसोस की बात है कि माइंस संचालकों की छोटी छोटी गलती को बड़ा बता कर परेशान किया जाता है। उन्होंने जिला प्रशासन से भी आग्रह किया है कि जो लोग गलत कर रहे हैं उनपर कार्रवाई हो लेकिन बेवजह माइंस संचालकों को परेशान करने वालों पर भी जिला प्रशासन कार्रवाई करें। संयोजक रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी ने कहा कि पलामू के विभिन्न क्षेत्रों में माइंस के संचालन होने से बड़े पैमाने पर पलायन रूका हैं। हजारों परिवारों का भरण-पोषण आज माइंस संचालन से हो रहा है लेकिन कभी कभी बेवजह माइंस संचालकों को परेशान किया जाता जो उचित नहीं है ऐसे लोगों पर जिला प्रशासन कार्रवाई करें ताकि पलामू में उद्योग का बेहतर वातावरण बन सकें।

# प्रोत्साहन राशि की मांग को लेकर किसान मित्र अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रदेश कमेटी के निर्देश पर प्रखंड के सभी किसान मित्र अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस संबंध में किसान मित्रों ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक को पत्र देकर हड़ताल की सूचना दी है। पत्र में किसान मित्रों ने बताया कि उन्हें मात्र एक हजार रुपये मासिक प्रोत्साहन राशि मिलती है, जो सम्मानजनक नहीं है। इसके बावजूद कई महीनों से यह राशि भी नहीं मिल रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। जब तक प्रोत्साहन राशि को सम्मानजनक नहीं बनाया जाता और बकाया भुगतान नहीं होता, तब तक वे हड़ताल पर रहेंगे। मौके पर प्रमुख रूप से अनुज पाठक, सुनील राम, सुनील राउत, प्रेम यादव, पंचम साह, राजेंद्र यादव, भानु प्रताप साह, दीपक लाल जायसवाल आदि उपस्थित थे।



मांग पत्र सौंपते किसान मित्र

# निवर्तमान एसपी के सम्मान में विदाई समारोह, भावुक हुए अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के कल्याणपुर स्थित होटल शिवाय में गुरुवार की देर शाम निवर्तमान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के सम्मान में भव्य अभिनंदन सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में जहां उनके कार्यकाल की प्रशंसा हुई, वहीं कई भावनात्मक क्षण भी देखने को मिले। समारोह की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई। डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने दीपक पांडेय के कार्यकाल को गढ़वा के लिए बेहद उपयोगी बताया। एसी राज महेश्वरम ने कहा कि उनके नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास की राह प्रशस्त हुई। पीडीजे नलिन कुमार ने न्यायपालिका के साथ पुलिस के बेहतर समन्वय की सराहना की और नए एसपी अमन कुमार का भी स्वागत किया।

मौके पर दीपक कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में गढ़वा की जनता और अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि यह पोस्टिंग उनके जीवन का यादगार अध्याय रहेगा। उन्होंने बताया कि कैसे जेजेएमपी जैसी चुनौतियों को सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस के सहयोग से काबू में किया गया।

मौके पर एसपी अमन कुमार, एसडीओ संजय कुमार, अभियान एसपी राहुल देव बड़ाइक, डीएसपी यशोधरा, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, एसडीपीओ नीरज कुमार, गढ़वा सीओ सफी आलम, बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे। समारोह के अंत में दीपक पांडेय को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।



डीसी को विदाई देते पदाधिकारी

## स्पीड न्यूज

### चेन्नई जा रहे युवक की ट्रेन हादसे में मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत केतमा गांव निवासी 35 वर्षीय अजय सिंह की मौत चेन्नई में ट्रेन हादसे में हो गई। घटना 28 मई की बताई जा रही है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अजय सिंह 25 मई को मजदूरी के उद्देश्य से चेन्नई के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। मृतक के एक पुत्र व दो पुत्री हैं। अजय सिंह काफी निर्धन था और रोजगार की तलाश में बाहर जा रहा था। घटना की सूचना पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण अजय सिंह के घर पहुंचे और शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना दी। साथ ही सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा भी दिलाया।

### बीसीकेयू के पदाधिकारियों ने महा प्रबन्धक के साथ किया वार्ता

**कतरास।** केंद्रीय सचिव जे के झा के नेतृत्व में बीसीकेयू के क्षेत्रीय नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल ब्लॉक 2 एरिया के महाप्रबंधक के साथ परिचयात्मक बैठक कर समस्याओं पर चर्चा की। एरिया अध्यक्ष सीता राम कर्मकार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रताप वर्णवाल, उपाध्यक्ष नकुल महतो, बैद्यनाथ यादव, सचिव धनंजय महतो, संयुक्त सचिव दिलीप नोनिया, संगठन सचिव सुरेश महतो मुख्य रूप से थे। क्षेत्र के कार्मिक प्रबंधक अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

### धर्म उत्थान समिति के अध्यक्ष के निधन पर शोक

**कुमारधुबी।** जुनकुंदर ब्रह्मस्थान स्थित धर्म उत्थान समिति (मंगल मूर्ति धाम) के अध्यक्ष मजदूर नेता सेवानिवृत्त बीसीसीएल कर्मी समाजसेवी चंद्रदेव यादव (66 वर्ष) का गया में गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। पैतृक गांव अंसारा, कोच (गया) के समीप नदी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे गजेन्द्र यादव ने मुखाग्नि दी। वे हंसमुख और मिलनसार व्यक्ति थे। जुनकुंदर ब्रह्मस्थान सहित गांव से समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षक, नेता आदि शव यात्रा में शामिल हुए।

### आइकॉन क्रिटिकल केयर ब्लड बैंक का उदय प्रताप सिंह ने किया उद्घाटन

**धनबाद।** शुक्रवार को आइकॉन क्रिटिकल केयर ब्लड बैंक का उद्घाटन श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने किया। श्री सिंह ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और ब्लड बैंक के सभी सदस्यों को इसके लिए धन्यवाद करता हूं। समाज के सभी लोगों को इस कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। वही ब्लड बैंक के ऑनर ने कहा कि चिकित्सा एक ऐसा कार्य है, जिसे ईश्वरीय कार्य का दर्जा दिया जाता है। रक्तदान करने से आप किसी को नई जिंदगी भी प्रदान करते हैं। इस दौरान सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को ब्लड बैंक के द्वारा सम्मानित भी किया गया।

# टीबी मरीज राहुल को यक्ष्मा पर्यवेक्षक ने लिया गोद



राहुल के साथ रणधीर कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के गुर्दी गांव निवासी राहुल कुमार, जो लंबे समय से टीबी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, को अब जीवन की नई राह मिल गई है। धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के यक्ष्मा विभाग में कार्यरत वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक रणधीर कुमार ने उन्हें गोद लेकर अनुकरणीय मिसाल पेश की है। राहुल की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है, जिसके कारण वह समुचित इलाज और देखभाल से वंचित था। ऐसे में रणधीर कुमार ने न सिर्फ उन्हें गोद लिया, बल्कि उनके इलाज, पोषण और देखभाल की संपूर्ण जिम्मेदारी भी उठाई। इस अवसर पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ आरएस सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा विभाग केवल इलाज नहीं, बल्कि जरूरतमंद मरीजों की जिंदगी संवारने की दिशा में भी कार्य कर रहा है। मौके पर डीपीसी डॉ पुरुषेश्वर मिश्रा, डीपीएस जितेंद्र कुमार, लैब तकनीशियन विश्वास कुमार शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# युवक ने की आत्महत्या

## तलाक के बाद था मानसिक तनाव में

**गढ़वा।** जिले के तिलदाग गांव में शुक्रवार की सुबह एक 25 वर्षीय युवक रजब अंसारी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। वह फरठिया गांव निवासी महफूज अंसारी का पुत्र था और हाल ही में तिलदाग स्थित एक पिच प्लांट में ऑपरेटर के रूप में काम शुरू किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम रजब को मोबाइल पर किसी से आत्महत्या की बात करते सुना गया था। शुक्रवार सुबह जब प्लांट के अन्य कर्मचारी काम पर पहुंचे तो रजब का शव कमरे में स्पॉट पाइप से गमछे के सहारे लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि मामला प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिस्थितियां संदिग्ध हैं, इसलिए हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार रजब की शादी एक साल पहले लोटो गांव की युवती से हुई थी, लेकिन कुछ महीनों बाद तलाक हो गया। इसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। फिलहाल मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस आत्महत्या, पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव समेत सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।



मृतक की फाइल फोटो

# सर्पदंश से छह माह की गर्भवती महिला की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के विवाटीकर टोला में शुक्रवार सुबह 25 वर्षीय छह माह की गर्भवती महिला सुनीता देवी की मौत सर्पदंश से हो गई। मृतका अजय उरांव की पत्नी थी। घटना के समय वह घर में झाड़ू लगा रही थी, तभी मिट्टी के कोठी के नीचे छिपे सांप ने डंस लिया। महिला ने तुरंत परिजनों को इसकी जानकारी दी, पर अस्पताल ले जाने के बजाय परिजन झाड़-फूंक के लिए गम्हरिया गांव ले गए। वहां काफी देर झाड़-फूंक चलता रहा, लेकिन जब हालत बिगड़ने लगी, तब निजी बोलेरो से गढ़वा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो कि सुनीता की शादी पिछले वर्ष ही अजय उरांव से हुई थी और वह छह माह की गर्भवती थी। ग्रामीणों और मौजूद लोगों ने कहा कि समय रहते अस्पताल ले जाते तो उसकी और बच्चे की जान बच सकती थी। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, पंचायत सहायक प्रदीप कुमार सहित कई ग्रामीण शोकाकुल परिजनों से मिलने पहुंचे और ढांढस बंधाया।



घर के बाहर लगी भीड़

# नवपदस्थापित एसपी अमन कुमार का पुलिस एसोसिएशन ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** खूंटी के पूर्व एसपी अमन कुमार को गढ़वा जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाए जाने पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन, गढ़वा शाखा की ओर से उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। यह कार्यक्रम एसपी कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें काफी संख्या में पुलिसकर्मी एवं एसोसिएशन पदाधिकारी शामिल हुए। गढ़वा शाखा के अध्यक्ष रोहित कुमार चौबे, मंत्री महेन्द्र पासवान, उपाध्यक्ष उदय सिंह और वरिष्ठ सदस्य चन्द्रशेखर आजाद ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर नए एसपी का स्वागत किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि अमन कुमार के नेतृत्व में गढ़वा जिला पुलिस अधिक सशक्त, अनुशासित और जनोन्मुखी कार्यशैली की ओर अग्रसर होगी। मौके पर एसपी अमन कुमार ने गढ़वा में मिले स्नेह और सम्मान के लिए सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में कानून व्यवस्था को मजबूती देना, अपराध पर नियंत्रण और जनता की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता होगी।



एसपी को स्वागत करते पदाधिकारी

# गोविंदपुर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गोविंदपुर।** शिव शंभू ग्रुप रंगडीह लायंस क्लब गोविन्दपुर, नागरिक समिति गोविंदपुर एवं पाटलीपुत्र हॉस्पिटल जोड़ाफाटक रोड के तत्वावधान में शनिवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 तक रंगडीह मोड़ के पास शिवशंभू टावर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। समाजसेवी बलराम अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में हृदय रोग, न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन, हड्डी एवं नस रोग, जेनरल सर्जन, नेत्र रोग, दंत रोग एवं जेनरल फिजिशियन रोगियों का निः शुल्क इलाज करेंगे और परामर्श देंगे उपलब्ध रहेंगे। ब्लड शुगर, कैल्शियम, बीएमडी की भी जांच निःशुल्क की जाएगी।

# बिजली पानी और मंईंया योजना पर किया गया चर्चा

**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में मधु कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्यों का बैठक किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से बिजली पानी और मंईंया योजना पर चर्चा किया गया बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी ने कहा कि गोपीनाथपुर, एगयारकुंड, गलफल बाड़ी, भालुक संध्या, मुगमा में गर्मी को देखते हुए पानी की सप्लाई की मांग की। बैठक में प्रमुख रूप से पंचायत समिति सदस्य रंजन कुमार सिंह, योगेश कुमार सिंह, अंचला अधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी, जूनियर इंजीनियर पीएचडी सहित अन्य लोग मौजूद थे।


## न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

अनुमति वाद संख्या–111/2025

आम इस्तेहार

आवेदक मो0 अख्तर वो मो0 जिलानी वो मो0 शौकत अलि वो मो0 नेसार वो मो0 नौसाद आलम वो नुमान सभी के पिता–स्व0 मो0 नईम उद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 311 | 0.0972 |
| | | 319 | 0.0886 |
| | | 336 | 0.0972 |
| | | 337 | 0.0882 |
| | | 348 | 0.0686 |
| | | 87 | 0.1344 |
| | | 91 | 0.1457 |
| | | 640 | 0.0257 |
| | | 43 | 0.3058 |
| | | 380 | 0.4371 |
| | | 297 | 0.0429 |
| | | 298 | 0.0257 |
| | | 515 | 0.1829 |
| | | 299 | 0.0514 |
| | | 207 | 0.0144 |
| | | 390 | 0.4001 |
| | | 635 | 0.0401 |
| | | कुल:– | 2.2464 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

PR 353874 District (25-26)D

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।



## न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–102/2025

आम इस्तेहार

आवेदक किन्नू घासी पिता–स्व0 रामप्रताप घासी वो सुकरा नायक पिता–स्व0 रूपनाथ नायक उर्फ रूपनाथ घासी दोनों निवासी ग्राम–घासी टोला, पो0–सरजु, थाना–गारू, जिला–लातेहार द्वारा राजू रविदास पिता–रामेश्वर रविदास ग्राम+थाना+जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|
| रूद | 98 | 579 | 1.82 |
| | | 580 | 0.48 |
| | | 574 | 0.16 |
| | | 792 | 0.40 |
| | | कुल– | 2.86 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

PR 353864 (District)25-26*D

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार



## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची, क्र. सं.: 1 के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-19-25, दिनांक: 29.05.2025; कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम: (1) सभी स्टेशनों पर स्टेशन मास्टर कक्ष/पैनल कक्ष और सिग्नल एवं दूरसंचार (एसएंडटी) रिले कक्षों में सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान, दपूरे के रांची मंडल के मंडल नियंत्रण में रिमोट मॉनिटरिंग के साथ, और (ii) मूरी और रांची स्टेशनों पर टेलीफोन एक्सचेंज का प्रतिस्थापन और थानों में नए एक्सचेंज का प्रावधान, साथ ही हटिया और मूरी में एसएंडटी स्टोर पर सीसीटीवी का प्रावधान हेतु विद्युत कार्य। निविदा लागत: ₹18,31,016.61; बयाना राशि (ईएमडी): ₹ 36,600.00; निविदा बंद होने की तिथि और समय: 20.06.2025 को 17:30 बजे; वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in निविदा का विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए और वे आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ अपलोड किए जाने चाहिए। (PR-221)



संख्या 47/2/2023-प्रशासन-1
भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
अटल अक्षय ऊर्जा भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सामने,
लोधी रोड, नई दिल्ली 110003.

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर वैज्ञानिक 'एफ' (03 पद) और वैज्ञानिक 'जी' (03 पद) के पद को भरने हेतु वैज्ञानिक 'एफ' के लिए स्तर 13ए (131100-216600/- रुपये) और वैज्ञानिक 'जी' के लिए स्तर 14 (144200-218200/- रुपये) में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्तियों से संबंधित संपूर्ण जानकारी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की वेबसाइट "www.mnre.gov.in" पर उपलब्ध है। निम्नलिखित पते पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है।

अवर सचिव, भारत सरकार
cbc28101/11/0004/2526



## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)
Office of the: General Manager, Transmission Zone-II, Dumka
Email – gmtz2dumka@gmail.com

e-Notice Inviting Tender

e-NIT in two parts i.e Techno-commercial Part (Part-I) and Financial/Price Part (Part-II) is invited from reputed, experienced and financially sound contractors for the work/services as mentioned below :-

| e-NIT No. | Name of Work | Estimate Cost | Cost of B.O.Q (inclusive GST) | Earnest Money |
|---|---|---|---|---|
| 167/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying Out Patrolling, Routine /Breakdown/Shutdown Maintenance of 132 kV D/C Madanpur(Dumka)-Pakur Transmission Lines from Loc. 01 to 295 (Approx 84.5 KM) under Transmission Sub Division, Pakur for F.Y. 2025-26. (i.e. 01.07.2025 to 31.03.2026) | 19,50,085.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 39500.00 |
| 168/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying out patrolling, routine /breakdown Maintenance of 220kV Dumka-Rupnarayanpur D/C transmission line under Transmission Sub-Division, Madanpur for the F.Y. 2025 -26 (i.e. From 01.07.2025 to 31.03.2026 i.e. 09 months). | 16,45,544.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 33000.00 |
| 169/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying out patrolling, routine/Breakdown Maintenance of 132kV Dumka- Jamundi & Madanpur-Maharo Transmission line under Transmission Sub-Division, Dumka for the F.Y. 2025 -26 (i.e. from 01.07.2025 to 31.03.2026 i.e. 09 months). | 12,15,958.00 | Rs. 2950.00 | Rs. 24500.00 |
| 170/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying out patrolling, routine /Breakdown Maintenance of 132kV Dumka- Lalmatia (Total nos. of tower 322 & 57 LILO Tower) Transmission line under Transmission Sub-Division, Dumka for the F.Y. 2025 - 26 (i.e. From 01.07.2025 to 31.03.2026). | 25,20,141.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 50500.00 |
| 171/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying out patrolling, routine /Breakdown Maintenance of 220 KV D/C Dumka-Govindpur Transmission Line (50.85 Km) under Transmission Sub-Division, Madanpur for the F.Y. 2025 -26 (i.e. From 01.07.2025 to 31.03.2026 i.e. 09 months). | 12,11,613.00 | Rs. 2950.00 | Rs. 24500.00 |
| 172/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 220KV D/C Lalmatia - Godda from loc no. 01 to 79(22KM) & 220KV D/C Madanpur (Dumka) - Godda Transmission Lines from loc no. 01 to 248(71KM) under jurisdiction of Transmission Sub - Division, Godda for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9 Months) for F.Y. 2025 -26. | 25,38,424.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 51000.00 |
| 173/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 132KV Lalmatia-KGN (NTPC) & Lalmatia-KGN (BSPTCL) Transmission Line from loc no. 49 to 123 (30km) under jurisdiction of Transmission Sub - Division, Lalmatia for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9 Months) for F.Y. 2025-26. | 7,91,033.00 | Rs. 1476.00 | Rs. 16000.00 |
| 174/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 132KV D/C Lalmatia-Sahibganj Transmission Line from loc no. 01 to 163 (48km) & 132KV D/C Rajmahal -Sahibganj Transmission Line from loc no. 01 to 135 (32km) Transmission line under jurisdiction of Transmission Sub - Division, Sahibganj for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9 Months) for F.Y. 2025 -26. | 20,15,526.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 40500.00 |
| 175/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 132KV D/C Pakur - Rajmahal Transmission Line from loc no. 01 to 267(64KM) under jurisdiction of Transmission Sub - Division, Rajmahal for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9 Months) for F.Y. 2025 -26. | 16,56,541.00 | Rs. 5900.00 | Rs. 33500.00 |
| 176/PR/JUSNL/2025-26 | Carrying routine patrolling, preventive/breakdown maintenance of 132KV LILO from 132KV Pakur-Rajmahal Transmission Line to GSS Barhait from Tower loc no. 01 to 126 under jurisdiction of Transmission Sub- Division, Barhait for the period from 01.07.2025 to 31.03.2026 (i.e. 9Months) for F.Y. 2025-26. | 7,89,188.00 | Rs. 1476.00 | Rs. 16000.00 |

1 Start date & time of download of tender documents - 02.06.2025 after 10:00 A.M.
2 Start date & time of upload of Bid - 02.06.2025 after 11:00 A.M.
3 End date & time of upload of Bid - 23.06.2025 up to 11:00 A.M.
4 Bid opening date & time for technical part (Part-I) - 24.06.2025 at 12:00 P.M.
5 Bid opening date & time of price part (Part-II) – Will be communicated later on.
6 e-Tender documents & BOQ including Terms and Conditions, tenders specification can be download from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be obtained from office of the undersigned (9431132122) during office hours.
7 The bids will be received through electronic tendering mode only.
8 No claim shall be entertained on account of disruption of Internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload there bids well in advance to avoid last minutes technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.353915 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-II, Dumka

खबर मन्त्र

रांची. शनिवार. 31 मई 2025



# हताशा और भय

महत्वपूर्ण सवाल यह भी कर्ज से हारे व्यक्ति को ये अधिकार किसने दे दिया कि वो अपने साथ दो पीढ़ियों को सदा के लिये खत्म कर दे? कैसे कोई व्यक्ति अपनी नाकामी की सजा मां-बाप, पत्नी व बच्चों को दे सकता है? अकसर ऐसे मामलों में पूरे परिवार को मौत की राह में ले जाने वाले आत्मघाती व्यक्ति के मन में यह भय भी होता है कि उसके जाने के बाद उसके परिवार का क्या होगा? कहीं उसके लिये कर्ज की सजा परिवार को तो नहीं मिलेगी? निस्संदेह, एक परिवार का यूं जहर खाकर आत्महत्या करना हमारी सामाजिक व्यवस्था में आई विद्रूपताओं की ओर इशारा करता है। जिस भी बैंक या व्यक्ति से आत्महत्या करने वाले परिवार के मुखिया ने कर्ज लिया था, निश्चय ही वहां से उसे किसी भी तरह की राहत की उम्मीद नजर नहीं आई होगी। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उसे अपने मित्रों व रिश्तेदारों से भी किसी राहत की उम्मीद नहीं थी? क्या नैतिक दायित्व नहीं बनता कि संकट में फंसे व्यक्ति के नाते रिश्तेदार या मित्र मदद करें? यह दुखांत हमें कई सबक दे गया है। पहला तो यही कि हमें कर्ज उसी सीमा तक लेना चाहिए, जिस सीमा तक हम चुकाने की सामर्थ्य रख सकें। कोई भी जोखिम यदि हम व्यापार में उठाएं तो उसके तमाम नकारात्मक पहलुओं पर जरूरी विचार करें। उसके बुरे से बुरे परिणाम के बारे में आकलन करें। दूसरा सबक यह है कि हमारे सामने संकट कितना भी बड़ा क्यों न हो, हमें हार नहीं माननी चाहिए। यह भी कि खुद व परिवार को मौत के मुंह में धकेलना किसी समस्या का समाधान नहीं है। आज की पीढ़ी जल्दी मोटा मुनाफा कमाने की होड़ में बड़े कर्ज लेकर दांव तो खेलती है,लेकिन जरूरी नहीं हर जोखिम लाभदायक ही साबित हो। निश्चित तौर पर ऐसी पूरे परिवार की आत्महत्या की घटना लगातार सुनने को मिल रही है।




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आखिरकार बांग्लादेश की कमजोर नसों को कब दबाएगा भारत?




स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश एक बार फिर से उबल रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अस्थिरता के बवंडर की ओर निरंतर बढ़ रही है। उनकी सेना से ही उनकी ऊटपटांग नीतियों का विरोध हो रहा है।

कभी 'ग्रेटर बंगलादेश' का स्वप्न संजोने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता और बांग्लादेश के कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस अब अपने ही देश में ऐसे घिरे हैं कि जब उन्हें आगे का कोई रास्ता नजर नहीं आया तो फिर अपने जन्मदाता भारत पर ही अनर्गल लांछन लगाने लगे। वह अमेरिका, चीन, पाकिस्तान की गोद में खेलें, कोई बात नहीं लेकिन भारत और हिंदुओं से खेलेंगे तो अगले ऑपरेशन सिंदूर के लिए तैयार रहें। याद रखें, तब कोई बाप बचाने नहीं आएगा। हाल ही का पाकिस्तानी मंजर देख लें, अंजाम समझ लें और हो सके तो भारत के पड़ोस में बचकानी हरकत बंद कर दें।

बता दें कि अपनी पिछली चीन यात्रा के दौरान ही उन्होंने बढ़चढ़ कर भारत के चिकेन नेक पर काबिज होने, पश्चिम बंगाल-उत्तर-पूर्व बिहार और उत्तर-पूर्व के सात बहन राज्यों को मिलाकर ग्रेटर बांग्लादेश बनाने और नार्थ-ईस्ट राज्यों को लैंड लॉक्ड बताकर इलाकाई समुद्र का बेताज बादशाह होने का जो दिवास्वप्न उन्होंने देखा है, उसके मुताल्लिक भारत भी उन्हें दिन में ही तारे दिखाने की रणनीति बना चुका है। अब वो आगे बढ़ेंगे तो पीछे से भारत भी एक बार फिर बांग्लादेश का अंग भंग कर देगा! क्योंकि कभी पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान का अंग भंग करवाकर भारत ने ही जिस बांग्लादेश का निर्माण करवाया था, आज वही बांग्लादेश जब भारत को आंखें दिखाएगा तो अपने अंजाम को भी भुगतने को तैयार रहेगा।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि वहां की शेख हसीना सरकार की तख्तापलट के बाद महज 6 माह में ही परवर्ती कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में बांग्लादेश भारत विरोधी चीनी, पाकिस्तानी और अमेरिकी अखाड़े का अड्डा बन चुका है, जो उसके लिए शर्म की बात होनी चाहिए। यही वजह है कि इस विफल सरकार के खिलाफ अब वहां भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिससे देश में अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में यूनुस ने अपना सारा दोष भारत पर मढ दिया है। हालांकि भारत के पास उन्हें जवाब देने के लिए ऐसे-ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिससे उनके होश उड़ सकते हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश एक बार फिर से उबल रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अस्थिरता के बवंडर की ओर निरंतर बढ़ रही है। उनकी सेना से ही उनकी ऊटपटांग नीतियों का विरोध हो रहा है। जबकि उनकी सरकार के खिलाफ जनता द्वारा भी अविलंब चुनाव की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इससे मुल्क में तनाव के लिए आत्मघाती दांव लगा रहे हैं। यही वजह है कि आज बांग्लादेशी फौज भी उनके विरोध में खड़ी हुई है।

ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि मोहम्मद यूनुस जब से बांग्लादेश की सत्ता में आए हैं, भारत के चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मनों के साथ झूम-झूम कर नाचने-गाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें



- कमलेश पांडे

**साफ है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात, मोहम्मद यूनुस की ओर से सत्ता में बने रहने के लिए चलाए जा रहे खौफनाक एजेंडा की गवाही दे रहे हैं और भारत में अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जो तल्ख विचार सामने आ रहे हैं, उससे भारतीयों को यह आस्वस्ति मिल रही है कि हमारा जवाब बहुत करारा होगा। क्योंकि रंगपुर में चिकन नेक कॉरिडोर काटने का मतलब है कि भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर बहुत ही विशाल हो जाएगा।**

का आलम व्याप्त हो चुका है। चूंकि इस विरोध प्रदर्शन में सरकारी कर्मचारी भी शामिल हो चुके हैं। इसलिए अपनी उल्टी गिनती शुरू होते देख मोहम्मद यूनुस अपनी नाकामियों को बिना नाम लिए भारत पर थोपने की कोशिश कर रहे हैं। वहां उनकी लापरवाही और अदूरदर्शिता से अब जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए 'विदेशी साजिश' को जिम्मेदार बता रहे हैं।

जबकि, हकीकत ये है कि उन्हें सिर्फ चुनाव करवाने तक के लिए सरकार चलाने भर की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन, जानकार बताते हैं कि वह चुनाव छोड़कर बाकी हर तरह के हथकंडे अपनाने में लगे हैं। बांग्लादेश की विदेश नीति, उसका संविधान, उसका इतिहास और यहां तक कि उसके जन्म की मूल अवधारणा तक को वो नकारने चीन के दम पर भारत के जिस भारत के चिकन नेक कॉरिडोर (सिलीगुड़ी कॉरिडोर) को दबा पाने की गलतफहमी हो गई है, ग्रेटर बांग्लादेश बनवाने में विदेशियों व भारत के मुसलमानों के साथ मिलने का भ्रम हो चुका है, और लैंड लॉक्ड नार्थ ईस्ट के चलते समुद्र का बेताज बादशाह होने के जो सपने उन्होंने चीन को दिखाए हैं, तब उन्हें शायद यह अंदाजा भी नहीं रहा होगा कि भारत के रणनीतिकार उनके साथ और उनके हमदम चीन-पाकिस्तान-म्यांमार के साथ क्या क्या कर सकता है। शायद मोहम्मद यूनुस शायद यह भूल चुके हैं कि बांग्लादेश की पैदाइश ही कुशल भारतीय विदेश नीति की सफल देन रही है, जिसे तब अमेरिका व चीन नहीं रोक पाए थे। यह भारत की वीरता है जो चुटकट्टो पर युद्ध के मैदान में भारी पड़ती है।

ऐसे में जब वो अपने जन्मदाता की संप्रभुता और अखंडता को ही चुनौती देने लगेंगे तो भारत को भी देर-सबेर अपने सटीक विकल्प तलाशने पड़ेंगे।

गौरतलब है कि उन्होंने गत 25 मई रविवार को एक एक्स पोस्ट डाला है, जिसमें उन्होंने दो टूक लिखा है कि 'जिन्हें भारत को चिकन नेक कॉरिडोर पर धमकाने की आदत पड़ चुकी है, उन्हें तीन तथ्यों को ध्यान से नोट कर लेना चाहिए।' पहला, बांग्लादेश के पास अपने दो 'चिकन नेक' हैं और दोनों भारत से कहीं ज्यादा असुरक्षित हैं। पहला है 80 किमी लंबा उत्तर बांग्लादेश कॉरिडोर, जो दक्षिण दिनाजपुर से दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स (मेघालय) तक जाता है। अगर यहां कोई रुकावट आती है, तो पूरा रंगपुर डिवीजन बांग्लादेश से कट सकता है। मतलब, रंगपुर का बाकी बांग्लादेश से संपर्क टूट जाएगा।

28 किमी का चटगांव कॉरिडोर, जो साउथ त्रिपुरा से बंगाल की खाड़ी तक जाता है। यह कॉरिडोर भारत के 'चिकन नेक' से भी छोटा है। पर यह बांग्लादेश की आर्थिक राजधानी और राजनीतिक राजधानी को जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता है।

इससे साफ है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात, मोहम्मद यूनुस की ओर से सत्ता में बने रहने के लिए चलाए जा रहे खौफनाक एजेंडा की गवाही दे रहे हैं और भारत में अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जो तल्ख विचार सामने आ रहे हैं, उससे भारतीयों को यह आस्वस्ति मिल रही है कि हमारा जवाब बहुत करारा होगा। क्योंकि रंगपुर में चिकन नेक कॉरिडोर काटने का मतलब है कि भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर बहुत ही विशाल हो जाएगा। कहने का तातपर्य यह कि अभी जो लगभग 22 किलोमीटर की चौड़ी पट्टी है और जिसपर यूनुस और भारत के दुश्मनों की नजर लगी हुई है, वह अप्रत्याशित रूप से इतनी चौड़ी हो सकती है कि मतलब, पूर्वोत्तर की बहुत बड़ी समस्या एक ही झटके में खत्म हो सकती है। वहीं, अगर हम त्रिपुरा के कुछ किलोमीटर तक नीच चले जाएं यानी चटगांव कॉरिडोर को भारत में मिला लें तो पूरे पूर्वोत्तर को जोड़ने वाला भारत का अपना समुद्र यहां भी हो जाएगा। देखा जाए तो यह सामरिक और आर्थिक रूप से बहुत ही फायदे का सौदा साबित होगा। क्योंकि भविष्य में मोहम्मद यूनुस की तरह के विचार वाले बांग्लादेश के किसी अन्य शासक की भी आए तो आए दिन की होने वाली नौटंकी भी हमेशा के लिए खत्म की जा सकती है।

## लेटर टू एडिटर

### सराहनीय कदम

**दिल्ली** के सभी 11 जिलों में मिनी सचिवालय स्थापित करने की मुख्यमंत्री की घोषणा सराहनीय है। इससे स्थानीय समस्याओं जैसे सीवर, जल निकासी, ट्रैफिक, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य आदि का समाधान एक ही स्थान से संभव होगा। प्रत्येक सचिवालय में एक आईएएस अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए। इससे दिल्ली को ग्रीन और प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

**-वीरेंद्र कुमार, रांची**

### सामूहिक त्रासदी

**पंचकूला** में एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या ने समाज और व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर किया है। कर्ज के बोझ और मानसिक तनाव ने एक व्यक्ति को इतना विवश कर दिया कि उसने पूरे परिवार को मौत की ओर धकेल दिया। यह घटना मानसिक स्वास्थ्य, आर्थिक सहयोग और सामाजिक समर्थन की तत्काल आवश्यकता का स्पष्ट संकेत है।

**- रविकांत , जमशेदपुर**

## ट्वीट

**पहलगाम** के कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वाले हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी के परिजनों से आज मुलाकात हुई। उन्होंने आतंक के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारी पराक्रमी सेना का आभार जताया। उनका ये जज्बा देशवासियों को प्रेरित करने वाला है बिहार के साथ देशभर में सामाजिक न्याय का नया सवेरा एनडीए के दौर में ही दिखा है। गरीबों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के साथ हमारा लक्ष्य इन्हें शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक ले जाने का है।

मखाना बोर्ड और बिहार में फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने जैसे उपायों से साफ है कि डबल इंजन सरकार बिहार के किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। **- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# खरीफ की फसल की बुवाई से पहले एमएसपी की घोषणा अच्छा कदम

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

कृषि

केन्द्र सरकार की खरीफ फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा धरती पुत्रों के फायदे के लिए लिए अच्छा कदम है। खरीफ की बुवाई से पहले की गई इस घोषणा को सकारात्मक माना जाना चाहिए। सरकार ने श्रीअन्न को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का सफल प्रयास कर अब देश को दलहन और तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास कर रही है। 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है तो तिलहन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

केंद्र सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आगामी खरीफ के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य में रामतिल के भाव में सर्वाधिक 820 रुपये की बढ़ोतरी करते हुए इसे 9537 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है। तिल की एमएसपी में 579 रुपये, सोयाबीन में 436 रुपये, सूरजमुखी में 441 रुपये और मूंगफली की एमएसपी में 480 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। उड़द में 400 रुपये तो मूंग की एमएसपी में 86 रुपये और अरहर की एमएसपी में 450 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। बाजरा, रागी, ज्वार, कपास, धान आदि अन्य खरीफ फसलों की एमएसपी दर में भी बढ़ोतरी की गई है।जहां तक एमएसपी दर की घोषणा की बात है सरकार की इच्छा शक्ति पर किसी तरह का संदेह नहीं किया जा सकता है। मोदी सरकार के 2013-14 से 2025-26 तक के कार्यकाल की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी निश्चित रूप से सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। 2013-14 की तुलना में 226 प्रतिशत की बढ़ोतरी रागी के समर्थन मूल्य में की गई है। बाजरा में 122 प्रतिशत तो ज्वार की एमएसपी में 147 प्रतिशत तक की बढोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन की खरीफ फसलों में भी 82 प्रतिशत से रामतिल में 172 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। यह भी दावा है कि एमएसपी घोषणा करने से पहले सरकार ने फसलों की लागत के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा।

किसान आंदोलनों के दौरान सबसे अहम मुद्दा एमएसपी को लेकर ही रहता आया है। अब किसान नेताओं का कहना है कि सरकार एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। एफसीआई और नैफेड एमएसपी खरीद की नोडल एजेंसी हैं। कपास की खरीद सीसीआई करती है। एफसीआई व नैफेड की खरीद सुविधा में राज्यों की सहकारी विपणन संस्थाएं प्रमुखता से सहभागी रहती हैं। खरीद व्यवस्था को भी पारदर्शी और ऑनलाइन कर दिया गया है। रजिस्ट्रेशन से लेकर सीधे खातों में भुगतान तक की व्यवस्था की गई है। पर कहीं ना कहीं व्यवस्था में झोल अवश्य है। इसको यूं समझा जा सकता है कि एक समय था जब सरकारी खरीद शुरू होने की घोषणा और लगभग 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन की खरीद होते होते मंडियों में भाव एमएसपी के आसपास आ जाते थे। इसका परिणाम यह होता था कि ना तो किसानों की नाराजगी रहती थी और ना ही अन्य कोई समस्या आती थी। ठीक इसके उलट आज खरीद व्यवस्था के पारदर्शी होने के बावजूद किसान अपने आप को ठगा महसूस करता है।

इसका एक बड़ा कारण तो यह है कि बाजरा आदि की खरीद तो सरकार किसी ना किसी बहाने टालती रहती है क्योंकि बाजरा की खरीद के बाद रखरखाव को लेकर संकट रहता है ।सरकार का मानना है कि उसे नुकसान अधिक होता है क्योंकि खरीदा हुआ बाजरा जल्दी खराब हो जाता है। दूसरी ओर व्यवस्था को लाख पारदर्शी और जबावदेह बनाने के बावजूद बिचौलिये इस व्यवस्था का भरपूर लाभ उठाते हैं। कहीं कहीं तो खरीद केन्द्रों पर जितनी मात्रा में खरीद हो रही है वह उस क्षेत्र में उत्पादित पैदावार से भी अधिक हो जाती है।

इसके साथ ही किसानों की तात्कालीक आवश्यकताओं के चलते आढ़तियों की मौज रहती है ।हालांकि इसे व्यवस्था का ही दोष माना जा सकता है। होना तो यह चाहिए कि जिन फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा सरकार करती है उन फसलों के तैयार होकर मंडियों में आने से पहले ही सरकार को खरीद की आवश्यक तैयारियां पूरी कर लेनी चाहिए। आज सरकार के पास उत्पादन का सारा डेटा उपलब्ध होता है।

ऐसे में संभावित खरीद का आकलन भी सुनिश्चित हो जाना चाहिए।न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार को श्रीअन्न खासतौर से बाजरा आदि की खरीद की भी स्पष्ट नीति बनानी होगी। इसके लिए बाजार ताकतों को भी सक्रिय करना होगा ताकि बाजार में श्रीअन्न बाजरा आदि की मांग बढ़े और सरकारी खरीद ना होने की स्थिति में भी एमएसपी दर तो कम से कम उत्पादक किसान को बाजार में मिल सके।

# मेक इन इंडिया से सुदृढ़ हुआ भारतीय औषधि विज्ञान

**मुकुंद**

विमर्श

**भारत** ने इस अवधि में यूनिसेफ की कुल खरीद में 55 प्रतिशत से 60 प्रतिशत योगदान दिया। आज का नया भारत क्रमशः डीपीटी, बीसीजी और खसरे के टीकों के लिए डब्ल्यूएचओ की मांग का 99 प्रतिशत, 52 प्रतिशत और 45 प्रतिशत पूरा करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के अनुरूप रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का औषध विभाग सस्ती दवाओं की कीमत, उपलब्धता, अनुसंधान, विकास और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करता है।

भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआई) की वेबसाइट में 13 अप्रैल को इस आशय के आंकड़े साझा किए गए हैं। भारतीय दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली, कम लागत वाली प्रभावी दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और स्वदेशी ब्रांडों के मजबूत नेटवर्क में इसके प्रभुत्व को दशार्ता है। इसमें चिकित्सा उपकरण उद्योग के कई क्षेत्र अत्यधिक पूंजी-प्रधान हैं। वह इसलिए कि इस क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों का निरंतर समावेशन किया जाता है। इसमें मदद के लिए औषध विभाग सरकारी अनुमोदन के माध्यम से एफडीआई प्रस्तावों पर एफडीआई नीति के अनुसार अनुमोदन या अस्वीकृति के लिए विचार करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक एफडीआई प्रवाह (फार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों दोनों में) 11,888 करोड़ रुपये रहा है । इसके अलावा, औषध विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ब्राउन फील्ड परियोजनाओं के लिए 7,246.40 करोड़ रुपये के 13 एफडीआई प्रस्तावों को मंजूरी दी ।

भारत सरकार की 2020 में शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने भी इसमें क्रांतिकारी पहल की है। पीएलआई का प्रमुख उद्देश्य घरेलू उत?पादन को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और निर्यात बढ़ाना है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के दृष्टिकोण के अनुरूप यह योजना उत्पादन में प्रदर्शन के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

फार्मास्यूटिकल्स के लिए पीएलआई योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 फरवरी 2021 को मंजूरी दी थी। इसका वित्तीय परिव्यय 15,000 करोड़ रुपये है। यह तीन श्रेणियों के तहत पहचाने गए उत्पादों के उत?पादन के लिए 55 चयनित आवेदकों को छह साल की अवधि के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है । इस योजना में कैंसर रोधी और ऑटो इम्यून जैसी दवाओं का उत्पादन शामिल है। पीएलआई के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लक्षित निवेश को पार करना है। प्रारंभिक प्रतिबद्धता 3,938.57 करोड़ रुपये आंकी गई थी। वास्तविक प्राप्त निवेश पहले ही 4,253.92 करोड़ रुपये (दिसंबर 2024 तक) तक हासिल हो चुका है।

इसके अलावा मार्च 2020 में स्वीकृत बल्क ड्रग पार्क योजना (वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26) का उद्देश्य उत?पादन लागत को कम करने और बल्क ड्रग्स में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विश्वस्तरीय सामान्य बुनियादी ढांचे वाले पार्क स्थापित करना है।

इस योजना के तहत गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के प्रस्तावों को मंजूरी दी दी जा चुकी है। वित्तीय सहायता प्रति पार्क 1,000 करोड़ रुपये या परियोजना लागत का 70 फीसद (पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के लिए 90 फीसद) तक सीमित है ।इसका कुल परिव्यय 3,000 करोड़ रुपये है। सबसे खास प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना है।

**कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कोलंबिया लिबरल पार्टी के नेता एवं पूर्व राष्ट्रपति सीजर ऑगस्टो गेविरिया ट्रूजिलो से मुलाकात की। सौजन्य अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### जेएसएलपीएस का जागरूकता अभियान



रामगढ़। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) ने महिला स्वयं सहायता समूहों की प्रेरणादायक कहानियों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 30 मई को जेएसएलपीएस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के प्रचार प्रसार हेतु राज्यव्यापी सोशल मीडिया जागरूकता अभियान चलाया। इसी क्रम में रामगढ़ जिले अंतर्गत सभी प्रखंडों में ग्राम स्तरीय सभी ग्रामीण महिलाओं द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव की महिलाएं अब सिर्फ घर तक सीमित नहीं हैं। वे अपने संघर्ष, सफलता और बदलाव की कहानियां अब डिजिटल दुनिया तक पहुंचा रही हैं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा शुक्रवार को सभी प्रखंडों में विशेष सोशल मीडिया प्रचार अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य था कि महिला स्वयं सहायता समूहों (सखी मंडलों) की प्रेरणादायक कहानियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि समाज के अन्य वर्गों को भी इससे सीख और प्रेरणा मिले। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम) की जानकारी दी गई और महिलाओं को इन्हें फॉलो कर कहानियां साझा करने के लिए प्रेरित किया गया।

### मैट्रिक में कुमार क्लासेस का उत्कृष्ट प्रदर्शन



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा के चपरासी क्वार्टर स्थित कुमार क्लासेस कोचिंग संस्थान के बच्चों ने जैक मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, शिक्षक और संस्था का नाम रोशन किया है। चपरासी क्वार्टर मोहल्ला निवासी विनोद कुमार और इंदु देवी की पुत्री नव्या कुमारी, जो पावन क्रूस विद्यालय एवं कुमार क्लासेस की छात्रा है ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रामगढ़ जिला में तीसरा स्थान हासिल की है। जो की कोयलांचल भुरकुंडा के लिए गौरव की बात है। वहीं, सौंदा डी हाई स्कूल और कोचिंग की ही छात्रा पूजा मुखर्जी ने 84 प्रतिशत अंक लाकर अपने स्कूल की टॉपर बनीं। इसके अलावा निशु कुमारी ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सौंदा डी हाई स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### तीन सीसीएल कर्मियों को दी गयी विदाई



कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के पुंडी परियोजना के ईएंडएम विभाग से तीन सीसीएल कर्मियों के सेवानिवृति को लेकर विदाई समारोह हुआ। समारोह में पुंडी परियोजना अभियंता मुरली मनोहर व कोल इंडिया इम्प्लाई एसोसिएशन सिस्टा कुजू क्षेत्रीय सचिव सह जनता मजदूर संघ पुंडी शाखा सचिव ब्रह्मदेव राम, क्षेत्रीय अध्यक्ष एलारूस उरांव शामिल हुए। इस दौरान सेवानिवृत कर्मी रामेश्वर प्रजापति, धर्मा महतो व श्यामलाल मांझी को फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व छाता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर राजेश चंद्रा, जयदेव मुखर्जी, ललित कुमार, सुदामा प्रजापति, टिकेंद्र कुमार महतो, पच्चू महतो, जागो गंझू, नंदकिशोर महतो, मंसूर मियां, सादिक अंसारी, बजरंगी, मानको देवी सहित व अन्य उपस्थित थे।

### वन नेशन वन इलेक्शन को ले सेमिनार



कुजू। वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर ओरला पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को संतोषी महिला समूह के तत्वावधान में सेमिनार हुआ। सेमिनार में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत सिन्हा, बसंत प्रसाद साहू शामिल हुए। सेमिनार का शुभारंभ भारत माता की चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर और वंदे मातरम गायन कर किया गया। इस दौरान सेमिनार का विषय प्रवेश कार्यक्रम जिला प्रभारी डॉ विनोद ढाकुर ने कराया। अर्जुन सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव विकसित भारत बनाने की दिशा में एवं 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण कारगर साबित होगा। वन नेशन वन इलेक्शन से देश को होने वाले करोड़ों रुपए खर्च की सीधी बचत होगी। साथ ही, आमजन को सीधा लाभ मिलेगा और विभिन्न चुनावो में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। सेमिनार की अध्यक्षता मुखिया गुड़िया देवी, संचालन पूर्व मुखिया निर्मल करमाली और धन्यवाद ज्ञापन शंभुलाल ढाकुर ने किया।

### एजेकेएसएस के अध्यक्ष बने राजीव झा



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) एटक रीजनल स्टोर सौंदा डी शाखा कमेटी का पुनर्गठन को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसएस डे ने की। बैठक के दौरान नई कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें राजीव कुमार झा को अध्यक्ष, राजकुमार सिंह को उपाध्यक्ष, एसएस डे को सचिव, रविंद्र सिंह को सह सचिव, विनोद कुमार राय को संगठन मंत्री, कृष्ण कुमार हांसदा को सह संगठन मंत्री तथा मंसू बेदिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यो में विकास सिंह, सीता देवी, रेणु देवी, इंदुमती देवी, बुधनी देवी, लक्ष्मीनिया देवी, भुवनेश्वरी देवी, धनेश्वर गोप, मनोज कुमार तुरी और सेमबाई शामिल हैं।

### अभीश्री को एलएलबी में मिली कामयाबी

रामगढ़। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, ओड़िसा द्वारा आयोजित एलएलबी प्रवेश परीक्षा में रामगढ़ की अभीश्री आनंदी ने सफलता प्राप्त किया है। अभीश्री ने तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। अभीश्री आनंदी के पिता अजीत गुप्ता सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं और माता रजनी गुप्ता गृहिणी है। यह परिवार प्रणीत टावर रांची रोड रामगढ़ में रहता हैं।

## गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस में हुये शामिल मनीष जायसवाल, कहा

# अर्जन देव जी की सेवा मिसाल

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। शहीदों के सरताज, सिख धर्म के पाँचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी की शहीदी दिवस पर शुक्रवार को रामगढ़ अवस्थित गुरुद्वारा में आयोजित उनके शहीदी दिवस कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे और यहां गुरुद्वारा में माथा टेककर उन्हें शत- शत नमन किया। सांसद मनीष जायसवाल ने कीर्तन का आनंद लिया और सामूहिक लंगर में बैठकर प्रसाद भी पाया। रामगढ़ के सिख समाज के पदाधिकारियों ने सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य भाजपा नेताओं का अंग-वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान इस गुरुद्वारा समिति द्वारा मुफ़्त दंत चिकित्सा शिविर, बुजुर्गों के लिए निःशुल्क आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर, प्याऊ और लंगर लगा था। जायसवाल ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर अडिग रहते हुए अपना बलिदान दिया। उनका जीवन त्याग, सेवा और सहनशीलता की मिसाल है। धर्म की रक्षा और सामाजिक सौहार्द्र के लिए दिया गया उनका बलिदान युगों तक समस्त मानव जाति को सच्चाई, साहस और करुणा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। गुरुद्वारा पहुंचने से पूर्व सांसद मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओंऔर समर्थकों ने रामगढ़ शहर के सुभाष चौक पर फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटी के प्रधान प्रमदीप सिंह कालरा, रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, मीत प्रधान अमरजीत सिंह, हरपाल सिंह होरा, मनमोहन सिंह लम्बा, जगजीत सिंह सोनी, हैप्पी छावड़ा, परमजीत सिंह सैनी,करमजीत सिंह जग्गी, इंद्रजीत सिंह कोहली, भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी,विजय जायसवाल, प्रो संजय सिंह, ,जिला उपाध्यक्ष छोटन सिंह,महेंद्र प्रजापति,उमेश प्रसाद,प्रो आलोक सिंह,रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव,मिथलेश मंडल,सुशांत पांडे,ब्रजेश पाठक,तरुण साव,सुमित अग्रवाल,सहित भारी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित थे।

# किसानों को दी गयी आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी

### हजारीबाग जिले के तीन प्रखंडों में विकसित कृषि संकल्प अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता




बरही। जिले में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के दूसरे दिन हजारीबाग के तीन प्रमुख प्रखंडों झ बरही, सदर और पदमा में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों व सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अभियान में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आइएआरआइ ) के वैज्ञानिकों, अनुसंधान तकनीशियनों और एटीएमए पदाधिकारियों की टीमों ने भाग लिया। टीमों ने बरही प्रखंड के करियातपुर, पंचमाधव और बेंदगी, सदर प्रखंड के गुरहेत, चुटियारो, हुटपा और सूरजपुरा तथा पदमा प्रखंड के बंदरबेला और दोनईखुर्द गांवों का दौरा किया। इस दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, कृषि अवसंरचना कोष, डिजिटल कृषि मिशन, प्राकृतिक खेती, सूरजधारा योजना एवं फसल विविधीकरण जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने किसानों को उच्च गुणवत्ता की फसल किस्मों, जैव-उर्वरक उत्पादन एवं उपयोग, और आधुनिक उपकरणों की उपयोगिता पर भी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण यह रहा कि इसमें 50% से अधिक महिलाओं की भागीदारी रही, जिससे ग्रामीण महिला किसानों की जागरूकता और उत्साह स्पष्ट झलका। टीमों ने स्थानीय कृषि समस्याओं की पहचान कर समाधान भी सुझाए। साथ ही किसानों को विशेषज्ञों के संपर्क विवरण सहित निर्देशिकाएँ प्रदान की गईं ताकि भविष्य में भी मार्गदर्शन लिया जा सके। यह अभियान किसानों को आत्मनिर्भर और आधुनिक कृषि की दिशा में प्रेरित कर रहा है।

### कोल वर्कर्स यूनियन का सम्मेलन 11 को

भुरकुंडा (रामगढ़)। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भूरकुंडा शाखा की बैठक गुरुवार को यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह सयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य नरेश मंडल, सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव, लखेन्द्र राय उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया की आगामी 11 जुन को ऑफिसर्स क्लब भूरकुंडा में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। केंद्रीय सम्मेलन में झारखंड राज्य के सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल कंपनी से करीब 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

जिसमें बरका-सयाल एरिया के 36 प्रतिनिधि और भूरकुंडा से 8 प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन की तैयारी को लेकर पांच तोरणद्वार और एक मुख्य द्वार बनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर सभी साथी जुट गए है। सम्मेलन के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया है।

## भुरकुंडा में श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर प्रसाद व शरबत वितरित



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एनटीपीसी गेट के समक्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुद्वारा कमेटी पतरातू एवं सीआईएसएफ यूनिट पतरातू के संयुक्त सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद व ठंडे शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यह आयोजन गुरुजी की अमर शहादत की स्मृति में किया गया, जिसमें सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता के मूल संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और गुरुजी की शिक्षाओं को स्मरण करते हुए उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों और सीआईएसएफ के जवानों ने आयोजन को सफल बनाया, जिससे पूरे क्षेत्र में अध्यात्मिक ऊर्जा और भाईचारे का वातावरण बना रहा।

### कुजू में चना-शरबत का वितरण



कुजू। कुजू चौक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू द्वारा शुक्रवार को शहीदों के सरताज गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहादत दिवस पर लोगों के बीच चना-शरबत का वितरण किया गया। गुरुद्वारा के ज्ञानी रवींद्र सिंह द्वारा सुखमणि साहिब का पाठ,कीर्तन, अरदास के उपरांत चना-शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान गुरु सेवकों ने वाहनों,आने-जाने वाले राहगीरों सहित अन्य लोगों के बीच चना-शरबत वितरित किया। मौके पर ज्ञानी रवींद्र सिंह ने गुरु अर्जुन देव जी महाराज की शहादत की जानकारी दी। शहादत दिवस कार्यक्रम की सफलता में चरणजीत सिंह, बलजीत सिंह, सुमित सिंह, करणजीत सिंह,अमनदीप सिंह, हरप्रीत सिंह का अहम योगदान रहा।

# रामगढ़ में धड़ल्ले से चल रहा अवैध कोयले का कारोबार

ज्योति सिन्हा





**गोला, रजरप्पा, वेस्ट बोकारो, बरकाकाना,पतरातू,कुजू, मांडू, और भुरकुंडा में तस्कर उत्खनन कर कोयले को स्थानीय फैक्ट्री व कोयला मंडियों में भेज रहे हैं**

रामगढ़। रामगढ़ जिले में इन दिनों अवैध कोयले का कारोबार उफान पर है। धंधे से जुड़े चुनिंदा धंधेबाजों ने जिले के अलग-अलग इलाकों में सीसीएल की बंद पड़ी खदानों से धंधे को अंजाम दे रहे हैं। जिले के गोला, रजरप्पा, वेस्ट बोकारो, बरकाकाना,पतरातू,कुजू, मांडू, भुरकुंडा क्षेत्र में इस धंधे से जुड़े धंधेबाज सक्रिय हैं इन क्षेत्रों में धंधेबाजों द्वारा कोयला उत्खनन कराकर कोयले को ट्रकों के माध्यम से स्थानीय फैक्ट्री तथा कोयला मंडियों में भेजा जा रहा है। धंधेबाज इसके लिए स्थानीय लोगों को धंधे में संलिप्त कर उन्हें कोयला उत्खनन कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में मजदूर लगाने, अधिक से अधिक कोयला प्रतिदिन कटवाने,रात में पॉइंट पर भेजे जाने वाले ट्रक पर कोयला लोडिंग कराने की जिम्मेदारी दी जाती है। मजदूरी भुगतान के लिए उन्हें एडवांस पेमेंट भी कर दिया जाता है। गोला थाना क्षेत्र में चार, रजरप्पा में सात,पतरातू में चार,भुरकुंडा में छह, बरकाकाना में तीन, वेस्ट बोकारो में सात, मांडू थाना क्षेत्र में चार तथा कुजू ओपी क्षेत्र में नव अवैध कोयला उत्खनन स्थल हैं, जहां से प्रतिदिन 80-90 ट्रक कोयले को कोयला मंडी तथा स्थानीय फैक्ट्री में भेज कर खपाया जा रहा है।

प्रशासन बनी हुई मूकदर्शकः इस बार जिले में जो अवैध कोयले का कारोबार चल रहा है, वह पहले से इतर है। इसके पहले धंधेबाज पुलिस कप्तान व स्थानीय पुलिस की मिली भगत से धंधे को अंजाम देते थे। लेकिन इस बार धंधेबाजों ने राजधानी में बैठे अपने आका की छत्रछाया में जा बैठे है। जहां से उन्हें अलग-अलग थाना क्षेत्रों में धंधे को चलाने की हरी झंडी मिलती है।और प्रशासन को इसकी केवल जानकारी दे दी जाती है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन की स्थिति बिल्ली के गले में घंटी बांधे कौन जैसी हो गई है। राजधानी में बैठे राजनीतिक आका के आगे पुलिस प्रशासन न चाहते हुए भी अपनी आंखें बंद कर ली है। कारण उन्हें तबादले अथवा सेंटिंग में भेज देने का भय जो रहता है।वहीं धंधेबाज भी अपनी पहुंच राजधानी तक होने का हवाला देते हुए कॉलर उठाकर पुलिस की नाक के नीचे सीसीएल की बंद पड़ी भूमिगत तथा खुली खदान से कोयला खनन कराकर धंधे को अंजाम देते हुए मोटी कमाई कर रहे हैं। पूर्व उपायुक्त चंदन कुमार ने अवैध कोयला उत्खनन पर अंकुश लगाने पर ठोस कदम उठाया था। उनके इस कार्रवाई से धंधेबाजों के पसीने छूट रहे थे। परिणाम यह निकला कि अवैध कोयला कारोबार का पहिया थमनें के बजाय उनका हीं स्थानांतरण कर दिया गया।

## एक नजर में

### कटकमसांडी में बाइक से गिरकर अधेड़ की मौत

कटकमसांडी। हेसाकुदर निवासी पप्पु उर्फ चितरंजन पांडेय (42 वर्ष) का शव शुक्रवार को करीब दस बजे दिन में तुरकाटांड़ जंगली पथ पर मिला। घटना की सूचना पाकर कटकमसांडी पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसबीएमसीएच भेज दिया। पोस्टर्मोटम के बाद शव को परिजनो को सुपुर्द किया गया। इधर मृतक के परिजनों ने हत्या कर जेब से पांच हजार रूपए निकालने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। आवेदन के विरुद्ध कटकमसांडी पुलिस ने पूछताछ के लिए गांव के ही धर्मेंद्र भुईयां नामक एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत मे लिया है। दूसरी ओर घटना के बाबत बताया गया कि मृतक पप्पु पांडेय उर्फ चितरंजन पांडेय शुक्रवार को करीब छह बजे समीप के हरिजन मुहल्ला धर्मेंद्र भुईयां के घर छठियारी कार्यक्रम में पहुंचा, जहां महुआ शराब का सेवन किया गया। बाद में देशी दारू लाने धर्मेंद्र भुईयां पप्पु पांडेय व दो अन्य लोगों के साथ तुरकाटांड़ पहुंचे, जहां जमकर नशापान किया और चारो एक ही बाइक पर सवार होकर हेसाकुदर गांव वास आ रहे थे। इसी बीच रास्ते मे बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पप्पु पांडेय मौके पर ही दम तोड़ दिया। पप्पु पांडेय को मृत देख उक्त तीनो भाग गए। जब काफी देर के बाद भी पप्पु पांडेय घर नही पहुंचा, तो घर वाले खोज बीन करना शुरू किया। इसी दौरान किसी ने परिजनो को खबर दी कि पप्पु पांडेय रास्ते मे मृत पड़ा हो और एक बाइक भी दुर्घटनाग्रस्त है। भाई की मौत के लिए जिम्मेदार धर्मेंद्र भुईयां, व दो पर मृतक के भाई ने मामला दर्ज कराया है।

### असधीर में वज्रपात से मासूम की मौत

कटकमसांडी। हजारीबाग के सदर विधानसभा अंतर्गत कटकमसांडी प्रखंड के लुपूंग पंचायत स्थित असधीर गांव में एक ही परिवार में दो आकस्मिक मौतों ने पूरे गांव को गहरे शोक में डाल दिया। जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी राजू यादव की मृत्यु वज्रपात से हो गई। इसी परिवार की 12 वर्षीय बच्ची की भी अचानक मौत हो गई, जिससे गांव में मातम का माहौल है।आज परिवार से मिलने कई राजनीतिक व सामाजिक प्रतिनिधि पहुंचे। परिजनों को सांत्वना दी गई और नमो श्राद्ध राशन किट प्रदान की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव, मुखिया अशोक राणा, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
इन आकस्मिक मौतों ने ग्रामीणों को गहरे सदमे में डाल दिया है और प्रशासन से राहत सहायता की मांग भी उठ रही है।

### फाइलेरिया के लिए रक्त सर्वेक्षण शिविर

बरही। अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा 29 मई की रात ग्राम बरसोत चौक और जीतपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया रोगियों की पहचान के लिए रात्रि रक्त सर्वेक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी ने फीता काटकर और रक्तपट देकर किया। मलेरिया पर्यवेक्षक मो. इरशाद आलम के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को फाइलेरिया (हाथीपांव) के लक्षण, कारण और बचाव के बारे में जानकारी दी गई। यह बीमारी मच्छरों के काटने से फैलती है और हाथ-पैर व अन्य अंगों में असामान्य सूजन ला सकती है। सहयोगी टीम में लैब टेक्नीशियन विष्णु महतो, शाहिद अली, संतोष कुमार, माया देवी, यशोदा देवी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। इस दौरान 244 ग्रामीणों के रक्त के नमूने लिए गए। शिविर का उद्देश्य गांव में समय रहते फाइलेरिया के संभावित रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराना था। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की और ऐसे शिविरों को और व्यापक रूप से आयोजित करने की मांग की।

### इचाक के बरकाखुर्द में लगा नया ट्रांसफार्मर

इचाक : हजारीबाग जिले के ईचाक प्रखंड अंतर्गत बरकाखुर्द गांव में लंबे समय से बिजली संकट का सामना कर रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता के प्रयास से गांव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता, पंचायत की मुखिया सीता कुमारी एवं पंसस प्रदीप मेहता ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर विधिवत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से गांव अंधेरे में डूबा था क्योंकि पुराना ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों ने समस्या से अवगत कराते हुए सांसद प्रतिनिधि से आग्रह किया, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विभाग से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग जैसे लोकनाथ महतो, भिखारी मेहता, सरिता देवी, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। इस पहल से मोहल्ले के लोगों में प्रसन्नता की लहर है। ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि का आभार व्यक्त करते हुए बिजली समस्या के समाधान के लिए धन्यवाद दिया।

### उपायुक्त से मिले जिप उपध्याक्ष किशुन यादव

बरही। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने जिले के नवपदस्थापित उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान किशुन यादव ने बरही क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की ओर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया। इनमें सफाई व्यवस्था की बदहाली, सड़कों की जर्जर स्थिति, अपराध में वृद्धि, और आधारभूत संरचना की कमी जैसी मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिले में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस मुलाकात को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच सकारात्मक संवाद के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि नए उपायुक्त के कार्यकाल में बरही क्षेत्र में ठोस बदलाव दिखाई देगा। किशुन यादव ने भी विश्वास जताया कि समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ जिले का सर्वांगीण विकास संभव है।

### अंबाडीह गांव को मिला नया ट्रांसफार्मर

दारू। सिलवार पंचायत के अंबाडीह गांव में लंबे समय से बिजली संकट का सामना कर रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। ग्राम में नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। गौरतलब है कि अंबाडीह गांव में पहले सिलवर कला ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति की जाती थी, परंतु अत्यधिक कनेक्शन के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी। इससे ग्रामीण महीनों से बिजली संकट झेल रहे थे। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से संपर्क किया। विधायक ने तुरंत बिजली विभाग से समन्वय कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाया। उद्घाटन समारोह में वार्ड सदस्य छोटन मेहता व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। अब गांव में सुचारु बिजली आपूर्ति से बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्यों में सहूलियत मिलेगी। इस पहल को गांव में विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### बड़कागांव में गाय लदा पिकअप वाहन जब्त

बड़कागांव। बड़कागांव पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गाय लदा पिकअप वाहन को जप्त किया गया।पिकअप वैन नंबर जे एच 05 सीबी - 1334, 7 गाय एवं एक बाछी को जप्त किया गया। इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक राकेश खवास के बयान पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 137/ 25 धारा 317( 5), 325 बीएनएस 12(1)(2)(3) झारखंड गोवंशी पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 एवं 11 (सी) (डी )1960 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत वाहन मालिक एवं अज्ञात चालक के विरोध मामला दर्ज की गई।

### वाहन की चपेट में आने महिला घायल

बरही। रांची पटना रोड पर करसो के पास सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और घायल महिला को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महिला को रेफर कर दिया गया।

## नाबालिग बच्चों को मोटरसाईकिल चलाने न दें अभिभावक : शशि भूषण



मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने थाना क्षेत्र के ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट तथा मोटरसाइकल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग आवश्यक करें। वहीं उन्होंने कहा कि आए दिन जिस तरह से सड़क दुर्घटना में वृद्धि हो रही है, जो चिंताजनक है। वहीं उन्होंने अभिभावकों से भी अनुरोध किया है कि जो अपने नाबालिग बच्चों को मोटरसाईकिल चलाने के लिए देते हैं उसपर रोक लगाएं। वहीं उन्होंने मोटरसाईकिल चालकों तथा चार पहिया वाहन चालकों को कहा कि यातायात नियमों का पालन जरूर करें, हेलमेट लगाकर चलें, तेज रफ्तार वाहन ना चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें, सीट बेल्ट का प्रयोग करें, अनावश्यक रूप से बड़े वाहन को जहा तहां सड़क के किनारे खड़ा ना करें, सुरक्षित वाहन चलाएं, टेम्पो या फिर सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक ओवर लोड लेकर ना चलें।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट चलाने वाले गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा, नौ आरोपी गिरफ्तार

- **गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के मोबाइल, एटीएम, चेकबुक, बैंक खाता, दो लैपटॉप सहित सट्टेबाजी से संबंधित अन्य सामग्री बरामद की है**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट चलाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए इस गोरखधंधे में शामिल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल, एटीएम, चेकबुक, बैंक खाता, दो लैपटॉप, बंधन बैंक का स्कैनर और भरतपे कम्पनी की स्वैप मशीन, ऑनलाइन सट्टेबाजी के हिसाब किताब से संबंधित डायरी बरामद की है।

उक्त जानकारी शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी अनुदीप सिंह ने दी है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए एसपी श्री सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तिलैया थाना क्षेत्र के मिटको कालोनी में एक किराए के मकान में ऑनलाइन सट्टेबाजी का अवैध धंधा संचालित किया जा रहा है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मकान में छापामारी कर अनलाइन सट्टेबाजी के धंधे में संलिप्त उपरोक्त 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के बयान और जांच के क्रम में पता चला चला कि इन आरोपियों के द्वारा रेड्डी एप्प के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट, फुटबाल, टेनिस, कैसिनो समेत अन्य गेम खेलते और खेलवाते थे, ग्राहकों से एप्प और फोन के जरिये ऑनलाइन गेम खेलने और उससे होने वाले लाभ की जानकारी देकर उन्हें झांसे में लेते थे, ग्राहकों को 11प्ले तथा क्रिस्बेट 99 के आईडी के माध्यम से गेम खेलने वाले व्यक्ति का यूजर एवं पासवर्ड बनाकर उस व्यक्ति को उपलब्ध कराया जाता था, आरोपियों के द्वारा ग्राहकों से विभिन्न बैंक खाते में पैसे मंगवा कर, पैसे के एवज में ऑनलाइन क्वाइन उसके आईडी पर उपलब्ध करवाते थे, गेम खेलने वाले व्यक्ति अपने आईडी पर प्राप्त क्वाइन के माध्यम से गेम खेलता था और जो ग्राहक जीतता था, उसे ऑनलाइन के माध्यम से राशि ट्रांसफर की जाती थी। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि जिस व्यक्ति के नाम से भिन्न भिन्न बैंक का पासबुक, चेकबुक, एटीएम उपलब्ध है वह सभी दस्तावेज को छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक में खाता खोला गया और जबतक संबंधित बैंक को इसकी जानकारी होती थी तब तक पकड़े गए व्यक्ति के द्वारा बैंक से ट्रांजेक्शन कर पैसे की निकासी कर लेते थे।

वहीं एसपी ने बताया कि मामले को लेकर तिलैया थाना कांड संख्या 173/25 के मामला दर्ज करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में समीर आलम पिता मंजूर आलम महुदा धनबाद, रौनक कुमार पिता रंजन कुमार रजौली नवादा बिहार, अमित कुमार पिता श्यामबाबू सिंह आरा बिहार, प्रिंस कुमार पिता बाल्मीकि प्रसाद सिंह महुदा धनबाद, जितेंद्र कुमार सिंह पिता ध्रूव नारायण सिंह मनेर पटना बिहार, मनीष कुमार पिता राजदेव राय महूदीनगर समस्तीपुर बिहार, कुणाल सिंह पिता कुंदन लाल कांचकला पटना बिहार, कुलेन्द्र कुमार पिता श्रीकांत सिंह टनकुप्पा, गया बिहार और विक्की कुमार पिता गोविंद प्रसाद आरा चौक भोजपुर बिहार के नाम शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### उपायुक्त ने पांच चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



**चतरा।** उपायुक्त ने समेकित बाल संरक्षण योजना, मिशन वात्सल्य के तहत संविदा के आधार पर चयनित 5 योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। इनमें संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देखरेख संरक्षण पदाधिकारी गैर-संस्थागत देख रेख सामाजिक कार्यकर्ता और आकड़ा विश्लेषक पद शामिल हैं। चतरा उपायुक्त कीर्ति श्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए कहा अपने पद पर ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उक्त पद लगभग 11 वर्ष से रिक्त था, पूर्व में भी दो बार नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी किंतु सभी पद में अभ्यर्थियों का चयन नहीं हो पाया था। आज उप विकास आयुक्त, चतरा एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, चतरा की उपस्थिति में उपायुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में सभी पांचो चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

### निवर्तमान उपायुक्त को माला पहनकर किया सम्मानित



**गिद्धौर।** प्रखंड के ब्लॉक मोड़ के पास निवर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप व उनकी पत्नी को रांची के जाने के क्रम में शुक्रवार को माला के साथ साथ पारंपरिक टोपी पहनकर सम्मानित किया। यह सम्मान सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, मुखिया निर्मला देवी के नेतृत्व में किया गया। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा व मुखिया निर्मला देवी ने बताया कि निवर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप के नेतृत्व में प्रखंड में बेहतर संचालन किया गया। जिसे लेकर सम्मान के साथ विदाई दी गई। इस मौके पर बीपीओ बिनोद कुमार गुप्ता, बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति, दांगी कुशवाहा समाज के जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी, उपेंद्र दांगी, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, उज्वल सिंह, रोजगार सेवक सतेंद्र कुमार वर्मा, निर्मल दांगी, प्रदीप कुमार, पार्वती कुमारी, सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा, राजस्व उपनिरीक्षक पप्पू यादव समेत प्रखंड कर्मी, जेएसएलपीएस समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### बीपीओ ने पुरानी योजनाओं को पूर्ण करने के दिये निर्देश

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता ने मनरेगा कर्मियों के साथ शुक्रवार को बैठक कर एक- दूसरे से परिचय व जानकारियां जुटाई। पुरानी संचालित योजनाओं को बंद करने का निर्देश सभी रोजगार सेवकों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में जो भी काम अधूरा है। उसे जल्द से जल्द पूरा करायें एवं योजना बंद करायें। वहीं आम बागवानी में निरीक्षण कर पौधे लगावें। अन्य योजनाओं में कार्य को देखते हुए पुरानी सभी योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करवाने का निर्देश बीपीओ ने दिया है। मौके पर निर्मल कुमार दांगी, पार्वती देवी, प्रदीप कुमार, सत्येंद्र कुमार व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### दुंदुआ गांव में वज्रपात से महिला की मौत, गांव में मातम

**चतरा (सिमरिया)।** थाना क्षेत्र के दुंदुआ गांव के सिकटिया में बारिश के दौरान हुई वज्रपात में एक महिला की मौत हो गयी है। मृतक महिला गांव के इंद्रजीत रजक की पत्नी सोहरी देवी 45 वर्षीय थी। परिजनों ने बताया कि वह सिकटिया में अपने घर में बारिश का पानी निकाल रही थी इसी बीच अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात हो गई। जिससे महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। महिला की इस तरह वज्रपात से हुई मौत से बच्चे अपनी मां की याद में बिलख बिलख कर रो रहे हैं। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जबकि गांव में मातम का माहौल छाया हुआ है। इधर घटना की खबर मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि ग्यास मियां, पंसस प्रतिनिधि विजय राम मृतक के घर पहुंचे और इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इंद्रजीत रजक अत्यंत गरीब है वह टूटे फूटे घर में रहने को विवश है। टूटा हुआ घर होने के कारण बारिश का पानी चू रहा था, जिसे वह बर्तन से निकाल रही थी। इसी क्रम में वज्रपात हुई और वह काल के गाल में समा गयी। इधर दोनों पंचायत प्रतिनिधियों ने इस घटना की सूचना अंचल और थाना को दी है। ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधियों ने अंचल कार्यालय से मृतक के परिजन को आपदा राहत के तहत मुआवजा देने की मांग की है। साथ बीडीओ से आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है।

### फाइलेरिया उन्मूलन के तहत रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम आयोजित

**हंटरगंज/चतरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज अंतर्गत गेंजना गांव में गुरूवार रात्रि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वेद प्रकाश ने किया वही इसका विधिवत उद्घाटन गेंजना पंचायत मुखिया प्रतिनिधी प्रभु भारती ने फीता काटकर किया।इसमें 20 वर्ष से ऊपर सभी लोगों फाईलेरिया जांच हेतु रक्तपट्ट संग्रह किया गया।जहां चतरा से पिरामल फाउंडेशन स्वास्थ्य के मंजर अहसान के द्वारा रक्तपट संग्रह का सहयोगात्मक अनुश्रवण किया गया एवं रात्रि रक्तपट संग्रह से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीणों को फाईलेरिया जैसे बीमारी फैलने के कारण, लक्षण, उपचार एवं रोकथाम आदि के बारे मे जानकारी दी गई। इस दौरान लगभग 100 लोगों से रक्त सैंपल लिया गया। मौके पर बीपीएम संजय सिन्हा फार्मासिस्ट राजेश कुमार, रजनीश कुमार, सौरभ कुमार, एलटी अरविन्द कुमार एएनएम पुनम कुमारी,सहिया रिंकू देवी सहित अन्य स्वास्थकर्मी और सैकड़ो मौजूद थे।

### कृषक सखी एवं पशु सखी को दिलाया जा रहा है प्रशिक्षण

**गिद्धौर।** प्रखंड के गिद्धौर कलस्टर एवं बरियातू क्लस्टर में कृषक सखी एवं पशु सखी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुरेंद्र प्रजापति के निदेर्शानुसार करवाया जा रहा है।बताते चलें कि गिद्धौर कलस्टर में ट्रेनर एफटिसी अनिल प्रजापति एवं बरियातू क्लस्टर में एलएच सुमन वर्मा अजय सिंन्हा निशांत कुमार सुनील पासवान के द्वारा प्रशिक्षण पशु सखी एवं कृषक सखी को दिया जा रहा है। महिलाओं को खरीफ फसल में लगने वाले धान,मक्का,अरहर,मडुआ,उरद,बादाम लगाने की विस्तृत जानकारी बताई गई।एवं गांव में समूह से जुड़े महिलाओं के साथ-साथ अन्य लोगों को भी जैविक तरीके से खेती करने को बढ़ावा देने की बात बताई गई है। जिससे गांव के लोग बीमारी से बच सके।ट्रेनर ने बताए कि जैविक खाद एवं दवा का इस्तेमाल करें। जिसमें नाडेप,घनजीवामृत,जैविक खाद दवा कीटनाशक के लिए ब्रह्मास्त्र अग्नि अस्त्र निर्वस्त्र व अन्य जैविक तरीके की विधि बताई गई। यह सब दवा एवं खाद को घर पर ही तैयार किया जा सकता है।बैठक में दर्जनों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### केदली कला गुरुद्वारा में मनाया अर्जुन देव का शहीदी गुरु पर्व



**हंटरगंज/चतरा।** शहीदों के सरताज गुरु अर्जुन देव का शहीदी गुरुपर्व शुक्रवार को प्रखण्ड के केदली कला गुरुद्वारा में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया।। सुबह सजाए गए विशेष दीवान में दर्जनों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दीवान में विभिन्न बच्चों द्वारा शबद गुरुवाणी का गायन तथा वक्ताओं द्वारा गुरु जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। ज्ञात हो कि गुरु गद्दी पर विराजमान श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के बढ़ते प्रभाव को देखकर तत्कालीन मुगल बादशाह जहांगीर द्वारा गुरु जी को जबरन इस्लाम धर्म स्वीकार करने हेतु विभिन्न प्रकार की यातनाएं देकर शहीद कर दिया गया था। इन्हीं के याद में प्रत्येक वर्ष गुरुपर्व मनाया जाता है। इस शहीदी गुरुपर्व के निमित्त स्त्री सत्संग की महिलाओं द्वारा ग्यारह दिनों तक श्री सुखमणी साहिब का पाठ सामूहिक रूप से किया गया।

## ग्रिजली विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं ग्रिजली विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस पर सफल कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं रिसोर्स पर्सन कुणाल अम्बष्टा रोबोटिक्स प्रयोगशाला प्रभारी ग्रिजली विद्यालय ने आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा करते हुए एआई के सुरक्षित उपयोग करने हेतु विविध उपकरण एवं तकनीकी से अवगत कराया। साथ ही कहा कि इक्कीसवीं सदी तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी आधारित है। शिक्षा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। हम सभी को सफल होने हेतु आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस का सहयोग अति आवश्यक है। उक्त कार्यशाला में प्रकाशा गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी, सभी शिक्षक, ग्रिजली कलेज अफ एजुकेशन के सभी सहायक प्राध्यापक, ग्रिजली पब्लिक स्कूल एवं ग्रिजली किड्स के सभी शिक्षक सहित ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड. सत्र 2024-26 के सभी प्रशिक्षु कुणाल कुमार, दीपक कुमार, बिपिन सचदेव, रोहित कुमार रौशन, रवि प्रसाद, ओशो अंशुमन, पूर्णिमा कुमारी, द्रोपति कुमारी, सृष्टि कुमारी, मधु कुमारी, नैंसी कुमारी, डौली कुमारी, प्रिया रॉय, पारुल कुमारी, तमन्ना प्रवीण, अन्ना श्री आदि मौजूद थे।

## लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर थाना में कराया मामला दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कानीकेंद जंगल के समीप बीते बुधवार को सब्जी लदे ऑटो को एक हाइवा ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिसे लेकर बासुदेव साव पिता स्व.किसुन साव ग्राम फुलवरिया निवासी ने थाने में आवेदन देकर हाईवा (वाहन सं बीआर01जीएम-3282 के चालक द्वारा तेजी व लपरवाही से वाहन चला टेम्पो नंम्बर जेएच11एबी-9374 को धक्का मारने का मामला दर्ज कराया है। वहीं उन्होंने कहा कि 28 मई को दोपहर 02.05 बजे मेरी पत्नी सुमा देवी, पुत्र 15 वर्षीय कृष्णा कुमार एवं मेरे ही गांव के 32 वर्षीय पुरन कुमार मेहता पिता ललु मेहता, 52 वर्षीय ललु मेहता पिता भेखलाल मेहता व 55 वर्षीय प्रितम मेहता पिता स्व.बाबुलाल मेहता सभी मिलकर टेम्पो नंम्बर जेएच11एबी-9374 पर सब्जी लोड कर घोड्थम्भा बाजार बेचने के लिए जा रहे थे, इसी बीच दोपहर 230 बजे कोडरमा गिरिडीह रोड मुख्य मार्ग पर नवलशाही थाना अन्तर्गत कानीकेंद जंगल में पिछे से आ रहे हाईवा वाहन सं बीआर01जीएम-3282 का चालक तेजी व लपरवाही से वाहन चला उक्त टेम्पो में जोरदार धक्का मार दिया, जिससे टेम्पो पलट गया और उक्त टेम्पो में सवार सभी व्यक्ति गंभीर रुप से घालय हो गये। इसी बीच नवलशाही थाना पुलिस पहुंच गई और सभी घायल को ईलाज हसदर अस्पाताल ले गये। वहीं जाने के दौरान सुमा देवी का मृत्यु रास्ते में ही हो गई। अन्य सभी घायल को सदर अस्पाताल कोड़रमा से बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया गया है, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। हाईवा वाहन का चालक घटनास्थल से फरार हो गया था। पुलिस द्वारा उक्त दोनों वाहनों को नवलशाही थाना परिसर में रखा है। उन्होंने हाइवा चालक के विरुद्ध कानुनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## पीड़ित परिवार तीन जून से देगा थाना गेट पर अनिश्चितकालीन धरना

**जयनगर (कोडरमा)।** पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने के विरोध में थाना क्षेत्र के कटिया परसाबाद के पीड़ित परिवार ने तीन जून से थाना गेट पर अनिश्चितकालीन धरना देने की घोषणा की है। वहीं बताया गया कि कटिया निवासी आसमा खातून पति मनुवर आलम ने मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना व पिकेट में आवेदन दिया था, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। 72 घंटे के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर तीन जून से अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया है। इसे लेकर पीड़िता आसमा खातून ने एसडीओ को आवेदन दिया है।

# विधायक डॉ. नीरा यादव ने किया आंगनबाड़ी केंद्र व सामुदायिक शौचालय निर्माण का भूमिपूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** विधायक डॉ. नीरा यादव ने शुक्रवार को राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन व अनावरण कर ग्रामवासियों को नई सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने जिला अनाबद्ध निधि अंतर्गत राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित सामुदायिक शौचालय व लगभग 26 लाख की लागत से खाब टोला, भदाली, झांझीडीह, गाजेडीह, माधोपुर, दुम्दुम्मा, जोगीडीह व राजाबर आदि 8 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र न केवल बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की देखभाल में सहायक होगा, बल्कि यह प्रारंभिक शिक्षा का भी मजबूत आधार बनेगा। वहीं उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे केंद्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने यह भी कहा कि सामुदायिक शौचालय का निर्माण विद्यालय में स्वच्छता को बढ़ावा देगा और छात्र-छात्राओं को बेहतर जन सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। वहीं उन्होंने दोहराया कि क्षेत्रीय जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति और ग्रामीण क्षेत्रों के सतत एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करना उनका पहला दायित्व है। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी ऐसी विकासपरक योजनाएं निरंतर क्रियान्वित की जाएंगी। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए विधायक डॉ. नीरा यादव का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं की अपेक्षा जताई। इस भूमिपूजन कार्यक्रम के साथ ही प्रखंड के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## शिव परिवार सह हनुमत महायज्ञ की कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बासोडीह पंचायत स्थित राउतडीह में शुक्रवार को श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ की गयी। वहीं डीजे, ढोल और गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं रथ पर भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, सीता-राम और हनुमान की झांकी निकाली गई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. नीरा यादव पहुंचीं। जहां उनका स्वागत किया गया। वहीं उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ से गांव का वातावरण शुद्ध होता है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलती है। वहीं शुक्रवार की सुबह यज्ञाचार्य शास्त्री विमलेश पाण्डेय के निर्देशन में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विधिवत कलश यात्रा की शुरुआत की गयी। कलश यात्रा राउतडीह यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर पचमौह, डुमरी, बासोडीह, समलडीह, गोहलिया, नरायडीह होते हुए सकरी नदी घाट पहुंची। वहां 11 विद्वान पंडितों की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। इस दौरान पूरे मार्ग में हर हर महादेव, बम बम भोले और जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंजता रहा। जल भरने के बाद यात्रा पचमौह होते हुए पुनः राउतडीह यज्ञ स्थल पर पहुंची। महायज्ञ के दौरान अयोध्या से आई कथावाचिका प्रतिदिन प्रवचन करेंगी, वृंदावन से आई 25 सदस्यीय टीम रासलीला की प्रस्तुति देगी, प्रतिदिन शाम सात बजे से रात 10 बजे तक प्रवचन और रात 10 बजे से एक बजे तक रासलीला होगी। वहीं 5 जून को हवन, पूजा और भंडारे के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। कलश यात्रा में थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा, विनोद यादव, मनोज भगत, रामवचन यादव, नरेश यादव, चन्द्रिका प्रसाद यादव, रामविलास यादव, दीपक कुमार सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

## नगर पर्षद ने मानसून से पहले ही कस ली है कमर

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर पर्षद ने इस बार मानसून से पहले ही कमर कस ली है, शहर के बड़े नाले, मुहल्लों की संकरी गलियां और पिछले वर्षों में जलजमाव से परेशान करने वाले इलाकों में समय रहते सफाई अभियान शुरू कर दिया है। नगर पर्षद इस बार जलजमाव से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उक्त जानकारी नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि शहर की नालियों की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है। लोगों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किये जा रहे हैं। झंडा चौक से हनुमान मंदिर (स्टेशन रोड) तक नाले की, प्रिंस चार्ट से वैशाली प्रेस तक नाली की, अजंता होटल से नगर पर्षद कार्यालय तक, बड़ा पोस्ट ऑफिस से रामेश्वरम होटल तक की नालियों की सफाई हो चुकी है, जबकि पूर्णिमा टॉकीज से झंडा चौक तक, महाराणा प्रताप चौक से अशोका होटल के पीछे तक नाले, अड्डी बंगला क्षेत्र में भी सफाई कार्य निरंतर चल रहा है। पिछले वर्षों में जिन क्षेत्रों में पानी जमने की शिकायतें थीं, उन स्थानों पर विशेष निगरानी के साथ-सफाई कार्य शुरू किया गया है।

# अनाबद्ध निधि से जनहित में योजनाओं का चयन करें अधिकारी : उपायुक्त

- **कोडरमा उपायुक्त ने जिला अनाबद्ध निधि को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये की बैठक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने शुक्रवार को जिला अनाबद्ध निधि को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। बैठक के दौरान जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत चालू वितीय वर्ष में योजनाओं का चयन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में शामिल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का चयन आमजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए करें। वहीं उन्होंने कहा कि योजनाओं का चयन लघु स्वरूप में करें, ताकि एक ही वितीय वर्ष में उसे पूर्ण किया जा सके। बैठक में डीसी ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि चालू वितीय वर्ष के लिए 5 महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द जिला योजना कार्यालय को उपलब्ध कराएं, उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों को पूरी पारदर्शिता के साथ तय अवधि के अंदर पूर्ण हो। बैठक का उद्देश्य योजनाओं की प्रभावशीलता सुनिश्चित करते हुए जिले के समग्र एवं सन्तुलित विकास की दिशा में ठोस पहल करना है। मौके पर डीएफओ सौमित्र शुक्ल, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीपीओ अनूप कुजूर, डीईओ अविनाश कुमार राम आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सुनी आम जनों की समस्याएं

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दरबार के दौरान फरियादियों ने कई व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याएं सामने रखीं, जिनमें अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, पुश्तैनी जमीन पर विवाद, जमीन को पंजी-2 में दर्ज करने, अनाथ बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, रैयती जमीन की नापी तथा सड़क निर्माण कार्य में उत्पन्न बाधाओं जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। इन शिकायतों पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संबंधित विभागों और प्रखंड कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की शीघ्र जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# आमजन भारी संख्या में शामिल होकर 5 जून को होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाएं : डीसी

- **नमामी गंगे परियोजना अंतर्गत जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कृति श्री की अध्यक्षता में नमामी गंगे परियोजना अंतर्गत जिला गंगा समिति की बैठक की गई। बैठक में 5 जून 2025 को आयोजित होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा से संबंधित जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार कार्यक्रम के आयोजन हेतु बैठक की गई। इसके अंतर्गत जिला के सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया कि निरंजना नदी के उद्गम स्थल सिमरिया प्रखंड से लेकर निरंजना नदी गुजरने वाले प्रखंड यथा लावालौंग, चतरा, हंटरगंज में यह कार्यक्रम व्यापक रूप से किया जाये। अन्य ब्लॉक में स्थित स्थानीय नदी एवं जलाशय के किनारे जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रमदान, स्वच्छता अभियान, पौधा रोपण, गंगा चौपाल, नुक्कड़ नाटक, गंगा स्वच्छता संकल्प, भजन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने सभी आमजनों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में 5 जून को होने वाले कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार के संप्रेषण सह सामाजिक विकास प्रबंधक अंजना भारती, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## चेंबर का प्रतिनिधि मंडल नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात



गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को चेंबर का प्रतिनिधि मंडल गुमला के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा से उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात किया और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। चेंबर सचिव बबलू वर्मा ने उपस्थित पदाधिकारी व सदस्यों का परिचय कराया। इसके बाद अध्यक्ष राजेश सिंह ने गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यशैली विशेष रूप से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कैसे काम करती है। इससे अवगत कराया। तत्पश्चात गुमला नगर के कई समस्याओं पर चर्चा हुई और बहुत जल्द गुमला चैंबर की पूरी टीम के साथ एक बैठक कर गुमला के ज्वलन्त समस्याओं पर विचार विमर्श और समाधान की पहल किए जाने की बात हुई। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साबू, कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष पदम साबू, दिनेश अग्रवाल और पंकज खण्डेलवाल आदि उपस्थित थे।

## दो किशोरियो का रेस्क्यू कर अंडमान निकोबार से सकुशल लाया गया

गुमला। गुमला जिला प्रशासन एवं अंडमान-निकोबार प्रशासन के संयुक्त प्रयास से गुमला जिले की दो किशोरियों को सुरक्षित रूप से अंडमान निकोबार से रेस्क्यू कर शुक्रवार को गुमला लाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में एक किशोरी को उनके परिजन के द्वारा अंडमान ले जाया गया था, जहां उसे स्थानीय कार्यों में संलग्न कर दिया गया था। दूसरी किशोरी को वर्ष 2024 में पढ़ाई और बेहतर देखभाल का आश्वासन देकर निकोबार ले जाया गया था, जहां उसे एक फैक्ट्री में काम पर लगाया गया। इन दोनों मामलों में बालिकाओं को बाद में अंडमान निकोबार के जिला बाल संरक्षण तंत्र द्वारा संरक्षण में लिया गया तथा उन्हें बालिका गृह में रखा गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गुमला अमर कुमार द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित परिजनों की पहचान की गई। इसके उपरांत, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोनों परिवारों की उपस्थिति बाल कल्याण समिति, अंडमान निकोबार के समक्ष सुनिश्चित की गई। सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत दोनों किशोरियों को सकुशल गुमला लाया गया। इनमें से 20 वर्षीय किशोरी को उसके परिवार को सौंप दिया गया है, जबकि 15 वर्षीय किशोरी को फिलहाल गुमला के बालिका गृह में रखा गया है। उसके पुनर्वास एवं काउंसलिंग की प्रक्रिया जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सुनिश्चित की जा रही है।

## घाघरा : कृषि विज्ञान केंद्र और आत्मा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



घाघरा। आदर बाजार टाड़ में विकसित कृषि संकल्प अभियान को लेकर कृषि विज्ञान और आत्मा गुमला द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्नत तकनीक व योजना, प्राथमिक खेती को बढ़ावा, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन, डीजीआर, फसल विविधीकरण जैसे कई विषय पर किसानों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रधान सह वरीय कृषि वैज्ञानिक संजय कुमार सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खरीफ फसलों के लिए आधुनिक तरीके से खेती करने, सरकारी योजना और नीतियों की जानकारी देना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल और उर्वरक की जानकारी देना, किसानों से फीडबैक प्राप्त कर नवाचार दस्तावेज बनाना सहित कोई जानकारी देना है। वहीं कृषि वैज्ञानिक संजय कुमार ने यही कहा कि किसान आधुनिक तरीके से खेती कर बेहतर कमाई करें। अपने आप को दुगनी बनाएं। कृषि तकनीक की पूरी जानकारी ले। ताकि किसान को फसल संबंधी नुकसान न हो। मौके पर मुखिया यशमुनि कुमारी, डॉक्टर नीरज कुमार वैश्य, डॉक्टर मनमोहन कुमार, ईनो राय, शुभम कुमार, बीनू उरांव, श्याम साहू, राजीव उरांव सहित कई किसान उपस्थित थे।

## टी वी मरीजों के बीच पोषण किट का किया गया वितरण



डुमरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरी में शुक्रवार को अंचल अधिकारी रामप्रवेश कुमार, प्रमुख जीवंती एक्का एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अलबेल केरकेट्टा ने टीवी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया। जिला कार्यक्रम समन्वयक विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि टी वी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनकर डुमरी एवं जारी प्रखंड में कुल 20 उपचारित टी वी मरीजों को गोद लेकर पोषण किट उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य कर्मी शामिल हैं। इस पोषण किट में चना, दाल, गुड़, बादाम एवं तेल कुल 8 किलोग्राम सभी उपचारित मरीजों को उपचार अवधि तक निक्षय मित्र के द्वारा प्रति माह उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में उपस्थित अधिकारियों ने टी वी से बचाव हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए मरीजों को नियमित दावा का सेवन करने एवं समय समय पर जांच कराने की सलाह दी। वहीं एस टी एस अजय लकड़ा ने टी वी मरीजों को कहा कि वे किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता हेतु हर समय उनसे संपर्क स्थापित कर सकते हैं। जिससे कि इलाज में कोई बाधा न हो। वहीं उपस्थित अधिकारियों ने जन सामान्य से अपील की है कि उपचारित टी वी मरीजों को गोद लें एवं निक्षय मित्र बनें। मौके पर एस टी एल एस पवन कुमार, लैब टेक्नीशियन नरेंद्र कुमार, बीपीएम राजेश केरकेट्टा, टाटा स्टील फाउंडेशन के कर्मी, बी टी टी एजरस एक्का, शांता टोप्पो, दीपिका कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

जारी के श्रीनगर स्थित संत डॉन बॉस्को चर्च में बना नवनिर्मित गिरजाघर का हुआ उद्घाटन

# लोगों में धर्म के प्रति आस्था व विश्वास बढ़ेगा: बिशप

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर मिस्सा पूजा कराते बिशप।

जारी। जारी प्रखंड के श्रीनगर संत डॉन बोस्को चर्च में नव निर्मित गिरजाघर का शुक्रवार को उदघाटन किया गया। चर्च उदघाटन समारोह में गुमला बिशप लिनुस पिंगल एक्का सहित पुरोहित व धर्मबहनें शामिल हुई।

समारोह में मुख्य अनुष्ठाता के रूप में उपस्थित बिशप लिनुस पिंगल की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा हुई। इसके बाद गिरजाघर परिसर में आशीष जल का छिड़काव किया गया। बिशप पिंगल ने नवनिर्मित चर्च निर्माण के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया।

साथ ही सम्पूर्ण मसीही धर्मावलम्बियों को बधाई दी। बिशप लिनुस पिंगल ने कहा कि ईश्वर की असीम अनुकंपा से श्रीनगर गिरजाघर का निर्माण हुआ है।

यहां धर्म निवास करेगा। लोग आस्था से प्रभु की प्रार्थना करेंगे। शांति का अनुभव होगा। धर्म के प्रति लोगों की आस्था बढ़ेगी। बिशप ने आगे कहा कि प्रभु की आराधना से जीवन सफल होगा।

चर्च बनने के बाद समाज को मजबूत बनाने की शक्ति मिलेगी। इस चर्च के निर्माण से लोगों में श्रद्धा उत्पन्न होगी। कोई भी निर्माण कार्य आसान नहीं होता। उसके लिए योजना, परिश्रम, आपसी तालमेल और समझदारी की आवश्यकता होती है। प्रभु का घर सबके लिए खुला रहना चाहिए।

मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया। वहीं कार्य क्रम में मुख्य रूप से फा कुलदीप खलखो, फा मुनसन बिलुंग, फा अरविन्द कुजूर, फा अजित खलखो, फा राजेंद्र तिर्की, सि रेजिना बेक, सि हिलेंगे बिलुंग, सि जुभिला कुजूर, ब्रदर अजित खलखो, ब्रदर जोसेफ टोपनो साहित सैकड़ो मसीह धर्मावलंबियों उपस्थित थे।

# कालीकरण के उपर पीसीसी का ग्रामीणों ने किया विरोध, डीसी से की शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता



भंडरा। प्रखंड के चट्टी नगजुआ मुख्य सड़क पर बड़ागाई मोड़ से बड़ागाई नदी पुल तक कालीकरण सड़क के उपर पीसीसी का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने शुक्रवार को काम रोका। साथ ही इसकी शिकायत उपायुक्त से करते हुए प्राक्कलन के अनुरुप कालीकरण सड़क निर्माण की मांग की। इस संदर्भ में बड़ागाई पंचायत मुखिया कैली उरांव ने कहा कि बड़ागाई मोड़ से कूंदो तक वर्षों से कालीकरण सड़क है। उक्त सड़क किनारे छिटपुट घर हैं। घनी आबादी भी नहीं है। इसके बावजूद आरईओ से आवंटित उक्त सड़क मरम्मती योजना के तहत संवेदक द्वारा कालीकरण के उपर पीसीसी करने का प्रयास किया जा रहा है। जो किसी भी स्थिति में मान्य नहीं है। जहां कालीकरण सड़क है।

इसके उपर कालीकरण सड़क ही होना चाहिये। ग्रामीणों ने बताया कि पीसीसी के लिये गिराया गया बालू भी काफी घटिया और मिट्टी युक्त है। ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया है। इसमें ग्राम प्रधान सुनील उरांव सहित पूरे गांव का समर्थन है।

पीसीसी के विरोध में गांव के नरेश राम ओस्ताद, शाहजहां अंसारी, देव नारायण ओस्ताद, रमेश राणा, मुस्तफा अंसारी, गौतम राणा, सोमा उरांव, वीरेंद्र उरांव, काली राम ओस्ताद, देवा राम ओस्ताद, इमरान अंसारी, शाहदेव उरांव, मुस्तकीम अंसारी, कृष्णा उरांव सहित ग्रामीण शामिल हैं।

लोहरदगा : 300वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में बोले सुदर्शन भगत

# अहिल्याबाई होलकर के द्वारा किए गये कार्य एक मिशाल है

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। न्याय की देवी मानी जानी वाली रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती (तीसरी शताब्दी) के अवसर पर शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा इसे लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। उस मौके पर कार्यक्रम आयोजन कर रानी अहिल्याबाई होलकर के कार्यों को याद किया गया। रानी अहिल्याबाई होलकर एक मराठा शासक थी और वे अपने कार्यकाल में महिला उत्थान, धार्मिक उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए है मुगलो द्वारा भारत में हिंदूओ के कई पवित्र मंदिरों का विध्वंश किया गया था जिनमें सोमनाथ और बनारस के काशी विश्वनाथ भी शामिल हैं जिसका जीर्णोद्धार भी रानी अहिल्याबाई होलकर ने कराई। इस मौके पर संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा रानी अहिल्याबाई होलकर के द्वारा कई सामाजिक और धार्मिक कार्य किए गए जो समाज के लिए एक मिशाल है। उन्होंने ने शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ महिलाओं के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके तीसरी शताब्दी पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके कार्यों को याद किया जा रहा है और उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इस मौके पर नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

27 मई से विहिप का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग जारी, शुक्रवार से बजरंग दल का : रितेश कुमार

# त्याग व सहनशीलता की प्रतिमूर्ति हैं हमारे ईष्ट श्रीराम: बीरेंद्र

महापुरुषों की त्याग से हमे प्रेरणा लेने की जरूरत : आनन्द

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। प्रांतीय संगठन के निर्देश पर 27 मई से विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा द्वारा स्थानीय शीला देवी सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल परिषर में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल का ग्यारह दिवसीय संयुक्त प्रान्त स्तर का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग आरम्भ हो चुका है। जिसमे विश्व हिंदू परिषद के 75 कार्यकर्ता तथा बजरंग दल के 300 बजरंगी शौर्य प्रशिक्षण ले रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद शौर्य प्रशिक्षण के शुभारंभ में क्षेत्रीय मंत्री बीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि हमे हमारे भगवान के राम का चरित्र से प्रेरणा लेने की जरूरत है, क्योंकि जब पूरा संसार जान रहा था कि अयोधया के राजा दशरथ अपने बड़े पुत्र श्रीराम का राज्याभिषेक की घोषणा कर दी थी, परन्तु समय चक्र बदलते देर नही लगी और अपने पिता यानि राजा दशरथ के दिये हुए वचन का पालन करने हेतु 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किये तथा अपने भाई भरत को राजगद्दी सौप दी। जबकि क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने बौद्धिक वर्ग को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी को महापुरुषों की कार्यों को जानने तथा उनसे प्रेरणा लेकर उनकी प्रेरणादायी कार्यों का आलिंगन करने की जरूरत है। प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य चरित्र निर्माण तथा धर्म रक्षा हेतु शारिरिक सौष्ठव एवं बौद्धिक क्षमता बढ़ाना है। वर्ग में प्रशिक्षक के रूप में विहिप क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा,प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रान्त धमार्चार्य सम्पर्क प्रमुख युगल प्रसाद, बजरंग दल प्रान्त संयोजक रंगनाथ महतो, प्रान्त मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, सत्संग टोली सदस्य सह वर्गाधिकारी बलदेव आचार्य, धनबाद महानगर अध्यक्ष सह वर्ग मुख्य शिक्षक द्वारिका प्रसाद, विभाग प्रचारक कुलदीप सिंह, हजारीबाग संगठन मंत्री कुलेश्वर शामिल हैं। जबकि पूरे वर्ग को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने हेतु लोहरदगा जिला विहिप अध्यक्ष एवं वर्ग व्यवस्था प्रमुख रितेश कुमार, जिला मंत्री सह व्यवस्था प्रमुख रंजीत कुमार, जिला संगठन मंत्री कार्तिक, सुनील अग्रवाल, हिमांशु कुमार, आशुतोष पाठक, नितिन कांस्यकर, अंकित गुप्ता, प्रशांत खत्री, गुमला जिला मंत्री मनीष बाबू समेत अनेको सनातन व्यापारी बन्धु तथा समाजसेवियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## डुमरी : जन शिकायत निवारण दिवस में 21 मामलों का हुआ निष्पादन



डुमरी। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों को सुना गया और संबंधित मामलों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं। बीडीओ स्वांसी ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से बात की और समस्याओं के समाधान की दिशा में संबंधित विभागीय कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी के निर्देश के आलोक में अब सभी प्रखंड में भी जन शिकायत निवारण दिवस का नियमित रूप से आयोजन बीडीओ के द्वारा किया जा रहा है, ताकि नागरिकों की हर समस्या के लिए मुख्यालय तक की दूरी तय करने की आवश्यकता ना पड़े।

# बिजली समस्या को लेकर महिलाओं ने विद्युत कार्यपालक अभियंता के कार्यालय का किया घेराव

ज्ञापन सौंपकर राजनगर चेतन में बिजली खंभा लगते वह किशोर साहू के बिजली बिल में की सुधार की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के सदस्यों ने बिजली समस्या को लेकर शुक्रवार को कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग के कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान महिलाओं ने राजनगर चेटर में बिजली खंभा लगाने व किशोर साहू को भेजेंगे अत्यधिक बिजली बिल में सुधार की मांग की। महिलाओं ने कहा कि राजनगर चेटर में बांस के लकड़ी के सहारे लोग अपने घरों तक बिजली ले गए हैं। जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार विभाग को लिखित ज्ञापन भी सौंपा गया लेकिन अब तक बिजली खंभे को नहीं बदल गया। महिलाओं ने कहा कि जल्द से जल्द राजनगर चेटर में बिजली खंभा लगाया जाए। वही घेराव कर रही महिलाओं ने कहा किशोर साहू दो माह का बिजली बिल अस्सी हजार रुपए से अधिक दे दिया है। महिलाओं ने तत्काल बिजली बिल में सुधार की मांग की। इस अवसर पर प्रतिज्ञा महिला संगठन की अध्यक्ष देव की देवी, सुषमा देवी, सुजाता खलखो, मधु देवी, अर्चना लकड़ा, अमृता कुमारी, सीता देवी, गायत्री देवी, सुनीता देवी, प्रमिला देवी, कलावती देवी, रिता टोप्पो, शैलेश सुनो व राजेश उपस्थित थे।

## निवर्तमान डीसी डॉ वाघमारे को दी गयी विदाई



लोहरदगा। जिले के डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के स्थानांतरण की खबर आते ही जिले में भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। उनके कार्यकाल की विदाई को यादगार बनाने के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति पदाधिकारी-कर्मचारी संघ एवं आंबेडकर विचार परिषद की ओर से एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष अरुण राम, सचिव लखन राम एवं दिगम्बर राम ने की। समारोह के दौरान डॉ वाघमारे को पुष्पगुच्छ व साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को दशार्ते हुए विशेष रूप से तैयार किए गए चित्रों का एक संकलन उन्हें सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ वाघमारे द्वारा खेलकूद, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों की खुले दिल से प्रशंसा की। इन क्षेत्रों में उनकी कार्यशैली ने जिले को नई दिशा दी है, जिसका असर आने वाले वर्षों तक महसूस किया जाएगा। उपस्थित लोगों ने बताया कि डॉ वाघमारे न सिर्फ एक प्रशासनिक अधिकारी रहे, बल्कि वे एक मार्गदर्शक, प्रेरक और जन-संवेदनशील नेतृत्वकर्ता के रूप में भी जाने जाएंगे। लोहरदगा उन्हें हमेशा याद रखेगा। एक ऐसे अधिकारी के रूप में, जिन्होंने प्रशासन को मानवता से जोड़ा। इस अवसर पर दसई उरांव, मधु तिर्की एवं अमित कुमार भी उपस्थित थे।

# बागवानी, पशुपालन पर भी ध्यान दे किसानः बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



कैरो। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार प्रखण्ड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि आज के समय मे किसान सिर्फ परंपरागत खेती पर जोर देते हैं, जबकि बागवानी, पशुपालन इत्यादि ऐसे बिंदु हैं जिनको अपनाकर किसान ज्यादा लंबे समय तक के लिए आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव द्वारा किसानों को कृषि की नई तकनीक व रासायनिक खाद के प्रयोग को कम करने पर जोर दिय गया। प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी ज्ञान साहू ने कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा बीज वितरण, धान, अधिप्राप्ति, आदि पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन किशोर उरांव ने किया। मौके पर प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी रामसाय टाना भगत, मधुलिका रानी, मुखिया वीरेंद्र महली, सुमित्रा उरांव, जयमंगल मुंडा, सुमन तिग्गा, विनय उरांव, रीना उरांव, अनुराधा, फलिन्द्र रविदाश, महादेव उरांव, प्रतिमा देवी, कुश कुमार सिंह, कुंवर साहू, राजकुमार यादव सहित प्रखंड कर्मी व किसान उपस्थित थे।

## नेशनल सिलंबम मास्टर ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा ले रहे है लोहरदगा के पिता-बेटी



लोहरदगा। जिला सिलंबम एसोसिएशन के सचिव सह झारखंड सिलमबम एसो के सह सचिव श्रवण साहू एवं लोहरदगा जिला की ऐश्वर्या साहू दोनो पिता बेटी कन्याकुमारी के सीएसआई ऑडिटोरियम में आयोजित नेशनल सिलंबम मास्टर ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा ले रहे है। जहां श्रवण तलवारबाजी एवं ऐश्वर्य साहू भाला का विशेष ट्रेनिंग ले रहे हैं। ज्ञात हो कि यह ट्रेनिंग 5 दिनों तक चलेगी जिसमें हिंदुस्तान से हर राज्य से लगभग 500 प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया है। ज्ञात हो कि इस ट्रेनिंग कैंप ग्रैंड मास्टर सिलवा वर्ल्ड सिलंबम फेडरेशन के अध्यक्ष के द्वारा सभी को गहन ट्रेनिंग दिया जा रहा है। यह सभी प्रशिक्षक ट्रेनिंग समाप्त होने के उपरांत अपने-अपने राज्य एवं जिले में सिलंबम खेल को बढ़ावा देंगे और आने वाले चैंपियनशिप में खिलाड़ी अच्छे से परफॉर्मेंस करें और खेलो इंडिया जैसे चैंपियनशिप में मैडल जीतकर अपने जिले और राज्य का नाम रौशन कर अपना भविष्य उज्जवल कर पाएंगे। क्योंकि ऑल इंडिया सिलंबम फेडरेशन ऑफ इंडिया को मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्टस भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है साथ ही यह खेल साई और खेलो इंडिया में सम्मिलित है।

## तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद को दी गयी बधाई



लोहरदगा। तीसरी बार कैरो प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो उम्मीद और भरोसा जताते हुए मेरी निष्ठा, ईमानदारी,कार्य कुशलता एवं पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए मुझे तीसरी बार कैरो प्रखंड का नेतृत्व सौंपा है। उस पर मैं सौ फीसद उनके उम्मीद एवं भरोसे पर ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक खरा उतरने का कोशिश करूंगा। इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी के राजू, सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद का दिल से आभार एवं धन्यवाद करता हूं। बधाई देने वालों में पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, सांसद सुखदेव भगत, जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, कांग्रेस नेता डॉ अजय नाथ शाहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, विधायक प्रतिनिधि निश्ति जयसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष साबिर खान,साजिद अहमद चंगू, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, किसको जिप सदस्य संदीप कुमार, जिला महासचिव सामूल अंसारी, सदरुल अंसारी, रविंद्र सिंह खेरवार, महिला जिला अध्यक्ष सीमा परवीन, यूथ जिला अध्यक्ष विशाल डुगंडुगं, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी आदि शामिल है।

# पतागाई बजरंगबली मंदिर के वर्षगांठ पर निकाला गया कलश यात्रा, जयकारे से गूंजमान रहा क्षेत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



कलश में जल उठाने नदी पहुंची महिलाएं।

घाघरा। घाघरा प्रखंड के पतागाई गांव स्थित बजरंगबली मंदिर के 16 वी वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला और बच्चियां शामिल हुई। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए पतागाई गांव स्थित नदी पहुंचा। जहां आचार्य प्रमोद पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जलभरी करायो इसके उपरांत कलश यात्रा कलश लेकर पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रउच्चार के साथ जला अभिषेक कराया गयो पूजन पाठ की गई। वही कलश यात्रा के दौरान जय श्री राम, बजरंगबली की जय, हर हर महादेव की गगन भेदी जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज मान रहा। साथी भक्ति में गीत व संगीत से चारों ओर भक्ति का वातावरण बना रहा। वही मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक राधेश्याम सिंह एवं घनश्याम सिंह ने बतलाया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर का वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कलश यात्रा पूजा पाठ साथ ही शाम में 12 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया है। साथ ही यह भी बतलाया कि इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। यह भंडारा से लेकर रात्रि में श्रद्धालु भक्त के आगमन तक चालू रहेगा। मौके पर ममता कुमारी, महिमा कुमारी, मंजन देवी, सन्तोला देवी समिति के सदस्य पंकज सिंह, सूरज सिंह, अभिषेक सिंह, कृष्णा सिंह, सुपेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## सांता पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने किया डीसी प्रेरणा दीक्षित का स्वागत



गुमला। सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला के प्रबंधन समिति ने नवपदस्थापित उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित से मुलाकात की। विद्यालय के संरक्षक शंकरलाल जाजोदिया, निदेशक हेमंत कुमार ने डीसी को बुके देकर अभिनंदन किया। मौके पर शंकरलाल जाजोदिया ने कहा कि गुमला पिछड़ा जिला है और निश्चित रूप से आपसे गुमला जिले वासियों को काफी उम्मीदें हैं। आपके नेतृत्व में गुमला जिला नई ऊंचाइयों में पहुंचेगी। वहीं निदेशक हेमंत कुमार ने कहा कि आपसे गुमला की जनता को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने उपायुक्त से जिले में रोजगार सृजन,नशामुक्ति और पर्यटक के क्षेत्र में कार्य करने की अपील की। शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की अपील की। डीसी ने गुमला के भौगोलिक स्थिति और दूरस्थ क्षेत्रों की जानकारी ली। साथ ही भरोसा दिया कि सभी के सहयोग से गुमला का चहुमुंखी विकास होगा।

# एनडीआरएफ की टीम ने चैनपुर में प्राकृतिक आपदा जागरूकता शिविर का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में एक व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। पटना से आई एनडीआरएफ की टीम ने ग्रामीणों को विभिन्न आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकें सिखाईं। शिविर के दौरान, एनडीआरएफ टीम ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को बचाने के तरीके प्रदर्शित किए। उन्होंने विशेष रूप से दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जहां एंबुलेंस की पहुंच मुश्किल होती है। आपातकालीन अस्थायी स्ट्रेचर बनाने की विधि का प्रदर्शन किया, ताकि मरीजों को सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाया जा सके। इसके अतिरिक्त, टीम ने पानी में डूबे हुए व्यक्तियों को बचाने का तरीका सिखाया और रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए चार महत्वपूर्ण तरीके बताए। सांप काटने की स्थिति में बचाव और प्राथमिक उपचार के तरीका बताया। एनडीआरएफ टीम कमांडर हेमंत कुमार तिवारी ने जोर देकर कहा कि इन तकनीकों को सीखने और उनका अभ्यास करने से व्यक्ति आपातकालीन स्थितियों में न केवल अपने परिवार की सुरक्षा कर सकते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन को बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस शिविर में बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता सहित प्रखंड एवं अंचल कर्मी तथा एनडीआरएफ कर्मी कांस्टेबल दीपक कुमार, रितेश कुमार, अश्वनी कुमार, राजीव कुमार और कई ग्रामीण उपस्थित थे। इस पहल से स्थानीय समुदाय को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## छिपादोहर में लूटकांड गिरोह का पदार्फाश: पांच अपराधी गिरफ्तार, लाखों की नकदी और माल बरामद

# आमजन की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है : भरत राम

- सुनियोजित तरीके से हथियार के बल पर राहगीरों व व्यवसायियों को लुटते थे अपराधी

### अपराधियों पर रहेगी लगातार नजर : डीएसपी

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** छिपादोहर पुलिस को गुरुवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब छिपादोहर थाना क्षेत्र में सक्रिय एक अंतरराज्यीय लूट गिरोह का भंडाफोड़ किया गया।

डालटनगंज महुआडाँड़ मुख्य मार्ग पर बक्सा मोड़ के पास किसी बड़ी घटना की साजिश रच रहे पांच अपराधियों को पुलिस ने रंगेहाथ दबोच लिया। एसपी लातेहार को मिली गुप्त सूचना के बाद, एसडीपीओ बरवाडीह भरत राम के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह और आइआरबी-04 सैट-137 बल की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर अपराधियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।


प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

प्रेसवार्ता में एसडीपीओ भरत राम ने बताया कि ये अपराधी संगठित रूप से लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। एक स्थानीय व्यक्ति से इनपुट लेकर ये लोग सुनियोजित तरीके से राहगीरों, व्यापारियों को निशाना बनाते थे। अपराध पर पूरी सख्ती के साथ नियंत्रण लाना हमारी प्राथमिकता है। यह कार्रवाई जनता के भरोसे की जीत है। गिरफ्तार अपराधियों में हरिनंदन कुमार उर्फ गोलू (लातेहार), शुभम कुमार मेहता, धीरज कुमार सिंह, रोहित कुमार पटेल और आजाद अंसारी (सभी गढ़वा निवासी) शामिल हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि ये सभी पहले से ही छिपादोहर थाना में दर्ज दो मामलों (कांड संख्या 09/2025 व 10/2025) में नामजद हैं।

### लूट की बड़ी बरामदगी

बरामद सामान में 4,05,000 नकद, 75,000 मूल्य का Apple iPhone, बोलेरो (CG13AB-7508), आर्टिगा (CG12BR-7989), अल्टो (JH10R-7055), टाटा मैजिक (छोटा हाथी), यामाहा R15 (बिना नंबर प्लेट), टैम्पू (JH03AL-1455), 156 पेटी कोल्डड्रिंक (स्प्राइट, स्लाइस, फ्रूटी, ट्रेटा पंच, स्टींग आदि) और 31 पेटी पानी (एक्वाफीना, केम्पटी आदि) शामिल हैं।


बरामद वाहन।

### दो बड़ी घटनाओं का खुलासा

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में 14 मई को टाटा मैजिक वाहन से कोल्डड्रिंक और पानी की लूट तथा 24 मई को एक महिला से 7 लाख की लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। इस सफल अभियान में थाना

### छापेमारी में ये रहे शामिल

प्रभारी धीरज कुमार सिंह, पुअनि रितेश कुमार राव, बिकाशेन्दु त्रिपाठी, सअनि राजेश कुमार, इन्द्रजीत तिवारी, आरक्षी मुकेश वर्मा एवं IRB सैट-137 के जवानों की प्रमुख भूमिका रही।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

- उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय कराना सुनिश्चित करें।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** शुक्रवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत अप्रैल और मई में जिले में किए गए खाद्यान्न वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुकूल काम न कर पाने वाले प्रखंडों में लातेहार, बरवाडीह के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर नाराजगी जाहिर करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया तथा सुधारात्मक प्रगति लाने की हिदायत दी गई। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें। बीएसओ एवं डीएसओ लॉगिन में लंबित मामलों को अविलम्ब निष्पादित करने का निदेश दिया गया। राशन कार्ड में लाभुकों की ई-केवाइसी से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने जिले के शत-प्रतिशत लाभुकों का समय पर ई-केवाइसी कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा खाद्यान्न वितरण, जन वितरण प्रणाली दुकानों से संबंधित मामले, पीवीटीजी डाकिया योजना, गमुख्यमंत्री दाल-भात योजना, धान अधिप्राप्ति एवं भुगतान, चना दाल वितरण योजना, लाभुकों का ई केवाईसी, पीजीएमएस शिकायत, सुसुप्त राशन कार्ड, समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी सुयोग्य लाभूको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जनसेवक, संबंधित उपस्थित थे।

## चंदवा: कार की डिक्की में छिपा कर ले जाए जा रहे 30 किलो गांजे की खेप को पुलिस ने पकड़ा

- 3 तस्कर भी चढ़े पुलिस के हत्थे, दो कार भी बरामद
- एनएच 75 मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुईया मोड के पास से हुई है गिरफ्तारी व बरामदगी


बरामद गांजा।


गिरफ्तार हुए अपराधी।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार/चंदवा।** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस की टीम ने एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुईया के समीप से लाल रंग की संदिग्ध कार से मादक पदार्थ लगभग 30 किलो गांजा की खेप को पकड़ने में सफल रही है। इस दौरान पुलिस तीन तस्कर हिमांशु कुमार उर्फ मनीष (अमारी थाना उपहारा औरंगाबाद, बिहार), हिमांशु कुमार उर्फ प्रशांत (टेपा, थाना टेकारी, गया बिहार) व शुभम कुमार (भौरी, थाना पूरा, जिला गया बिहार) पकड़ा है साथ ही लाल रंग की कार डीएल 2 सीक्यू 5684 की डिक्की से गांजे को खेप एवं रेकी कर रहा डिजायर कार बीआर 02 बीआर 9897 को जब्त किया है। लातेहार एसडीपीओ कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसडीपीओ अरविंद कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच 75 मुख्य मार्ग अंतर्गत लुकुईया मोड के समीप संदिग्ध रूप से एक लाल रंग एवं एक सफेद कार खड़ी है, जिसमें लाल रंग को कार में गांजा लोड है, जिसे गया ले जाया जा रहा है, जबकि सफेद कार पुलिस की गतिविधि को रेकी कर रही है। सूचना के आलोक में टीम गठित कर करवाई की गई जिसमें उक्त सफलता मिली। पुलिस द्वारा पकड़े गए गांजे की अनुमानित बाजार मूल्य करीब 5 लाख रुपए की जा रही है।मामले में चंदवा थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में एसडीपीओ अरविंद कुमार, सअनि सरोज कुमार सिंह, राजू कुमार दास एवं माल्हन पिकेट के जवान शामिल थे।

## लातेहार पुलिस को पीएलएफआई के खिलाफ बड़ी सफलता, उग्रवादी विष्णु उरांव गिरफ्तार



लातेहार। शुक्रवार को लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि विष्णु उरांव पीएलएफआई के नाम पर ठेकेदारों को धमकी दे रहा है। इस सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। लातेहार पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के एक सक्रिय सदस्य विष्णु उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। विष्णु गुमला के भरनो स्थित भड़गांव के खलबी टोला का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से लेवी मांगने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला मोबाइल फोन भी बरामद किया है। विष्णु 4 अप्रैल 2025 को हड़गड़वा में हुई कई आपराधिक घटनाओं में शामिल था। इनमें संतोष सिंह के क्रशर मशीन पर फायरिंग और फिरोज अहमद के ईंट भट्ठा में लेवी मांगने की घटनाएं शामिल हैं। साथ ही भट्ठा के मुंशी पर गोलीबारी का भी आरोप है। इस मामले में पीएलएफआई के चार अन्य उग्रवादी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। विष्णु फरार चल रहा था। छापेमारी दल में चंदवा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह और सैट-44 के सशस्त्र बल शामिल थे। आरोपी को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

## चंदवा फाईटर, ब्राइट फ्यूचर व आरआरसी ने दूसरे चक्र में बनाया स्थान

**चंदवा।** स्थानीय खेल स्टेडियम में चल रहे स्व. प्रभाकर मिश्रा दिवा रात्रि कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार की रात्रि तीन मुकाबले खेले गये। पहला मैच चंदवा फाइटर और खलारी के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए खलारी ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 46 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी चंदवा ने सारिक, अद्दू व खेताब की बेहतरीन पारी की बदौलत यह मैच छह विकेट से जीत लिया। सारिक मैन ऑफ द मैच चुने गये। दूसरे मुकाबले में ब्राइट फ्यूचर महुआ मिलान ने युवा भारत हो हराया वहीं तीसरे मैच में अनुप की ताबड़तोड़ 39 रनो की बदौलत आरआरसी टोरी ने मैकलुस्कीगंज को 23 रनो से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। अमपायर की भूमिका दीपक व अजय ने निभाई। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के रहिया ग्राम में शुक्रवार को जहर खाकर एक वृद्ध ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किशोर गंझु 53 वर्ष ग्राम रहिया थाना बारियातू निवासी ने पारिवारिक विवाद में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों द्वारा किशोर गंझ को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## देश के जवानों के वजह से ही देश का गौरव बढ़ा है: सुबोध कांत सहाय



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** रांची से मेदिनीनगर जाने के क्रम में पूर्व केंद्रीय सुबोधकांत सहाय व प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनय सिन्हा दीपू का लातेहार परिसदन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित यादव के नेतृत्व में स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सहाय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही देश के सेना को सम्मान करते आई है। इसीलिए कांग्रेस जय हिन्द सभा कार्यक्रम पूरे देश में कर रही है सेना के शौर्य पराक्रम व बलिदान को यादगार बनाने के लिए यह कार्यक्रम को कर रही है। श्री सहाय ने आगे कहा कि देश के जवानों के वजह से ही देश का गौरव शुरू से बढ़ा है, यह देश जिस पाकिस्तान से लुकाछिपी लड़ाई लड़ रहा है उस पाकिस्तान को इंदिरा गांधी ने दो भागों में बांट दिया है तीसरा टुकड़ा करने को तैयार थे। उन्होंने आगे कहा कि देश में कई प्रधानमंत्री के साथ काम किया हूँ लेकिन पहली बार प्रधानमंत्री को मदाड़ी वाला भाषा बोलते देख रहा हूँ, मुख्य मुद्दा से भटकाकर देश में सिंदूर महिलाओं के सुहाग का प्रतीक है फिर खून में बताकर कितना हास्यास्पद है, सिंदूर पर राजनीतिक नहीं करना चाहिए। मौके पर कामगार कर्मचारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कामिल अंसारी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द उरांव, इमरान अंसारी आदि मौजूद रहे।

## जेएसएलपीएस द्वारा सोशल मीडिया का प्रचार प्रसार को लेकर विशेष अभियान का आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**


सोशल मीडिया हैंडल्स के बारे बताया गया।

**बारियातू।** झारखंड राज्य आजीविका प्रोत्साहन सोसायटी जेएस एलपीएस द्वारा शुक्रवार को प्रखंड के दो संचालित क्लस्टरों में एक विशेष अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेएसएलपीएस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स की जानकारी साझा करना तथा प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से आजीविका मिशन की गतिविधियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत सामुदायिक संस्थाओं ग्राम संगठन भीओ क्लस्टर लेवल फेडरेशन सीएलएफ एंव स्वयं सहायता समूहों एसएचजी की सदस्यों को भी उक्त डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़ना है। अभियान अंतर्गत प्रतिभागियों को डिजिटल साक्षरता प्रदान करते हुए बताया गया कि वे कैसे सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी उपलब्धियों, नवाचारों और प्रेरणादायी कहानियों को साझा कर सकते हैं। वहीं प्रमुख सोशल मीडिया हैंडल्स की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को जेएसएलपीएस के पांच प्रमुख सोशल मीडिया हैंडल्स की जानकारी दी गई जिसमे फेसबुक @ ऑनलाइन जेएसएलपीएस, ट्विटर (अब एक्स) @ऑनलाइन इंस्टाग्राम यूट्यूब, @ जेएसएलपीएस व्हाट्सप्प सम्बंधित समूहों के माध्यम से साझा किया गया। विशेष अभियान में सामुदायिक स्तरीय संघों के अध्यक्ष, सचिव, ग्राम संगठन की महिला सदस्याएँ, युवा प्रतिनिधि, सीएलएफ की सीआरपी कम्युनिटी मुख्य श्रोत व्यक्ति, बैंक मित्र ने भाग लिया। उपस्थित प्रतिभागियों को केवल सोशल मीडिया की मात्र जानकारी नहीं बल्कि बुनियादी जानकारी भी दी गई। लाइव डेमो के माध्यम से बताया गया कि पोस्ट, वीडियो और फोटो के माध्यम से कैसे अपने कार्यों का प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया को फॉलो और सब्सक्राइब भी किया। व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से भी जानकारी प्रसारित की गई जिससे भविष्य में उन्हें नियमित अपडेट प्राप्त हो सके। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुजिबुल आरफीन, प्रशासनिक सहायक नितेश कुमार, सामुदायिक समन्वयक मनीष कुमार , अनिल उरांव , सत्येन देवी, प्रमिला देवी एवं आईपीआरप सोनी खातून, दीपावली देवी मौजूद थे।

## बरवाडीह में गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस श्रद्धा और सेवा के साथ मनाया गया


प्रसाद वितरण करते सोनू सरदार व उनके परिजन।

**बरवाडीह।** सिख धर्म के पंचम गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बरवाडीह में श्रद्धा और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। बस स्टैंड स्थित आदिशक्ति महावीर मंदिर के समीप श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में यह पावन दिवस बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय कपड़ा व्यवसाई सोनू सरदार एवं उनके परिवार ने सेवा भाव का परिचय देते हुए राहगीरों और श्रद्धालुओं के बीच हलुआ, चना और शरबत का वितरण किया। गर्मी से राहत दिलाने वाले शरबत और सादगी से तैयार किया गया हलुआ-चना को प्रसाद स्वरूप लोगों ने श्रद्धा और संतोष के साथ ग्रहण किया। सोनू सरदार ने बताया कि गुरु अर्जन देव जी का बलिदान सिख इतिहास का एक अहम अध्याय है। उनका जीवन सत्य, त्याग और धर्म की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अत्याचार के विरुद्ध खड़े होकर सहनशीलता और सेवा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की और गुरु जी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में शांति और भक्ति का माहौल बना रहा। सोनू सरदार के परिजनों ने इसे एक प्रेरणादायक अवसर बताया, जिसमें धर्म, सेवा और एकता का सुंदर संगम दिखाई दिया। इस मौके पर मनिंद्र कौर, अमरदीप कौर, गुरमीत कौर, रजनी कौर, कमलजीत सिंह, सरजीत सिंह और कुलराज सिंह समेत सिख समुदाय के कई लोग शामिल थे।

## लाधुप में वज्रपात की चपेट में आने से के बैल की मौत


वज्रपात से मृत पशु।

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लाधुप पंचायत के दुधीमाटी गांव में शुक्रवार दोपहर हुई वज्रपात की घटना में किसान के (पशुधन) एक बैल की मौत हो गई। घटना के संबंध में इतवरिया देवी पति लेदा गंझु ने बताया कि घर के सामने मचान के समीप सभी जानवर बंधे हुए थे, इतने में बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान वज्रपात की घटना घटित हुई। वज्रपात की चपेट में आने से एक बैल की मृत्यु हो गई है। भुक्तभोगी महिला ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर घटना की सूचना मिलते ही लाधुप पंसस बुधन गंझु ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिलकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का कार्य किया जायेगा।

## मनिका प्रखंड के जुंगुर में आंगनबाड़ी सेविका चयन में गड़बड़ी करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

# डीसी को आवेदन देकर बहाली रद्द करने का किया मांग

**खबर मंत्र संवाददाता**


जानकारी देती रिंकी कुमारी।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जुंगुर पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र-तीन पर सेविका चयन में भारी गड़बड़ी और पक्षपात करने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। वहीं जुंगुर पंचायत निवासी रिंकी कुमारी, पति नागेंद्र उरांव के द्वारा लातेहार समाहरणालय पहुँच उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को आवेदन देकर सेविका चयन प्रक्रिया को रद्द करने तथा निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया गया है। साथ ही उपायुक्त को दिए गए अपने आवेदन के माध्यम से रिंकी कुमारी ने बताया कि उन्होंने स्नातक तक की पढ़ाई की है। जबकि चयनित अभ्यर्थी चिंता देवी केवल मैट्रिक और इंटर तक शिक्षित हैं। वहीं नियमों के अनुसार अधिक योग्य अभ्यर्थी को वरीयता मिलनी चाहिए लेकिन इसके बावजूद चिंता देवी का चयन किया गया जो पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है। साथ ही रिंकी कुमारी ने आरोप लगाया है कि चिंता देवी के ससुर पूर्व में ग्राम प्रधान थे और ग्राम प्रधान के मृत्यु के बाद उनके पति ग्राम प्रधान थे और उनके पति के देहांत के बाद वर्तमान में चिंता देवी को ग्राम प्रधान बनाया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीडीपीओ, सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से यह चयन प्रक्रिया मनमाने ढंग से पूरी की गई है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस चयन प्रक्रिया को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वार्ड सभा के नाम पर अभ्यर्थियों को बुलाया तो जाता है। लेकिन चयन पहले से ही सीडीपीओ कार्यालय द्वारा तय कर लिया जाता है। जिससे योग्य उम्मीदवारों के साथ धोखा होता है। वहीं रिंकी कुमारी ने इस संबंध में पत्रकारों से बात करते हुए कहा की यदि सीडीपीओ को अपनी मर्जी से ही चयन करना था तो ग्राम सभा बुलाने की क्या जरूरत थी। साथ ही ग्रामीणों का आरोप है कि पूरी चयन प्रक्रिया नियमों को दरकिनार कर, पक्षपातपूर्ण ढंग से संपन्न की गई है। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस प्रक्रिया को तत्काल रद्द कर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पुनः चयन कराने की मांग की है। साथ ही रिंकी कुमारी ने दोषियों पर जांच कर सख्त कार्रवाई की भी मांग की है।

## उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, निदान को लेकर दिए कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश


जन सुनवाई करते उपायुक्त।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। आज के जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रोजगार, खाद्य बीज के लाइसेंस रिन्यूअल, संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर किया देवी मंडप मार्ग की मरम्मत


ग्रामीणों के द्वारा सड़क की मरम्मत करते हुए।

**चंदवा।** शहर से सटे देवी मंडप मुहल्ले को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्ग की मरम्मत ग्रामीणों ने श्रमदान कर किया। विगत कई वर्षों से उक्त सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों की समस्या पर समाधान न होता देख शुक्रवार को शिक्षक फौदार राम, सूरज कुमार यादव, रमेश राम की अगुवाई में ग्रामीणों ने खुद ही सड़क मरम्मत करने की बीड़ा उठाई व अर्थदान कर मिट्टी मोरम का प्रबंध किया व मार्ग पर बने गड्ढों को भरकर चलने योग्य रस्ता बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग की स्थिति काफी दयनीय है, जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन कई भारी वाहनों का प्रवेश भी होता है, जिस कारण ग्रामीणों पथ जर्जर हो गया है। प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण आवागमन करते हैं, हल्की बारिश के बाद सड़क पर बने गड्ढों में भारी जल जमाव हो जाती है। जिस वजह से पैदल चलने में भी काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने आगे कहा कि वर्ष 2014 में जब झारखंड में विधानसभा चुनाव था तब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवी मंडप स्थित बड़ा मैदान में जन सभा किया था, उस समय सड़क मरम्मत की गई थी, लेकिन उसके बाद किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। समस्या को उन्होंने कई बार जन प्रतिनिधियों के समक्ष रखा है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया है। जिस कारण बाध्य होकर उन्होंने खुद ही सड़क मरम्मत करने का बीड़ा उठाया। श्रमदान करने वालों में अनिल कुमार, राधा देवी, पूजा देवी, शांति देवी, कलावती देवी, अनिल उरांव, सुखदेव भगत, छोटू नायक, विजय कुमार रजक, संदीप कुमार, वैभव कुमार समेत अन्य श्रमदान करने वाले में देवी मंडप के दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।

# गोड्डा : किसानों की फसल और आजीविका पर संकट अदानी पावर प्लांट का जहरीला पानी बना आफत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिले में अदानी पावर प्लांट से निकलने वाला दूषित और जहरीला पानी स्थानीय किसानों के लिए अभिशाप बन गया है। वहीं गुरुवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव और युवा प्रदेश सचिव विकास सिंह ने पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव की अनुपस्थिति में दरघट्टी गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रभावित किसानों से मुलाकात की। यह क्षेत्र, जिसमें दंत, दरघटी, बिरनिया, पड़रा, रमला और ढोढरी जैसे गांव शामिल हैं, प्लांट से निकलने वाले जहरीले पानी के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। सैकड़ों किसानों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि प्लांट से निकलने वाला केमिकल युक्त दूषित पानी उनकी फसलों को पूरी तरह नष्ट कर रहा है। यह पानी न केवल खेतों को बंजर बना रहा है, बल्कि नदियों और नालों को भी प्रदूषित कर रहा है। किसानों का कहना है कि यह पानी अब पशुओं के लिए भी पीने योग्य नहीं रहा, जिससे उनकी आजीविका और पशुपालन दोनों पर संकट मंडरा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि अदानी पावर प्लांट प्रबंधन मनमाने तरीके से दूषित पानी को आसपास के क्षेत्रों में छोड़ रहा है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय समुदाय को गंभीर नुकसान हो रहा है। किसानों ने सवाल उठाया कि जब उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचेगा, तो वे क्या करेंगे? उनकी मांग है कि प्लांट प्रबंधन इस समस्या का तत्काल समाधान करे और दूषित पानी के निपटान के लिए उचित प्रबंधन सुनिश्चित करे। कांग्रेस नेताओं ने किसानों को आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को विधानसभा और अन्य मंचों पर जोर-शोर से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा और इस पर्यावरणीय आपदा के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। यह स्थिति न केवल किसानों की आजीविका के लिए खतरा है, बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर चुनौती बन चुकी है।

# ईएसएल स्टील ने नंदघर, बांधडीह में माहवारी स्वच्छता जागरूकता सत्र का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड ने नंदघर बांधडीह में एक विशेष माहवारी स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी जरूरी जानकारी देना स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में 60 से अधिक महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मासिक धर्म जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की और सक्रिय रूप से अपनी जिज्ञासाएं साझा की। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज में अब इस महत्वपूर्ण विषय पर संवाद की आवश्यकता को समझा जा रहा है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनाक्षी सभरवाल मुख्य गुणवत्ता अधिकारी ईएसएल स्टील लिमिटेड रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा-मासिक धर्म स्वच्छता केवल स्वास्थ्य से जुड़ा विषय नहीं है बल्कि यह सम्मान और सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है। इस जागरूकता सत्र के जरिए हमारा उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और मासिक धर्म के अनुकूल समाज के निर्माण की दिशा में योगदान देना है। सत्र में सरकारी स्वास्थ्य टीम की काउंसलर आभा कुमारी ने मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता-व्यवहार और मिथकों पर खुलकर बात की। सत्र के समापन पर उपस्थित सभी महिलाओं और किशोरियों को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए ताकि वे स्वच्छता बनाए रखने के लिए सही संसाधनों का उपयोग कर सकें।

## एक नजर में

### बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष ने डीसी और एसपी को बुके देकर स्वागत किया





बेरमो। बोकारो जिला परिषद की अध्यक्ष सुनीता देवी बोकारो जिला के नवनियुक्त जिला दंडाधिकारी सह डीसी बोकारो अजय नाथ झा को कार्यालय में मिलकर अपनी ओर एवं बोकारो जिला ग्रामीण क्षेत्र सह पंचायतीराज की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं साथ ही अवगत कराई की गोमिया प्रखंड सहित बोकारो जिला सभी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज करने की आवश्यकता है। इसके तत्पश्चात बोकारो जिला के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह को भी बोकारो जिला में स्वागत एवं बुके देकर शुभकामनाएं दी। साथ में उपस्थित रहे समाजसेवी चितरंजन साव विस्थापित नेता प्रदीप महतो एवं कमल सिन्हा।

### नवनियुक्त एसपी और डीसी से मिल बीएमएस के पदाधिकारियों ने दी बधाई व शुभकामना



बेरमो। बोकारो जिला के नवनियुक्ति पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह एवं बोकारो नवनियुक्ति डीसी अजय नाथ झा को भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला मंत्री ललन कुमार मल्लाह जितेंद्र तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश राय मुलाकात किए और उन्हें पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के नए पुलिस अधीक्षक बनाए जाने पर पुष्पगुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उनका ध्यान आकृष्ट किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी समस्याओं का समाधान करने कि पहल शुरूआत कि गई है, आप सभी किसी भी प्रकार कि कोई भी समस्या का परेशानी झेल रहे हैं तो हमें फोन पर संपर्क कर सूचना देने का सहयोग बनाएं ताकि पुलिस आप सभी कि सूचना के आधार पर मौके पर पहुंच कर आपकी सुविधाओं का समाधान करने कि पहल कर सके।

### बेरमो : सीसीएल कर्मी के मृत्यु के बाद पुत्र को मिला प्रोविजनल नियुक्ति पत्र



बेरमो। शुक्रवार को सीसीएल ढ़ोरी के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना मे कार्यरत और जवाहर नगर निवासी सह इपी फिटर गणेश बीपी के निधन के बाद मृतक के पुत्र सूरज कुमार को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र अमलो प्रबंधन ने दिया। साथ ही साथ सीसीईबीएफएस का चेक 1 लाख 25 हजार का चेक मृतक के पत्नी लक्ष्मी देवी को दिया और कहा कि एलसीएस का 1 लाख 56 हजार 250 का आरटीजीएस किया गया। विदित को कि मृतक गणेश बीपी को एएडीओसीएम परियोजना मे 21 मई मंगलवार को कार्य के दौरान पैरालिसिस मार दिया था। जिसे तत्काल केंद्रीय अस्पताल ढ़ोरी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर अशर्फी अस्पताल धनबाद रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा था। मगर सोमवार को उसकी ज्यादा तबीयत खराब हो गई और मौत हो गई। वह अपने पीछे अपनी पत्नी सहित एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गया है। उसकी मृत्यु के बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने उसके नियोजन की मांग को लेकर प्रबंधन से वार्ता की थी। इस अवसर पर कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिंहा सहित कर्मचारीगण मे गणेश निषाद, धीरज पांडेय, मोहम्मद जूनैद, राकेश सिंह आदि मौजूद थे।

### संप्रेषण गृह की दीवार फांदकर बाल बंदी फरार

दुमका। जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हिजला रोड स्थित संप्रेषण गृह सह बाल सुधार गृह से गुरुवार की देर शाम करीब आठ बजे गोडडा का बाल बंदी विकास कुमार दीवार फांदकर फरार हो गया। गृहपति ने खाना खिलाने के बाद बाल बंदियों की गिनती की तो उसके भागने की बात सामने आई। शुक्रवार को गृह की प्रभारी सह सामाजिक सुरक्षा कोषांग के उपनिदेशक और पुलिस उपाधीक्षक ने जाकर मामले की जांच की। पुलिस मामला दर्ज कर बाल बंदी की तलाश कर रही है। गोडडा के महागामा थाना क्षेत्र के श्रीमतपुर गांव के विकास कुमार को इसी साल प्रेम प्रसंग में किशोरी के अपहरण में बाल सुधार लाया गया था। गुरुवार की दोपहर सभी बाल बंदियों ने एक साथ खाना खाया। रात करीब आठ बजे शाम का खाना खाने के बाद सभी बंदी अपने कमरे में चले गए। गृहपति अब्दुल गफ्फार ने बच्चों की गिनती की तो उसमें एक कम निकला। इसके बाद सुधार गृह में हड़कंप मच गया। जांच में पता चला कि विकास कुमार नहीं है। सुबह सूचना मिलने के बाद प्रभारी निदेशक सुचिता किरण भगत गृह पहुंचे और पूछताछ की। उन्होंने स्वीकार किया कि गोडडा का एक बाल बंदी भाग गया है। वह किसकी लापरवाही से भागा है, इसकी जांच कराई जा रही है। शुक्रवार को मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस उपाधीक्षक इकुड डुंगडुंग भी जांच में जुट गए है।

### सीसीएल ढ़ोरी मे गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर शर्बत का वितरण



बेरमो ।सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के सौजन्य से महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार के समीप मे श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर चना,गुड़ और ठंडा मीठा शरबत का वितरण किया गया। जीएम रंजय सिंहा ने शुरूआत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान और सेवा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का एक तरीका है। सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपनी सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों को भी निभाता है। यह कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में, सतत संसाधन खपत के लिए विभिन्न प्रयास कर रहा है। इस दौरान लोगों को श्रद्धाभाव से चना एवं शरबत का वितरण किया गया। हरेक आने-जाने वाले लोगों को रोककर शराबत एवं चना का वितरण किया गया। जबकि गर्मी परेशान राहगीरो खुद रुककर चना एवं शराबत का आनंद लिया। क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी सह कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया ।इस अवसर पर क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिंहा सहित यूनियन नेता आर उनेश, धीरज पाण्डेय, विनय सिंह, भीम महतो, विश्वनाथ रजवार, निर्मल नायक ,अरुण कुमार, सिलचंद जी, अरविंद कुमार, उमाशंकर महतो, मानिक दिगार, कृपाल सिंह, मुकेश शर्मा, दीपक कुमार, जितेंद्र रंजन,गब्बर सिंह, शिवानी चक्रवर्ती, शीला कुमारी, रीता कुमारी, अनिता आदि उपस्थित हुए।

### तेरा कीआ मीठा लागै, हरि नाम पदारथ नानक मांगे



बेरमो/जारंगडीह। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु अर्जून देव जी का 419 वां शहादत दिवस मनाया गया। जारंगडीह गुरुद्वारा में सुखमणि साहिब का पाठ हुआ विशन और अरदास हुआ उसके बाद जारंगडीह मुख्य पथ पर सैकड़ो राहगीरों के बीच चना और ठंडे जल तथा शरबत का वितरण किया गया। जारंगडीह गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदूल सिंह व कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी को 1606 में मुगल बादशाह जहांगीर के आदेश पर शहीद कर दिया गया था। सिखों द्वारा छविल लगाकर गुरु जी की शहादत सम्मान किया जाता है। छबील को सिख समुदाय में दूसरे की सेवा और दया के प्रति के रूप में देखा जाता है। लोक कथाओं के अनुसार मुगलों के आदेशों को अस्वीकार करने पर उन्हें दंडित किया गया था। उन्हें एक जलते हुए लोहे के तवे पर बिठाकर गर्म रेत डाली गई फिर भी गुरु अर्जुन देव जी अपने सिद्धांतों पर अड़े रहे और इस्लाम धर्म अपनाने से इनकार कर दिया तब से गुरुदेव जी की बहादुरी दृढ़ता और आशावाद का सम्मान करने के लिए हर साल छबील लगाई जाती है। मौके पर राजकुमार, तार सिंह, रॉकी, राहुल, नरेंद्र, सीटू करण, राज, अमरदीप, रणदीप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### केरी में मनाया गया शहीद रामदास सोरेन का 28वां शहादत दिवस, दी गयी श्रद्धांजलि



बेरमो/ललपनिया ।गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत केरी चौक स्थित शहीद रामदास सोरेन स्मारक समिति के तत्वावधानमें झारखंड आंदोलनकारी शहीद रामदास सोरेन की 28वां शहादत दिवस मनाया गया। मंत्री योगेन्द्र प्रसाद की धर्मपत्नी सह गोमिया की पुर्वविधायक बबीता देवी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने शहीद रामदास सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रख शहीद स्व सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ने शहीद स्व. सोरेन के परिजनों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बबीता देवी ने कहा कि जुल्म और शोषण के खिलाफ स्व रामदास सोरेन का सामाजिक योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा। अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में शहीद स्व रामदास सोरेन के योगदान की चर्चा क्षेत्र में हमेशा होती है ।इस मौके पर समिति द्वारा मुख्य अतिथि माननीय पूर्व विधायक का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में झामुमो गोमिया प्रखंड अध्यक्ष लुदु मांझी, मुखिया बबलू हेम्ब्रम, अनिल हांसदा, मितोन सोरेन, श्यामदेव सोरेन के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### आइजी शैलेंद्र सिन्हा ने किया पदभार ग्रहण




दुमका। संताल परगना प्रमंडल के नए आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा शुक्रवार को योगदान किया। इससे पूर्व आइजी सिन्हा ने बाबा बासुकीनाथ मंदिर में वैदिक मंत्रोउच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती किया। इस अवसर पर राजकीय श्रावणी मेला को लेकर विधि-व्यवस्था एवं विभिन्न तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन जानकारी लिया। इसके बाद पद पर योगदान कर प्रमंडल में बेहतर पुलिसिंग से कानून व्यवस्था लागू करने के प्रति प्रतिबद्धता जताया। उन्होंने साईबर अपराध, महिला अपराध समेत विभिन्न मुद्दों पर कानून का राज स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को आम लोगों से मित्रवत व्यवहार का अपील करते हुए कर्त्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कर्त्तव्यों का निर्वहन का अपील किया।

### अपराधी छोटू यादव को पुलिस ने हथियार के साथ दबोचा, गया जेल

दुमका। हथियार के बल पर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले शातिर अपराधी को सरैयाहाट पुलिस पिस्तौल के साथ धर दबोचने में कामयाब हुई। गिरफ्तार अपराधी थाना क्षेत्र के जोकेला गांव निवासी ललिकांत कुमार उर्फ छोटू यादव है। पुलिस अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस बावत एसडीपीओ अमित कश्छप ने बताया कि छोटू यादव पर एक दिन पूर्व ही थाना क्षेत्र के लोहमड़वा गांव निवासी बासुदेव यादव ने मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया था कि 25 मई को सदलपुर काली मंडप के समीप आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ उसकी बाईक रोक छिनतई का प्रयास किया था। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने गोली चला दी थी। गोली चलने की वजह से वे काफी डर गए थे। और डर से घटना वाले दिन थाना भी नहीं पहुंचे। बीते 29 मई को जब वादी ने थाना में आवेदन दिया तो पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। घटनास्थल पर निरीक्षण किया गया तो वहां से एक खाली खोखा बरामद हुआ। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ जरमुंडी अमित कश्छप के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान आरोपी छोटू यादव को ढोलगढ़िया पुल के समीप घटना में प्रयुक्त बाईक और हथियार के साथ धर दबोचने में पुलिस सफल रही।

### नगर विकास समिति ने अपर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बोकारो। नगर विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना के नेतृत्व में चास नगर निगम के अपर आयुक्त संजीव कुमार से मुलाकात की और क्षेत्र की 12 प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पिछले पांच वर्षों से चास नगर निगम की निर्वाचित इकाई भंग है-जिससे आमजन को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के प्रमुख मुद्दों में श्रृंगारी जोरिया, गरगा नदी एवं तालाबों की अतिक्रमण मुक्त सफाई सीवरेज जल के खुले प्रवाह पर रोक पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत सब्जी बाजारों का व्यवस्थित करण होल्डिंग टैक्स वसूली में पारदर्शिता कचरा प्रबंधन ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र प्रक्रिया में सुधार निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी व बिजली के खंभे और स्ट्रीट लाइट की मरम्मत शामिल हैं। अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए 4 जून को संबंधित विभागों और समिति के साथ बिंदुवार चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाएगा।

### दुमका : फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल का डीसी ने लिया जायजा

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले: अभिजीत सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर शुक्रवार को डीसी अभिजीत सिन्हा ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल के जांच घर, मातृ शिशु अस्पताल, सर्जरी, फामेर्सी, ऑपरेशन कक्ष, एसएनसीयू कक्ष, चाइल्ड वार्ड और अन्य संबंधित विभागों का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने सिविल सर्जन को मरीजों के परिजनों के बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, गर्मी को देखते हुए पंखा भी लगवाए। डीसी ने शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों से मरीजों के बेहतर ढंग से इलाज करने के निर्देश भी दिए। अस्पताल प्रबंधक को पूरे अस्पताल की रूप रेखा मैप के माध्यम से दशार्ने का निर्देश दिया। कहा कि पूरे अस्पताल परिसर में माइकिंग सिस्टम अधिष्ठापित करें ताकि कोई जानकारी सभी लोगों से साथ साझा की जा सके। इमरजेंसी वार्ड पहुंचने के लिए बड़े साइनेज लगवाए ताकि समय बचाते हुए मरीज को सीधा इमरजेंसी वार्ड में लाया जा सके। जहां तक एम्बुलेंस पहुंचती है उस जगह पर पांच ट्राली और व्हील चेयर हर समय मौजूद रहे। फामेर्सी में दवा की उपलब्धता हमेशा रहे यह सुनिश्चित कर लें। जीवन रक्षक दवाई की विशेष व्यवस्था रहे। इस दौरान भू अर्जन पदाधिकारी, पीजेएमसीएच के अधीक्षक, सिविल सर्जन, विभिन्न वार्ड के चिकित्सक आदि उपस्थित थे।

# सीडब्ल्यूसी ने भटके किशोर और किशोरी को परिवार से मिलवाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) दुमका ने बिहार के बांका जिला से भटक कर आये 16 साल के किशोर और दुमका जिले शिकारीपाड़ा से भटक कर गोपीकांदर चली गयी 16 वर्षीय किशोरी के परिवार को ढूढ निकाला है। शुक्रवार को समिति के सदस्य डॉ0 राज कुमार उपाध्याय ने किशोर को उसकी चाची और किशोरी को उसकी मां व नानी के हवाले कर दिया। डॉ उपाध्याय ने बताया कि रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के केस वर्कर पवन कुमार मंडल ने 24 अप्रैल को आरपीएफ द्वारा रेस्क्यू किये गये एक किशोर को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था जिसे एक आंख से धूधला दिखता था तो दूसरे आंख से नहीं दिखता था। इस किशोर ने अपना घर बिहार के बांका जिले के पंजावारा थाना अंतर्गत बताया। किशोर को श्री अमड़ा स्थित बालगृह (बालक) में आवासित करते हुए बांका के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी से सामाजिक जांच प्रतिवेदन (एसआईआर) मांगा गया। एसआईआर से पता चला चला कि किशोर के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और उसने जिसे माता-पिता बताया है वह उसके चाचा-चाची हैं। बालगृह के अधीक्षक संजु कुमार ने जब किशोर के दुमका में होने की जानकारी दी तो उसकी चाची उसे लेने दुमका आयी। समिति को दिये बयान में उसकी चाची ने बताया कि किशोर के पिता और उसकी गर्भवती मां की मृत्यु हो चुकी है। उसके एकमात्र भाई की भी मौत हो गयी है। पांच साल की उम्र से वह ही इस किशोर की देखभाल कर रही है। 2 अप्रैल को वह भोज खाने के लिए घर से निकला था पर वापस नहीं आया। बाद में सूचना मिली कि किशोर दुमका में है तो वह उसे लेने आयी है।

# दुमका : धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आज, सभी तैयारियां पूरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में आज आहूत होने वाली धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर दिसोम मांझी समिति की बैठक शुक्रवार को आयेजित हुई। बैठक की अध्यक्षता दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने किया। दिसोम मांझी बाबा टुडू ने कहा कि सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो गई है। जिले के विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों तक धार्मिक कार्यकता व प्रचार गाड़ी प्रतिदिन सुबह से शाम तक घूम रहे थे। इसके साथ धार्मिक कार्यकर्त्ताओं के द्वारा गांव स्तर पर मांझी बाबा व ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम शनिवार को 10 बजे से दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान में बोंगा-बुरु से शुरू होगी। शाम में 3 बजे दिसोम मांझी थान से रैली के रूप में आउटडोर स्टेडियम पहुंचेंगे। इसके बाद आउटडोर स्टेडियम में ही शाम के 5 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व विश्व प्रसिद्ध लेखक सह कथाकार गुरु बाबा सोमाय किस्कू का प्रवचन होना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संताली जगत के सुपर स्टार सिंगर सिंगराय सोरेन, डिगीर सोरेन, कल्पना हांसदा, बनाम राजा नारायण टुडू, कुनामी चांदों म्यूजिकल ग्रुप जामताड़ा समेत कई स्टार कलाकार शामिल रहेंगे। बैठक में चुंडा सोरेन सिपाही, सुरेशचंद्र सोरेन, टेकलाल मरांडी, राजीव बास्की, निलेश हांसदा, बीडी किस्कू, मोहन टुडू, अनिल बेसरा, राकेश मरांडी, ईमेल मरांडी, रामप्रसाद हांसदा, ब्राजेंद्र, निखिल मुर्मू, लवकिशोर टुडू, जयप्रकाश हेम्ब्रम आदि मौजूद रहे।

# मयुराक्षी नदी में दो मौसेरी बहनों की डूबने से मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



### पहली बार नदी में नहाने गयी थी तीनों बहने

घरवालों की माने तो उमा के माता पिता उसे गांव छोड़कर घूमने के लिए चले गए। दोपहर को उमा अपने मौसेरी बहन पूजा और मामा की बेटी आस्था के साथ नहाने के लिए पहले तालाब की ओर गई। उनके साथ घर के कुछ युवा भी दे। तालाब पहुंचने के बाद तीनों ने तालाब में नहाने का इरादा बदला और पास में बहती मयुरक्षी नदी में चली गई। नदी में पानी अधिक होने के कारण आस्था ने उतरने से मना कर दिया। उसके मना करने के बाद भी उमा और पूजा नदी में चली गई। अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण दोनों डूबने लगी तो आस्था ने शोर मचाया। तालाब में नहा रहे घर के युवाओं ने नदी में छलांग लगा दी और दोनों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। दोनों को मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। मौत के बाद घरवालों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। पूजा की मां चांदनी गोराई बेटी के शव के साथ लिपटकर रोती रही।

**दुमका।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के गंद्रकपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर मयुराक्षी नदी में नहाने गई तीन बहनों में से दो मौसेरी बहन 17 साल की पूजा गोराई और 19 साल की उमा कुमारी की डूब जाने से मौत हो गई। वहीं मामा की लड़की आस्था बच गई। आस्था के शोर मचाने पर नदी के समीप तालाब में नहा रहे घर के अन्य युवकों ने दोनों को बाहर निकाला और जांच के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सक ने दोनों बहनों को मृत घोषित कर दिया। उमा रामगढ़ प्रखंड की रहने वाली थी और जमशेदपुर में शिक्षिका मां के साथ रहकर पार्ट वन की पढ़ाई कर रही थी। तीन दिन पहले माता पिता उसे मौसी की घर छोड़कर घूमने के लिए दार्जलिंग चले गए। पुलिस के लाख समझाने के बाद भी स्वजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए।

**इसी साल मैट्रिक में पूजा रही थी विद्यालय में अव्वल :** पूजा के पिता मंटू गोराई ने बताया कि बेटी पूजा चकलता मध्य विद्यालय की छात्रा थी। उसे इसी साल मैट्रिक में विद्यालय टाप किया था। वह आज तक नदी में नहाने के लिए नहीं गई। हो सकता है कि दो बहनों के साथ मिलने पर चली गई हो। वहीं बच निकली आस्था के पिता गौतम गोराई ने बताया कि आस्था को पानी से बहुत डर लगता है, इसलिए वह पानी में नहीं उतरी। दुख की बात है कि उसके सामने ही दोनों बहनों की जान चली गई।

# सुरक्षित उत्पादन व मजदूरों का वेलफेयर प्राथमिकता: झा

खबर मन्त्र संवाददाता

### आरसीएमयू का प्रतिनिधिमंडल परियोजना पदाधिकारी से मिला



**बेरमो।** कथारा कोलियरी सीसीएल के अन्य कोलियरी से सबसे गहरा माइंस के नाम से जाना जाता है। कार्य की जटिलता और डीप माइंस में सुरक्षित उत्पादन और लक्ष्य की प्राप्ति के साथ टीम वर्क के तहत समस्त कार्यों का निष्पादन करने की प्राथमिकता होगी।

उक्त बात कथारा कोलियरी के नए पदाधिकारी शंभू नाथ झा ने आर सी एम यू के प्रतिनिधि मंडल को जानकारी देते हुए कहा वर्ष 2025, के उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करने के बाद ही पूरा किया जा सकता है। आने वाला दिन उत्पादन और वेलफेयर के मामले मे कथारा अपना इतिहास रचेगा। पिछले वर्ष का भी उत्पादन अच्छा रहा। यूनियन के द्वारा परियोजना पदाधिकारी का स्वागत करते हुए संक्षिप्त वार्ता में लंबित पड़े समस्याओं की ओर भी नई परियोजना पदाधिकारी का ध्यान आकर्षण कराया गया। जिसमें श्रमिकों का पदोन्नति आवास और कॉलोनी का रखरखाव लंबित पड़े मजदूरों का एरिया का भुगतान कॉलोनी में लाइटिंग की व्यवस्था कार्यस्थल पर पेयजल मुहैया कराने सहित उन मुद्दों पर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश शर्मा चंद्रशेखर क्षेत्रीय सहायक सचिव आशीष चक्रवर्ती परियोजना के सहायक सचिव सूर्यकांत त्रिपाठी देवाशीष आश वेदव्यास चौबे हरिहर नोनिया अर्जुन चौहान शिवदत्त नुनिया मोहम्मद अंसारी संतोष सिन्हा जीतन कमार कौशिक दत्ता आदित्य उपाध्याय पिंटू नागेश्वर नोनिया भिखम कुमार संदीप रवानी महेश्वर मांझी बिंदु चंद हेंब्रम राहुल सिंह दीपक सिंह सरवन द्वारिका मनोज, वीरेंद्र, बीजू राम शशि कुमार रोज मोहम्मद सहित अन्य शामिल थे।

# बोकारो सेक्टर-4 के 43 दुकानों में हुई छापामारी, वसूला जुर्माना




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद के निर्देशन में सेक्टर 4 थाना क्षेत्र में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 43 दुकानों की जांच की गई। कुल 9 दुकानों से अर्थदण्ड के रूप में कुल 1620 रुपए की वसूली की गई। मौके पर छापामारी दल के सदस्य औषधी निरीक्षक पुतली विलुंग, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ श्वेता अमृता लकड़ा एवं जिला परामर्शी मो असलम शामिल थे। छापेमारी के दौरान सभी दुकानों में ई-सिगरेट की उपलब्धता की जांच की गई। औषधि निरीक्षक पुतली विलुंग ने बताया कि सेक्टर-4 थाना क्षेत्र में चल रहे कोचिंग सेन्टर व स्कूल के आस पास जितनी भी दुकानें हैं। उन सभी दुकानों में ई-सिगरेट की उपलब्धता की जांच की गई। डॉ श्वेता अमृता लकड़ा द्वारा सभी दुकानदारों को खाद्य सामग्री बेचने हेतु लाईसेन्स लेने को कहा गया।

स्पीड न्यूज

## 'दुश्मन कहीं भी हो हौंक दिया जायेगा'

**कानपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार यूपी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर से पाकिस्तान को ललकारा और कनपुरिया स्टाइल में ही समझाने की कोशिश की। पीएम मोदी ने कहा कि दुश्मन कहीं भी हो हौंक दिया जाएगा। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत पहलगाम में मारे गए शुभम द्विवेदी को याद करते हुए की। कहा कि पहलगाम हमले के कारण ही मेरा कानपुर दौरा एक बार टालना पड़ा था। इस कायराना हमले में कानपुर के लाल शुभम का निधन हुआ है। इस हमले के बाद सेना का पराक्रम पूरी दुनिया ने देखा है। हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकाने तबाह कर दिए। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ाकर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।

## मुक्तसर में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट पांच मरे, 25 घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुक्तसर साहिब में स्थित पटाखा फैक्टरी में गुरुवार रात को हुए विस्फोट में पांच कारीगरों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। घायलों के निकटवर्ती अस्पतालों और बठिंडा एम्स में भर्ती कराया गया। विस्फोट से पूरी इमारत ध्वस्त हो गई। दो व्यक्ति लापता बताए जा रहे हैं। रात करीब डेढ़ बजे मेकिंग यूनिट में जोरदार विस्फोट होने से दो मंजिला इमारत ढह गई।

## अंकिता हत्याकांड में तीन को उम्रकैद

**कोटद्वार।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में आखिरकार अदालत ने शुक्रवार को सजा का एलान करते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनायी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्या के पुत्र एवं ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 354 के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को साक्ष्य मिटाने के मामले में उम्रकैद की सजा सुनायी है।

## मुंबई पुलिस को मिलेगा डिजिटल आईडी कार्ड

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को जल्द ही डिजिटल आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल करके डिजिटल अरेस्ट जैसी होने वाली घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। मुंबई पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि राज्य सरकार ने मुंबई पुलिस के लिए सुरक्षित और प्रौद्योगिकी-सक्षम आईडी कार्ड जारी करने के अपने प्रमुख प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दे दी है।

## मोदी को धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाला युवक समीर रंजन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी हृदय कांत ने शुक्रवार को बताया कि मोदी के पटना आगमन के पहले व्हाट्सऐप मैसेज से पीएमओ को मोदी को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद खुफिया एजेंसी के अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी दी। व्हाट्सऐप नंबर की जांच तकनीकी सेल ने की। इस दौरान उक्त नंबर वृद्ध मंटू चौधरी के नाम से निकलने के बाद इसे गिरफ्तार किया।

## वाशिंगटन : गोलीबारी में सात लोग घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में वाशिंगटन के टैकोमा के उपनगर हैरी टॉड पार्क में गोलीबारी में सात लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी के समय पार्क में 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

# 6-7 घंटे में होगा रांची से वाराणसी का सफर

## प्रधानमंत्री ने 48,520 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

- वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस-वे का किया शिलान्यास, 35000 करोड़ रुपये से होगा निर्माण
- झारखंड के पांच जिलों से गुजरेगा एक्सप्रेस-वे
- पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड फोरलेन का भी रखी आधारशिला
- नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना-2 का शिलान्यास
- पटना-गया-डोभी फोरलेन रोड का किया उद्घाटन



बिक्रमगंज में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिक्रमगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 48,520 करोड़ रुपये से अधिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें वाराणसी-रांची-कोलकाता (एनएच-319बी) नेशनल हाईवे भी शामिल है, जो रांची को वाराणसी से जोड़ेगी। यह नेशनल हाईवे यूपी के वाराणसी से शुरू होगा, जो बिहार के चार और झारखंड के पांच जिलों को कवर करते हुए पश्चिम बंगाल के चार जिलों में प्रवेश करेगा। इसके बाद नेशनल हाईवे-19 से मिल जायेगा।

वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड सिक्सलेन एक्सप्रेस वे झारखंड के पांच जिलों से गुजरेगा। इनमें चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, रांची और बोकारो शामिल है। एक्सप्रेस वे चंदौली स्थित बरहुली गांव से होकर बिहार में प्रवेश करने के बाद कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले से होते हुए झारखंड में प्रवेश करेगा। फिर, बोकारो होते हुए पश्चिम बंगाल में प्रवेश करेगा। यहां एक्सप्रेस वे बंगाल के पुरुलिया, बांकुड़ा और आरामबाग से होकर उलुबेरिया में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 में मिल जायेगा। रांची से वाराणसी की दूरी 427 किलोमीटर है। करीब नौ घंटा से अधिक समय लगता है। नये एक्सप्रेस-वे बनने से 6 से 7 घंटे में सफर कर सकेंगे। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत 35000 करोड़ से इस परियोजना कार्य का विकास होगा। इस 6 लेन वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सेस कंट्रोल ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड को एक सड़क के जरिये जोड़ने के लिए किया जा रहा है। इससे व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रोजेक्ट से न केवल रोड कनेक्टिविटी बढ़ेगी, बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस वे परियोजना का 22 किमी का हिस्सा यूपी, 159 किमी हिस्सा बिहार, 187 किमी हिस्सा झारखंड और सबसे ज्यादा 242 किमी लंबाई का हिस्सा पश्चिम बंगाल में होगा। इसके लिए कुल ₹10,000 करोड़ खर्च कर जमीन अधिग्रहण किये जाने का अनुमान है, जिससे किसानों को बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए 35000 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान लगाया गया है। इसके पहले पैकेज में 994.3 करोड़ रुपये की लागत से 27 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जायेगा। जबकि, दूसरे पैकेज में भी 27 किमी सड़क का ही निर्माण होगा, जिसके निर्माण में 851 करोड़ की लागत आयेगी।

**औरंगाबाद को सुपर थर्मल पावर का तोहफा :** प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए औरंगाबाद जिले में 29,930 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, चरण-2 (3 गुणा 800 मेगावाट) की आधारशिला रखी। इस योजना का उद्देश्य बिहार और पूर्वी भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र में सस्ती बिजली उपलब्ध होगी।

श्री मोदी ने क्षेत्र में सड़क अवसंरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एनएच-119ए के पटना-आरा-सासाराम खंड को चार लेन का बनाने, छह लेन का बनाने और बक्सर और भरौली के बीच एक नए गंगा पुल के निर्माण सहित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने करीब 5,520 करोड़ रुपये लागत वाले एनएच-22 के पटना-गया-डोभी फोरलेन रोड का उद्घाटन किया। इसके अलावा एनएच-27 पर गोपालगंज में एलिवेटेड हाईवे के चार लेन के निर्माण और ग्रेड सुधार का भी उद्घाटन किया। सोन नगर-मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की।

# राम के कुल की रीति, प्राण जाए पर वचन न जाई :मोदी

- जो वचन एक बार दे दिया वो पूरा होकर ही रहता है
- नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रगति कर रहा है बिहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार की धरती से आतंकवादियों को कल्पना से परे की सजा भुगतने की चेतावनी देकर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपना वादा पूरा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रदेशवासियों को भगवान राम के कुल की रीति की याद दिलाते हुए कहा कि लोग जानते हैं भगवान राम और उनके कुल की रीति क्या थी, प्राण जाए पर वचन न जाई यानी जो वचन एक बार दे दिया वो पूरा होकर ही रहता है। मोदी ने बिहार में करीब चार माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में करीब 48 हजार करोड़ रुपये की परियाजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोग जानते हैं भगवान राम और उनके कुल की रीति क्या थी प्राण जाए पर वचन न जाई यानी जो वचन एक बार दे दिया वो पूरा होकर रहकर ही रहता है। प्रभु श्रीराम की यह रीति अब नए भारत की नीति बन गई है।

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री कुमार की अगुवाई में जब जंगलराज वाली सरकार की विदाई हुई तो बिहार भी प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने लगा। टूटे राजमार्ग, खराब रेलवे, गिनी-चुनी फ्लाइट कनेक्टिविटी वह दौर अब इतिहास बन चुका है, पीछे छूट रहा है। कभी बिहार में एक ही हवाईअड्डा पटना में था लेकिन आज दरभंगा हवाईअड्डा भी शुरू हो गया है। अब यहां से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों के लिए विमान मिलते हैं। बिहार के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि पटना हवाईअड्डे के टर्मिनल को आधुनिक बनाया जाए। अब यह मांग भी पूरी हो गई है।

# 15 नर्सों को मिला फ्लोरेंस राष्ट्रीय नाइटिंगेल पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया।

पुरस्कृत नर्सों में एएनएम वर्ग में अंडमान निकोबार की रेवा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी और महाराष्ट्र की सुजाता अशोक बागुल, एलएचवी वर्ग में असम की बीना पानी डेका, नर्स वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की किजुम सोरा कारगा, दिल्ली की डिम्पल अरोड़ा और मेजर जनरल शीना पी डी, कर्नाटक की डॉ बानू एमआर,



मणिपुर की लीमापोकपम रंजीता देवी, मिजोरम की वी लालमंगई, पुडुचेरी की एलएस मणिमोझी, तमिलनाडु की अलामेलु मंगयारकरसी और पश्चिम बंगाल की डॉली बिस्वास शामिल हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर से सबूत गैंग खुश नहीं : भाजपा



**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जयराम रमेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी घिरते नजर आ रहे हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि पहले दिन से राहुल गांधी, जयराम रमेश और उनके लोगों ने सेना, भारत के शौर्य पर सवाल उठाया, ये सबूत गैंग खुश नहीं है। पात्रा शुक्रवार को नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जयराम रमेश ने कहा कि यहां आतंकवादी घूम रहे हैं, वहां सांसद घूम रहे हैं। रमेश ने सांसदों और आतंकवादियों को एक समान कर दिया। सांसद घूमने नहीं गए हैं, वे भारत के पक्ष को विश्व के सामने रखने गए हैं, उसमें आपके भी सांसद हैं।

# पाकिस्तान अगर बातचीत के लिए गंभीर है तो हाफिज व मसूद को भारत को सौंपे : राजनाथ

## केवल आतंकवाद और पीओके पर होगी बातचीत

एजेंसी

**पणजी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पाकिस्तान से कहा कि अगर वह भारत के साथ बातचीत के लिए गंभीर है तो उसे हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को भारत को सौंप देना चाहिए। सिंह ने गोवा तट पर भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर अधिकारियों और नौसैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान बातचीत के लिए गंभीर है तो उसे हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को भारत को सौंपना होगा, ताकि न्याय हो सके। ये दोनों न केवल भारत की मोस्ट वांटेड



आतंकवादियों की सूची में हैं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से नामित आतंकवादी भी हैं। मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को हाल ही में भारत लाया गया है। हाफिज सईद भी मुंबई हमलों का दोषी है और उसके अपराध के लिए न्याय होना चाहिए। पाकिस्तान की ओर से बार-बार बातचीत की पेशकश पर रक्षा मंत्री ने भारत के रुख को पुष्टि करते हुए कहा कि बातचीत केवल पाकिस्तान के कब्जे पीओके और आतंकवाद पर ही हो सकती है। पाकिस्तान को यह समझने की जरूरत है कि आजादी के बाद से वह जो खतरनाक आतंकवाद का खेल खेल रहा है, उसका समय खत्म हो चुका है। अब अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ कोई आतंकी कार्रवाई करता है तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे और हार का सामना करना पड़ेगा। भारत इसमें संकोच नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय नौसेना की भूमिका की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी धरती पर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया तो अरब सागर में नौसेना की आक्रामक तैनाती, समुद्री क्षेत्र में इसकी बेजोड़ जागरूकता और वर्चस्व ने पाकिस्तानी नौसेना को उसके अपने तटों तक सीमित कर दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के 96 घंटे के भीतर समुद्र में तैनात हमारे पश्चिमी बेड़े के जहाजों ने पश्चिमी और पूर्वी तट पर सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और टॉरपीडो की सफल फायरिंग की।

# नीट पीजी परीक्षा एक ही पाली कराएं

## दो पालियों में उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्टने मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025 दो की बजाय एक ही पाली में आयोजित कराने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता अदिति और अन्य की याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस नीट पीजी को आयोजित करने वाली संस्था 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित न करें, क्योंकि इससे उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि दो पालियों में परीक्षा होने से मनमानी होगी और सामान्यीकरण प्रक्रिया को नियमित तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं दो पालियों की परीक्षा में प्रश्नपत्र कभी भी एक ही कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि इस देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए देशभर में परीक्षा आयोजित करने वाली इस संस्था को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाए। अदालत ने कहा कि यदि अधिकारियों को लगता है कि वे परीक्षा केंद्रों की पहचान करने और 15 जून को परीक्षा आयोजित करने में सक्षम नहीं हैं तो वे परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पांच मई को अदालत ने एनबीई, एनएमसी और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था।

## खून व पानी एक साथ नहीं बह सकते : शाह

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित किया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते तथा पानी और और खून भी एक साथ नहीं बह सकते।

पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे श्री शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नागरिकों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका अधिक प्रभावी और सटीक तरीके से जवाब दिया जाएगा।



## राजतंत्र की वापसी को लेकर काठमांडू में प्रदर्शन जारी

**काठमांडू।** नेपाल में राजतंत्र की पुनर्स्थापना को लेकर शुरू हुआ प्रदर्शन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के नेतृत्व में काठमांडू के माइतीघर में प्रदर्शन किया गया। देश में गणतंत्र व्यवस्था के विरोध में आरपीपी का अनिश्चितकालीन प्रदर्शन शुरू हुआ है। गुरुवार को काठमांडू के रत्नपार्क में हुआ था। शुक्रवार को यह प्रदर्शन माइतीघर में हो रहा है। प्रदर्शन आरपीपी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन सहित सभी बड़े नेता शामिल हुए।

# चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी जीडीपी

## वृद्धि दर चार वर्ष में सबसे कम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने के बल पर वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुये दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार रखा, लेकिन यह वृद्धि दर चार वर्ष में सबसे कम है।

केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार अंतिम तिमाही जनवरी-मार्च में जीडीपी उम्मीद से बेहतर 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछली तीन तिमाहियों से अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम



तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी। दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़ों को संशोधित कर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है। मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर 10.8 रहने का अनुमान लगाया गया है।

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में नॉमिनल जीडीपी में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के वास्तविक जीडीपी के आंकड़े पिछले चार वर्ष में हालांकि सबसे कम है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत, 2022-23 में 7.6 प्रतिशत और 2023-24 में 9.2 प्रतिशत रही थी।

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान निर्माण क्षेत्र में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है। इसके बाद 'लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं' क्षेत्र में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर और 'वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं' क्षेत्र में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है।

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी या स्थिर कीमतों पर जीडीपी 51.35 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 47.82 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी या मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 88.18 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो 2023-24 की चौथी तिमाही के 79.61 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 10.8 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीवीए 45.76 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 42.86 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 6.8 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में नॉमिनल जीवीए 79.46 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 72.51 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 9.6 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी या स्थिर मूल्यों पर जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 में 187.97 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी के पहले संशोधित अनुमान 176.51 लाख करोड़ की तुलना में 6.5 प्रतिशत अधिक है।

